दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 323 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 18 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## पीएम मोदी ओमान पहुंचे, दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर होंगे हस्ताक्षर



जयपुर टाइम्स

**मस्कट (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में बुधवार को ओमान पहुंचे। दो दिवसीय प्रवास के दौरान पीएम मोदी ओमान के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत करेंगे। पीएम मोदी की उपस्थिति में आज दोनों देशों के बीच महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर होंगे। मस्कट पहुंचे पीएम मोदी का होटल में भारतवंशियों ने शानदार स्वागत किया। हवाई अड्डे पर ओमान के रक्षा मामलों के उप प्रधानमंत्री सैय्यद शिहाब बिन तारिक अल सईद ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। वहां प्रधानमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मोदी सुल्तान हैथम बिन तारिक के निमंत्रण पर ओमान पहुंचे हैं। खाड़ी देश की यह उनकी दूसरी यात्रा है और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। ओमान पहुंचे पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, मस्कट एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत के लिए ओमान के उप प्रधानमंत्री (रक्षा मामलों) सैय्यद शिहाब बिन तारिक अल सईद का बहुत-बहुत धन्यवाद। हमारी बहुत अच्छी बातचीत भी हुई, जिसमें हमने भारत-ओमान दोस्ती पर अपने विचार साझा किए। भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौते को पिछले शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) के रूप में आधिकारिक तौर पर नामित इस समझौते के लिए वार्ता नवंबर 2023 में औपचारिक रूप से शुरू हुई थी और बातचीत इस वर्ष संपन्न हुई।

## गाजा शांति योजना पर उलझे मुनीरः ट्रंप से रिश्ते क्यों दांव पर



जयपुर टाइम्स

**(एजेंसी)**पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के सामने बड़ी चुनौती पैदा हो गई है। यह समस्या पाकिस्तान में किसी विद्रोह या सरकारी फैसले की वजह से नहीं, बल्कि अब तक अमेरिका से अपने रिश्ते बेहतर करने की मुनीर की कोशिशों की वजह से ही बढ़ सकती है। दरअसल, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में इस्राइल-हमास के बीच संघर्ष विराम को स्थायी तौर पर लागू करने के लिए इस्लामिक देशों से गाजा में स्टेबिलाइजेशन फोर्स में योगदान देने की मांग की है। जिन देशों से यह मांग की गई है, उनमें एक हिस्सा पाकिस्तान का भी है। अमेरिका की यही मांग अब मुनीर के गले की फांस बन हो सकती है। बता दें कि आसिम मुनीर कुछ ही दिनों में अमेरिका का दौरा करने वाले हैं। वे यहां अमेरिकी राष्ट्रपति से भी मिलेंगे। ऐसे में गाजा शांति योजना को लेकर पाकिस्तान के योगदान को लेकर दोनों के बीच चर्चा तय मानी जा रही है। ट्रंप गाजा में शांति के लिए 20 बिंदुओं की योजना दे चुके हैं, जिसे संयुक्त राष्ट्र की तरफ से मंजूरी भी मिली है। ऐसे में ट्रंप से मुलाकात के दौरान आसिफ मुनीर को अपने फैसले के बारे में भी उन्हें बताना होगा।

## राहुल गांधी के खिलाफ केस की सुनवाई अब लखनऊ की अदालत में होगी



**लखनऊ(एजेंसी)** लखनऊ राहुल गांधी के खिलाफ रायबरेली में चल रहे एक मामले को लखनऊ ट्रांसफर किया जाएगा। अब इस मामले की सुनवाई लखनऊ की विशेष अदालत में होगी। इसके लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने बुधवार को सुनवाई के बाद आदेश दे दिया है। न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की एकल पीठ ने याची की स्थानांतरण अर्जी पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। दरअसल, भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता को लेकर सवाल उठाए हैं। उसके द्वारा दाखिल अपराधिक परिवाद पर सुनवाई रायबरेली की विशेष कोर्ट में चल रही है। इस पर शिशिर ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करके आग्रह किया था कि यह केस लखनऊ की विशेष अदालत में ट्रांसफर किया जाए क्योंकि उन्हें रायबरेली में उसकी जान को खतरा है। याचिकाकर्ता ने यह भी कहा था कि स्थानीय परिस्थितियों के कारण निष्पक्ष सुनवाई संभव नहीं हो पा रही है। वादी ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए हाईकोर्ट से ,रायबरेली की अदालत में चल रहे परिवाद को लखनऊ की विशेष अदालत में ट्रांसफर करने की गुहार की थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत, संगठन से जुड़े नेताओं को दिए आवश्यक दिशा निर्देश और टिप्स

## एसआईआर को लेकर भजनलाल शर्मा ने पार्टी जनों के साथ किया गहन मंथन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चुनाव आयोग की ओर से संपादित की जा रही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर पहले दिन से ही काफी गंभीर हैं क्योंकि आने वाले दिनों में नगर निकाय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव भी होने वाले हैं इसलिए प्रदेश की मतदाता सूची बिल्कुल पारदर्शक ढंग से तैयार की जाए इसके वे पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं के बिल्कुल संपर्क में भी हैं और समय-समय पर पिछले कुछ दिनों से संगठन से जुड़े नेताओं से बैठक का आयोजन करके चुनाव आयोग की ओर से तैयार की जा रही नई मतदाता सूची के कार्य पर कड़ी नजर भी रखना को कहा है वास्तविक



मतदाता का नाम मतदाता सूची में हो और मतदाता सूची से घुसपैठियों को हटाया जाए इसी विषय को ध्यान में रखते हुए उन्होंने बुधवार को भी प्रदेश भाजपा कार्यालय में एसआईआर अभियान से जुड़े भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के साथ प्रदेश भाजपा कार्यालय में काफी देर तक मंथन किया बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने उपस्थित पार्टी जनों को मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को लेकर आवश्यक टिप्स दिए इसके लिए पार्टी के बूथ स्तर तैनात पार्टी जनों को पूरी प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रखने को कहा है अभी चुनाव आयोग की ओर से कार्य पूरा नहीं हुआ है चुनाव आयोग की ओर से जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हुई है उन्हें नोटिस भी दिया जा रहा है और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए लोगों को एक और अवसर दिया जा रहा है लेकिन इसके लिए चुनाव आयोग की ओर से निर्धारित मापदंड और कार्य प्रक्रिया को नाम जुड़वाने वाले व्यक्ति को पूरा करना ही होगा इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा ने बुधवार की बैठक में पार्टी जनों से यही कहा कि अभी यह काम कुछ दिन और चलेगा इसलिए इस कार्य पर कड़ी निगरानी रखनी है उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अगर उनकी निगाह में कहीं भी किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी सामने आती है तो उसके बारे में तुरंत उपखंड अधिकारी जिला कलेक्टर इत्यादि अधिकारियों को बताएं इसके अलावा मुख्य निर्वाचन अधिकारी को भी कंप्लेंट करें कंप्लेंट करें और शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने में चुनाव आयोग का पूरा सहयोग भी करें जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश भाजपा के करीब 20 साल तक संगठन मंत्री रहे हैं इसलिए उन्हें पार्टी के संगठन से जुड़े कामों की बहुत ही अच्छी तरह से जानकारी हैं वह यह भी जानते हैं कि चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची के शुद्धिकरण का जो कार्य किया जा रहा है इस कार्य में अगर पार्टी के संगठन से जुड़े नेता कड़ी निगरानी रखेंगे तो इस बार बिल्कुल शुद्ध मतदाता सूची बनकर तैयार होगी जो लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है यही वजह है कि मुख्यमंत्री शर्मा पिछले कुछ दिनों से लगातार पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं के साथ बराबर मीटिंग कर रहे हैं मुख्यमंत्री शर्मा यह जानते हैं कि प्रदेश सरकार से ज्यादा भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेता प्रदेश सरकार के कार्यों को ठीक तरह से जनता के बीच लेकर जा सकते हैं क्योंकि पार्टी का कार्यकर्ता ही पब्लिक के बीच में रहता है और कार्यकर्ता की बात पर ही लोग ज्यादा विश्वास करते हैं इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा का मानना है कि एसआईआर की प्रक्रिया पर भी भाजपा के संगठन से जुड़े नेता कड़ी निगरानी रखेंगे तो गलत लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं होंगे अभी हाल ही में चुनाव आयोग की ओर से प्रदेश में 41 लाख 84 हजार लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने की बात कही गई है इसके बाद से ही कांग्रेस पार्टी के नेता कई तरह के सवाल खड़े कर रहे हैं इसलिए फील्ड में कांग्रेस पार्टी के नेताओं को करारा जवाब देने के लिए भारतीय जनता पार्टी संगठन से जुड़े नेताओं को आवश्यक दिशा निर्देश और टिप्स देकर उन्हें मजबूत कर रही है इसीलिए बुधवार को मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टीजनों से काफी देर तक मंथन किया।

## बहुचर्चित जल जीवन मिशन घोटाले में पांच लोग गिरफ्तार, विभाग का तत्कालीन लेखाधिकारी भी अरेस्ट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बहुचर्चित जल जीवन मिशन घोटाले में स्थित गड़बड़ी के आरोप में विशेष जांच दल की ओर से पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई है विशेष जांच दल की ओर से गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप में ठेकेदार फॉर्म मलिक मैनेजर और जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के तत्कालीन लेखाधिकारी को भी अरेस्ट किया है जानकारी के अनुसार राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो लगातार भ्रष्टाचार पर नकेल कसने को लेकर काम कर रहा है और गिरफ्तारियां भी की जा रही है एसीबी ने अब जल जीवन मिशन में चल रहे खेल को लेकर एक्शन लिया है एसीबी के विशेष जांच दल ने जल जीवन मिशन में कथित गड़बड़ी के मामले में पांच लोगों को अरेस्ट किया भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि ईसीबी की एसआईटी ने आरोपी गणपति ट्यूबवेल के प्रोपराइटर महेश कुमार मित्तल हेमंत मित्तल उर्फ गोलू श्याम ट्यूबवेल के उमेश कुमार शर्मा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तत्कालीन लेखाधिकारी गोपाल कुमावत और श्याम ट्यूबवेल के प्रोपराइटर पीयूष जैन को बुधवार को गिरफ्तार किया एसीबी के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में दर्ज मुकदमे के अनुसार फर्म श्याम ट्यूबवेल इसके प्रोपराइटर पदमचंद जैन व गणपति ट्यूबवेल तथा इसके प्रोपराइटर महेश कुमार मित्तल ने जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के अधिशासी अभियंता मायलाल सैनी खंड बहरोड सहायक अभियंता राकेश चौहान उपखंड नीमराणा और कनिष्ठ अभियंता प्रदीप कुमार उपखंड नीमराना से मिली भगत कर जल जीवन मिशन परियोजना में निविदा प्राप्त की थी जानकारी के अनुसार ऐसा आरोप है कि इन्होंने काम में अनियमित व घटिया कार्य कर मनमाने तरीके से मेजरमेंट बुक भरकर राजकोष से करोड़ों रुपए प्राप्त किया इन सभी लोगों की आपसी बातचीत ऐसी भी द्वारा रिकॉर्ड की गई है जिसमें उनकी मिली बात होने के साक्ष्यप मिले हैं आरोपियों की बातचीत से उनके द्वारा राजकोष से अनियमित का धनराशि प्राप्त करने और विभागीय अधिकारियों को रिश्वत देकर अनुचित निजी लाभ कमाने का पता चल गया है इस संदर्भ में जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने जोर देकर कहा कि जल जीवन मिशन योजना में नियम और कानून के अनुसार कार्य हो सभी तरह के मापदंड पूरे किए जाएं इसके लिए हमारी सरकार गंभीर है जल जीवन मिशन में चल रही जांच में अब तक करीब 300 से ज्यादा लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और कई ठेकेदारों को नोटिस भी दिए गए हैं उन्होंने कहा कि सरकार पूरी ईमानदारी और निष्ठा से इस योजना का संपादन करवा रही है

## मुख्य सचिव श्रीनिवास के बाद एक और कर्मठ आईएएस सिद्धार्थ महाजन आज जयपुर में करेंगे जॉइनिंग

### वर्ष 2021 में दिल्ली डेपुटेशन पर चले गए थे आज वापस लौट रहे राजस्थान

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास के बाद दिल्ली गए एक और कर्मठ भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सिद्धार्थ महाजन वापस आज राजस्थान लौट रहे हैं आज जयपुर में कार्मिक विभाग की ओर से उनकी जॉइनिंग की प्रक्रिया संपादित की जा रही है महाजन की राजस्थान में वापसी से निश्चित रूप से प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी को और संबल और मजबूती मिलेगी क्योंकि महाजन की गिनती भी कर्मठ और ईमानदार अधिकारियों में होती है महाजन पूर्व में जयपुर के जिला कलेक्टर भी रह चुके हैं इसके अलावा सवाई माधोपुर जोधपुर और अन्य जिलों के भी कलेक्टर रहे तथा राजस्थान में मेडिकल फाइनेंस सहित कई बड़े विभागों में उन्होंने कार्य करते हुए शानदार प्रदर्शन किया था महाजन 2003 बेच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं और 2021 में दिल्ली डेपुटेशन पर चले गए थे दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कार्यालय में जॉइंट सेक्रेटरी पद पर रहे इसके बाद कॉमर्स एंड इंडस्ट्री डिपार्टमेंट में संयुक्त सचिव पद पर इनकी नियुक्ति हुई आज वापस राजस्थान लौट रहे हैं



अब देखने वाली बात यह है कि प्रदेश सरकार की ओर से इन्हें कौन सी बड़ी जिम्मेदारी दी जाती है जानकारी के अनुसार सिद्धार्थ महाजन की पत्नी आकांक्षा महाजन इंडियन फॉरेस्ट सर्विस के अधिकारी हैं और जयपुर में ही पोस्टेड है दोनों ही पति-पत्नी काफी कर्मठ अधिकारी माने जाते हैं कहा जा रहा है कि महाजन को भजनलाल सरकार में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है क्योंकि महाजन की कार्यशैली उनके काम करने के प्रति निष्ठा और उनकी लगन से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी अच्छी तरह से वाकिफ है प्रदेश के मुख्य सचिव श्रीनिवास भी महाजन की काबिलियत से अच्छी तरह से वाकिफ हैं क्योंकि 2003 से 2021 तक राजस्थान में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी की सरकार रही लेकिन महाजन को हमेशा दोनों ही पार्टी के सरकारों ने अच्छे डिपार्मेंटों की जिम्मेदारी थी और इन्हें जो भी जिम्मेदारी मिली उस जिम्मेदारी को इन्होंने बहुत ही शानदार तरीके से निभाया अब प्रदेश की भजनलाल सरकार के 2 साल के कार्यकाल के पूरा होने के अवसर पर प्रदेश भर में केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से किया जा रहे कार्यों और उपलब्धियां को बारे में प्रदेश की जनता को बताया जा रहा है इसके अलावा पिछले दिनों राइजिंग राजस्थान और प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह के दौरान हजारों करोड रुपए के जो समझौते हुए हैं उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया को और रफ्तार देना है इसके अलावा बजट घोषणाओं और बीजेपी संकल्प पत्र के जो वादे अधूरे रह गए हैं उन्हें भी पूरा करना है इसलिए प्रदेश के भजन लाल सरकार को कर्मठ और समर्पित अधिकारियों की ज्यादा जरूरत है इसी क्रम में महाजन का दिल्ली से जयपुर लौटना प्रदेश की जनता के लिए और प्रदेश के भजन लाल सरकार के लिए अच्छी खबर है ।

## जूली ने न तो बजट पढ़ा और न ही राजस्थान की आर्थिक स्थिति को समझाः अरुण चतुर्वेदी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के आरोपों पर कड़ा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि टीकाराम जूली ने न तो राज्य सरकार का बजट ठीक से पढ़ा है और न ही राजस्थान की वास्तविक आर्थिक स्थिति को समझा है। कांग्रेस केवल नकारात्मक राजनीति कर रही है और तथ्यों से दूर बयानबाजी कर रही है अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि वर्ष 2013 में जब भाजपा सरकार बनी थी, तब राजस्थान की आर्थिक स्थिति घाटे में थी लेकिन भाजपा सरकार सरप्लस बजट देकर गई थी। इसके बाद कांग्रेस शासनकाल में एक बार फिर राज्य की अर्थव्यवस्था घाटे में चली गई। उन्होंने कहा कि वर्तमान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार वित्तीय अनुशासन के साथ काम कर रही है और राज्य के संसाधनों में लगातार वृद्धि हो रही है। चतुर्वेदी ने कहा कि हाल ही में आई एक रिपोर्ट में राजस्थान की प्रतिव्यक्ति आय बढ़ने की बात सामने आई है। यह रिपोर्ट सरकार की नहीं, बल्कि स्वतंत्र एजेंसियों की है जो इस बात का प्रमाण है कि राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष तथ्यों की अनदेखी कर केवल भ्रम फैलाने का काम कर रहा है। ईआरसीपी परियोजना और यमुना जल समझौते को लेकर अरुण चतुर्वेदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वर्षों तक इन मुद्दों पर केवल राजनीति करती रही जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने आर्थिक प्रबंधन के आधार पर ईआरसीपी पर काम शुरू किया है। इसी तरह यमुना जल को लेकर 50 वर्षों तक केवल राजनीति हुई, लेकिन मौजूदा सरकार के आने के बाद इस दिशा में ठोस पहल हुई है और डीपीआर तैयार की जा रही है। अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और अन्य बुनियादी क्षेत्रों में लगातार ठोस और परिणामोन्मुख कार्य कर रही है। पहले ही वर्ष में राइजिंग राजस्थान जैसे बड़े आयोजन कर सरकार ने विकास और निवेश को लेकर अपनी मंशा स्पष्ट कर दी थी। उन्होंने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि यदि कांग्रेस ईमानदार है तो विधानसभा का दो दिन का विशेष सत्र बुलाकर बहस कराई जाए। इसमें पिछली कांग्रेस सरकार के पांच साल और वर्तमान सरकार के दो साल के कार्यों की तुलना हो ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके।



## हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर ढाका में प्रदर्शन, भारतीय दूतावास की तरफ जा रहे भीड़ को पुलिस ने रोका

ढाका

**(एजेंसी)**बांग्लादेश की राजधानी ढाका में बुधवार को बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी भारतीय उच्चायोग की ओर मार्च करते हुए निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब भारत ने ढाका में अपने दूतावास की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। यह प्रदर्शन 'जुलाई ओयिक्को' नाम के बैनर तले किया गया। प्रदर्शनकारी भारत विरोधी नारे लगा रहे थे और बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और अन्य नेताओं के प्रत्यर्पण की मांग कर रहे थे, जो पिछले साल जुलाई में हुए जन आंदोलन के बाद देश छोड़कर चले गए थे। पुलिस के अनुसार, यह जुलूस रमपुरा ब्रिज से शुरू हुआ था। पुलिस ने इसे नॉर्थ बड्डा इलाके के हुसैन मार्केट के पास रोक दिया, जहां भारतीय उच्चायोग स्थित है। सुरक्षा कारणों से राजनयिक इलाकों की ओर जाने वाली मुख्य सड़कों पर कई घंटों तक यातायात भी बंद रहा। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, पुलिस ने पहले बैरिकेड लगाए, जिन्हें प्रदर्शनकारियों ने तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने और कड़े इंतजाम किए।

## दिया कुमारी ने सीएम शर्मा की खूब प्रशंसा की, जोधपुर में हुआ भव्य स्वागत

### अपनी पार्टी की सरकार ऑन के उल्लेखनीय कार्यों और उपलब्धियां के बारे में खुलकर बताया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जोधपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जमकर प्रशंसा की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले 2 साल में राजस्थान में हर क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शर्मा काफी मेहनत कर रहे हैं और समर्पित भाव से जनता की सेवा कर रहे हैं उसी का परिणाम है कि पिछले 2 साल में यहां व्यापक तौर पर विकास कार्य हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए राजस्थान में भी भविष्य को ध्यान में रखकर हर क्षेत्र में बड़े-बड़े निर्णय और फैसला



ले रहे हैं ताकि राजस्थान जल्दी से जल्दी विकसित राज्य की श्रेणी में शामिल होजाए पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में हर क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं इसीलिए पिछले दिनों प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह में भी प्रवासी राजस्थानियों ने प्रदेश में निवेश के लिए आगे आए हैं उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने देश और दुनिया में अपने कार्यों से और अपनी सफलता से खुद का और राजस्थान का नाम रोशन किया है अब उन्हें राजस्थान में भी अपनी माटी के प्रति सेवाभाव दिखाने के लिए आगे आना चाहिए और आगे आ रहे हैं उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान में भी प्रत्येक समझौते के क्रियान्वयन के लिए सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है इसी का परिणाम है कि राइजिंग राजस्थान के एक चौथाई समझौते धरातल पर आ गए उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार में कुछ भी कार्य नहीं हुआ सारे कार्य के फाइलों में धूल चाट रहे थे पिछली सरकार ने जनता से वादे भी किया लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया जबकि हमारी सरकार ने भाजपा के संकल्प पत्र के 72 प्रतिशत वादे या तो पूरे कर दिए गए हैं या प्रक्रिया में चल रहे हैं और बजट घोषणाओं में भी 73 प्रतिशत वादे या तो पूरे कर दिए गए हैं या प्रक्रिया में चल रहे हैं उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में पर्यटन के क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में विकास कार्य हुए हैं प्रदेश के प्रमुख मंदिर और धार्मिक स्थलों को पर्यटनों से जोड़ा जा रहा है पर्यटन सर्किट विकसित किया जा रहे हैं प्रदेश के पौराणिक विरासत हवेलिया बावड़िया इत्यादि के संरक्षण और विकास के लिए कार्य किया जा रहे हैं प्रदेश के त्योहार मेले सभी को पर्यटन से जोड़कर दुनिया भर में इनका प्रचार प्रसार किया जा रहा है इसी का नतीजा है कि प्रदेश में देश औरविदेश के पर्यटक बड़ी संख्या में यहां घूमने आ रहे हैं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सजाव में पौधारोपण भी किया यहां पर दिया कुमारी को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे यहां दिया कुमारी को देखने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं भी आई थी दिया कुमारी ने यहां महिलाओं से कहा कि सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई तरह के नए कदम उठाए हैं जिनका उन्हें फायदा उठाना चाहिए उन्होंने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पिछले 2 साल में पानी बिजली सड़क चिकित्सा शिक्षा महिला सुरक्षा उद्योग कृषि युवा और महिलाओं के विकास और कल्याण के लिए कई बड़े फैसले और कई बड़े निर्णय लिए हैं जिसकी वजह से प्रदेश सरकार के कार्यों की तारीफ पूरे देश में हो रही है घ बुधवार को जोधपुर के एयरपोर्ट पर राजपूत मारवाड़ सभा की ओर से दिया कुमारी का जोरदार स्वागत किया गया यहां पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े कई नेता भी मौजूद थे सभी ने दिया कुमारी का स्वागत किया इसके बाद दिया कुमारी ने सजाव में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया और यहां भजनलाल सरकार के कार्यों के बारे में लोगों को जानकारी दी ।

## वन राज्यमंत्री शर्मा ने रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तवीरों की कि हौसला-अफजाई




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने पीआरओ ऑफिस में पत्रकार अश्विनी यादव के जन्मदिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तवीरों की हौसला-अफजाई की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने रक्तवीरों का उत्सावर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है जो जरूरत पडने पर व्यक्ति को जीवनदान प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऐसे आयोजनों में निरन्तर बढती भूमिका विकसित राष्ट्र के निर्माण में सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा की भावना से आयोजित रक्तदान शिविर सराहनीय कदम है जिससे हमारी युवा पीढी को जीवमात्र की सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, सरस डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## शहर में इंटरनेशनल ब्राण्ड नाथुज स्वीट्स का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** त्रेहान ग्रुप द्वारा निर्मित शहर की सबसे बड़ी सोसायटी अपना घर शालीमार स्थित अर्बन स्क्वायर गलेरिया मॉल में मिराज ग्रुप के चार-स्क्रीन सिनेमा हॉल के संचालन के बाद 17 दिसंबर 2025 को इंटरनेशनल ब्राण्ड नाथुज स्वीट्स रेस्टोरेंट का शुभारंभ हुआ उद्धघाटन अशोक कुमार सेनी एवं रेस्टोरेंट मालिक भव्य गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे 33 भारतीय शहरों व एक यूएसए आउटलेट के बाद नाथुज स्वीट्स अब अलवर में भी शुरू हुआ है; राजस्थान में यह दूसरा आउटलेट है, इससे पहले हनुमानगढ़ में संचालित है। यहां छोले-भटूरे, मसाला डोसा, महाराजा थाली, गोलगप्पे, रसमलाई, कलाकंद, मोतीचूर लड्डु व काजू कतली विशेष रूप से लोकप्रिय हैं मॉल में डोमिन्यू पिज्जा ,मामा मिया पिज्जा, बेकरी, शू-शॉप, इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप तथा बच्चों के मनोरंजन हेतु झूले भी सुचारू रूप से संचालित हैं। इस अवसर पर रजनी सैनी, यशपाल इकदया, नवीन गुप्ता सहित त्रेहान ग्रुप के सदस्य मौजूद रहे।

## राजस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार कटिबंध है - यादव



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** राजस्थान की भजनलाल सरकार का 2 साल का स्वर्णिम कार्यकाल पूर्ण होने पर राजस्थान सरकार के विकास रथ के माध्यम से ग्राम गुवाना, भागवाडी, जखराना, जटगांवडा, बसई, गूगडीया मैं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव एडवोकेट भाजपा प्रभारी सज्जन कुमार मिश्रा, शिवचरण यादव, सरपंच करण सिंह यादव, पंचायत समिति सदस्य रहे अशोक यादव, सरपंच सोताज सिंह, अश्विनी टाइगर, रोहतास पार्षद, सुनील यादव, डॉ जगत यादव, सरपंच अजय यादव, सुरेश चंद्र भेड़ी, कृष्ण मीणा, महेंद्र सिंह उप सरपंच, सहायक विकास अधिकारी शिवचरण यादव, रामसिंह यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्यवक्ता बस्तीराम यादव एडवोकेट ने कहा कि राजस्थान की भजनलाल सरकार ने सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, विद्युत एवं महिला सशक्तिकरण क्षेत्र में ऐतिहासिक काम किए हैं।

# जिला कलक्टर ने ली जिला पर्यावरण समिति सहित पंच गौरव एवं गुरू गोवलकर आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में प्रगति की समीक्षा बैठक

### पंच गौरव एवं गुरू गोवलकर योजना के अनुमोदित कार्यों को समयबद्ध रूप में पूर्ण कराने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला पर्यावरण समिति सहित पंच गौरव कार्यक्रम एवं गुरु गोवलकर आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पर्यावरण समिति की बैठक में आगामी वर्ष में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत किए जाने वाले पौधारोपण के लक्ष्यों पर विभागवार विस्तृत चर्चा कर जिले में 43 लाख से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया, जिसमें शिक्षा विभाग को 18 लाख, जिला परिषद को 7 लाख, वन विभाग को 4 लाख, पीडब्ल्यूडी, प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं कृषि व उद्यानिकी विभाग को 2 -2 लाख, यूआईटी एवं नगर निगम को 3 लाख, रीको को 1 लाख सहित अन्य विभागों को लक्ष्य अनुसार पौधारोपण कार्य के लिए यथासमय आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसे स्थानों को चिन्हित करें, जहां सघन पौधारोपण किया जा सके। उन्होंने उपवन संरक्षक अलवर से हरियालो राजस्थान अभियान के तहत किए गए पौधारोपण एवं उनकी सर्वाइवल स्थिति पर फीडबैक लेकर निर्देश दिये कि अभियान के तहत लगाए गए पौधों के सर्वाइवल के संबंध में प्रभावी मॉनिटरिंग करें।

### पंच गौरव कार्यक्रम की कि समीक्षा

जिला कलक्टर ने कहा कि पंच गौरव कार्यक्रम के तहत जिले में एक जिला-एक पर्यटन स्थल के रूप में सरिस्का टाइगर रिर्जव, एक जिला-एक उपज के रूप में प्याज, एक जिला-एक खेल के रूप कुश्ती, एक जिला-एक उत्पाद के रूप में ऑटो कम्पोनेंट तथा एक जिला-एक प्रजाति के रूप में अर्जुन चयन किया गया था। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के तहत निर्धारित गाइडलाइनों को अनुसार स्वीकृत कार्यों को आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर समयबद्ध रूप से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

### गुरू गोवलकर आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में प्रगति की कि समीक्षा

जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि गुरू गोवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना अंतर्गत चयनित रामगढ ब्लॉक के अनुमोदित कार्यों के लिए संबंधित विभाग जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को तीन दिवस में तकनीकी स्वीकृति भिजवाना सुनिश्चित करें, जिससे आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गाइडलाइन अनुसार पूर्ण किया जा सके। बैठक में उपवन संरक्षक अलवर राजेंद्र हुड्डा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालूखे गौरव रविंद्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. प्रदीप नांगलिया, आर्थिकी एवं सांख्यिकी विभाग की उप निदेशक प्रियंका माथुर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश गुप्ता, पर्यटन विभाग की उप निदेशक टीना यादव, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक एम.आर मीना, जिला खेल अधिकारी अंजना शर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बेजुबान पशुओं को सर्दी से राहत, 551 डॉग बेड वितरित

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** पशु प्रेमी परिवार शिव शक्ति समिति ओर जीवन स्पर्श एनजीओ के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार शाम संध्या आरती के समय त्रिपोलिया महादेव मंदिर में बेजुबान पशुओं को सर्दी से बचाने और असहाय पशुओं को राहत देने के उद्देश्य से 551 बोरी बेडस का आयोजन कर बेजुबान पशुओं के लिए हर गली ओर शहर के मुख्य चौराहे पर लगाए गए इस आयोजन का उद्घाटन त्रिपोलिया महादेव मंदिर के महंत जितेंद्र खेड़ापति द्वारा किया गया वही इसी उपलक्ष्य पर त्रिपोलिया महादेव मंदिर परिसर में भक्तों को 101 किलो खीर का प्रसाद वितरण किया गया यह सेवा कार्य जितेंद्र खेड़ापति के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस उपलक्ष्य में पशु प्रेमी परिवार की सदस्य अंजना दीवान ने बताया कि यह संस्था पिछले एक वर्ष से पशुओं की सेवा दिन रात निरंतर करती आ रही है। पशु प्रेमी परिवार लगातार बेजुबान पशुओं के लिए खाना, बिस्कुट, दूध का वितरण करती है इसके अलावा भी बेजुबान पशु बीमार ओर घायल है उनका भी इलाज करवाती है। इस कार्यक्रम में वरुण विरमानी ने कहा कि लगातार पशु प्रेमी परिवार पूरे साल बेजुबान पशुओं की सेवा करता आ रहा है अबकी बार सर्दियां में बेजुबान पशुओं के लिए पशु प्रेमी परिवार ने पांच सौ पचास इक्यावन डॉग बेड का वितरण किया है। पशु प्रेमी परिवार की टीम में देव खेमानी, प्रवीण मित्तल, अभिषेक यादव, पूजा यशिका, जानवी, आदित्य, राजा, अजय अरोड़ा, जीतू सरदार, अपूर्वा गुप्ता, जूली, सरोज गुप्ता, टीटू पूर्व पार्षद, भाटी, विशु आदि उपस्थित रहे।

## कृषक संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन किसानों से संवाद कर सरकार की योजनाओं की दी गई जानकारी

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर चौधरी की अध्यक्षता में पुलिस अन्वेषण भवन अलवर में कृषक संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर चौधरी ने कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ है। उनके हित और विकास के लिए सरकार संकल्पता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सरकार द्वारा कृषि हित में संचालित कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जिले के किसान इन योजनाओं का जागरूक रहकर लाभ उठावे। उन्होंने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कृषि क्षेत्र में सुधार और लाभकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करावे। जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर द्वारा बिजली की समस्या के समाधान एवं ईआरसीपी योजना के क्रियान्वयन की जानकारी दी गई तथा सरस डेयरी चैयरमेन नितिन सांगवान ने किसानों को डेयरी की विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी देकर डेयरी उत्पादो में मिलावट रोकने पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। कृषि विभाग के अतिरिक्त कृषि निदेशक देशराज सिंह एवं संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा ने कृषि विभाग के योजनाओं सहित संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन, जैविक खेती, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिधान एवं मृदा परीक्षण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यकम का मंच का संचालन सहायक कृषि अधिकारी मनोज जैन ने किया।

इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, सरस डेयरी के चैयरमैन नितिन सांगवान, कृषि विभाग के अतिरिक्त कृषि निदेशक देशराज सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं बडी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## विमुक्त मेला विमुक्त जातियों के गौरवमयी इतिहास का एक जीवंत प्रदर्शन है- आईपीएस शरण गोपीनाथ कांबले




### विमुक्त मेले का आयोजन, अद्भुत प्रदर्शनी को देखने पहुंचे सैकड़ों लोग




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान की प्रमुख पाँच घुमंतू जातियों की कला, संस्कृति और आम जीवन की जद्दोजहद को संजोते हुए विमुक्त मेले का आयोजन बुधवार को अलवर में किया गया। वर्ल्ड कॉमिक्स इंडिया द्वारा बिलखा होटल में आयोजित इस मेले में बंजारा, कालबेलिया, सपेरा, नट एवं गाड़िया लोहार जातियों की विलुप्त होती प्राचीन पारंपरिक वेशभूषा, संगीत वाद्ययंत्र, आभूषणों तथा घरेलू उपयोग में आने वाली विभिन्न वस्तुओं का सुसज्जित प्रदर्शन किया गया। इस अद्भुत प्रदर्शनी को सैकड़ों लोगों ने देखा और सराहा। विमुक्त मेले का उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईपीएस शरण गोपीनाथ कांबले द्वारा किया गया। उन्होंने इस आयोजन को अनूठा बताते हुए कहा कि यह विमुक्त जातियों के गौरवमयी इतिहास का एक जीवंत प्रदर्शन है। इस अवसर पर नीदरलैंड से विशेष रूप से पधारे सामाजिक एवं राजनीतिक वैज्ञानिक पीटर नोप ने कहा कि यह घुमंतू मेला समाज की पुरानी जड़ों को संजोने का एक अनुपम प्रयास है। उन्होंने कहा कि इन समुदायों के बीच स्वयं को पाकर उन्हें यह अनुभव हो रहा है कि वे भी इन्हीं में से एक हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनका प्रयास है कि यूरोप की रोमा जनजाति और भारत की घुमंतू जातियाँ आपस में मिलें तथा एक-दूसरे की संस्कृति और रीति-रिवाजों को समझें। साथ ही उन्होंने इन जातियों द्वारा पारंपरिक रूप से प्रदर्शित वस्तुओं को संरक्षित करने के लिए एक संग्रहालय स्थापित करने की आवश्यकता भी जताई। कार्यक्रम के दौरान संस्था के संस्थापक शरद शर्मा ने बताया कि संस्था शीघ्र ही अलवर में घुमंतू समुदाय का एक संग्रहालय खोलेगी, जो न केवल उनकी संस्कृति और पहचान को संरक्षित करेगा, बल्कि देश-विदेश के लोगों को उनसे परिचित कराने में भी सहायक होगा। दूर-दराज़ से आए घुमंतू जातियों की बस्तियों के लोगों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इस मेले में भागीदारी की। वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद मलिक ने कहा कि वर्ल्ड कॉमिक्स इंडिया लंबे समय से अलवर जिले में विमुक्त एवं घुमंतू जातियों के उत्थान, पहचान तथा उनकी समस्याओं के रचनात्मक समाधान की दिशा में सतत रूप से कार्य कर रहा है। इस मेले को नेक कमाई फाउंडेशन के संरक्षक दौलत राम हजरती और शिक्षा विभाग में नवाचार करने वाले इंजीनियर राजेश लवानिया ने देखा और इसकी सराहना की। अंत में आईपीएस गोपीनाथ कांबले ने सरकार की विभिन्न योजनाओं का विवरण देने वाली पुस्तिका का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के समापन पर बी.एल. वर्मा ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

## जिला बना राजस्थान में प्रथम, टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 में हासिल की उल्लेखनीय उपलब्धि

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा।** जिले ने टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के अंतर्गत ऑनलाइन प्लेज (Online Pledge) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राजस्थान राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह अभियान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट ने बताया कि यह उपलब्धि जिले में युवाओं को तंबाकू से दूर रखने एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने हेतु किए गए समन्वित एवं सतत प्रयासों का परिणाम है। राज्य स्तरीय जिला-वार प्रदर्शन आंकड़ों के अनुसार ऑनलाइन प्लेज में सर्वाधिक युवाओं की सहभागिता खैरथल-तिजारा जिले में दर्ज की गई।

उन्होंने बताया कि अभियान की सफलता में विद्यालयों, महाविद्यालयों, युवा संगठनों, विभिन्न विभागों तथा समुदाय की सक्रिय सहभागिता रही। व्यापक जनभागीदारी, प्रभावी क्रियान्वयन एवं सशक्त जन-जागरूकता अभियानों के चलते जिले को यह उपलब्धि प्राप्त हुई। यह कार्यक्रम 6 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 8 दिसंबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के दौरान जिले में तंबाकू निषेध शपथ कार्यक्रम, जागरूकता रैलियां, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं, डिजिटल आउटरीच तथा काउंसलिंग गतिविधियां प्रभावी रूप से आयोजित की गईं। इन प्रयासों से युवाओं में तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ी एवं तंबाकू मुक्त वातावरण को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

जिला प्रशासन ने इस उपलब्धि के लिए अभियान से जुड़े सभी विभागों, शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों, मीडिया एवं आमजन का आभार व्यक्त किया है तथा भविष्य में भी तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण हेतु निरंतर प्रयास जारी रखने का संकल्प दोहराया है। डॉ. गेट ने बताया कि तंबाकू उपयोग की रोकथाम के साथ जिला टीबी मुक्त जिला बनने की दिशा में भी अग्रसर है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. ललित शर्मा ने कहा कि तंबाकू का सेवन छोड़ने से गैर-संचारी रोगों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, श्वसन रोग एवं कैंसर जैसी घातक बीमारियों की संख्या में भी कमी आएगी।

## शहरी समस्या समाधान शिविर में 25 प्रकरणों का निस्तारण, स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त

जयपुर टाइम्स

**खैरथल(निसं.)।** राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शहरी समस्या समाधान शिविर 2025 के अंतर्गत बुधवार को नगर परिषद खैरथल के सभागार में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान नगर परिषद खैरथल द्वारा विभिन्न नागरिक सेवाओं से संबंधित कुल 25 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में नाम हस्तांतरण के अंतर्गत प्राप्त 01 आवेदन, भूखण्डों के उप-विभाजन से संबंधित 06 प्रकरण, जन्म-मृत्यु पंजीयन से संबंधित 12 प्रकरण तथा जन आधार संशोधन एवं नए सदस्य जोड़ने से संबंधित 06 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसके साथ ही वार्ड संख्या 07 से 12, खैरथल से संबंधित प्राप्त शिकायतों का समाधान किया गया। वार्डों में स्ट्रीट लाइट से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण करते हुए मौके पर 16 स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कर चालू किया गया तथा 07 नई स्ट्रीट लाइटें खाली पोलों पर स्थापित करवाई गईं। शिविर के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 04 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से एक पात्र आवेदक को बैंक द्वारा ऋण का वितरण भी किया गया। नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि 'शहरी समस्या समाधान शिविर' का आयोजन दिनांक 18.12.2025 को भी नगर परिषद खैरथल के सभागार में किया जाएगा। आमजन से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ उठाएं।

## विरोध प्रदर्शनः मोदी-शाह सरकार द्वारा ईडी व संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के विरोध में कांग्रेस ने किया पुतला दहन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** मोदी-शाह सरकार द्वारा राजनीतिक षड्यंत्र के तहत प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर द्वारा बुधवार की शाम को नंगली सर्किल, अलवर पर 'मोदी सरकार का पुतला दहन' कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत ने कहा कि केंद्र की मोदी-शाह सरकार विपक्षी नेताओं को बदनाम करने और डराने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। नेशनल हेराल्ड मामले में न्यायालय द्वारा कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को राहत देते हुए श्वष्ठ की चार्जशीट पर केस चलाने से इनकार करना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि यह पूरा मामला राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित था।

उन्होंने कहा कि न्यायालय के इस निर्णय ने भाजपा सरकार के झूठे आरोपों और एजेंसियों के दुरुपयोग की पोल खोल दी है। इसके बावजूद केंद्र सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव बनाकर विपक्ष की आवाज को कुचलने का प्रयास कर रही है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। गंगावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सड़कों से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहेगी। यदि केंद्र सरकार ने जांच एजेंसियों के दुरुपयोग पर तत्काल रोक नहीं लगाई, तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे और 'लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ ', 'तानाशाही नहीं चलेगी' जैसे नारे लगाते हुए केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष प्रकट किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, प्रधान नसरु खान, जाकिर खान, अजीत यादव, गफूर खान, जोगेन्द्र कोचर, पुष्पेन्द्र धाबाई, अशोक सैनी, दीनबन्धु शर्मा, उम्मेदीलाल मीणा, कमलेश सैनी, जीतकौर सांगवान, लीली यादव, जे डी आर्यन, प्रीतम मेहदीरत्ता, नरेन्द्र मीणा, हरिशंकर रावत, जफरु खान, संदीप ओला, विश्राम गुर्जर, चन्द्रभान गुर्जर, हिरेन्द्र शर्मा, छंगामल लखेरा, उमरदीन, रिपुदमन गुप्ता, साहुन खान, के.के. खण्डलेवाल, जमशेद खान, एस. आर यादव, विक्रम यादव, प्रशांत राजा, रामकिशन बेरवा, गोपाल जायसवाल, ओमप्रकाश गोलियां, रिपु दमन गुप्ता, गौरीशंकर विजय, दशरथ सिंह, सोनू गोपालिया, विश्राम गुर्जर, दीनबंधु शर्मा, सिद्धार्थ व्यास, राजेश सिद्ध सहित जिला एवं शहर कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, हस्द्ध, सेवादल तथा अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरुवार
18 दिसम्बर, 2025

## युवाओं को सुरक्षित और पारदर्शी रोजगार दिलाने की दिशा में पीपीए विधेयक एक निर्णायक कदमः मदन राठौड

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने संसद की पटल पर निजी प्लेसमेंट एजेंसी विधेयक 2025 से जुड़े अहम मुद्दों को उठाया। राठौड़ के सवाल के जवाब में श्रम और रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने सदन को बताया कि निजी प्लेसमेंट एजेंसी विधेयक 2025 को श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया है। इसे हितधारकों के परामर्श हेतु सार्वजनिक डोमेन में रखा गया था। उन्होंने कहा कि इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य देशभर की सभी निजी प्लेसमेंट एजेंसियों को विनियमित एवं पंजीकृत करना है ताकि भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता जवाबदेही और नैतिकता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि यह विधेयक नौकरी ढूंढने वालों को शोषण धोखाधड़ी और असुरक्षित नियोजन से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत स्पष्ट परिचालन मानक प्रभावी निगरानी व्यवस्था और दंडात्मक प्रावधानों को शामिल किया गया है जिससे कुप्रथाओं पर रोक लगेगी और निष्पक्ष एवं नैतिक रोजगार प्रथाओं को बढ़ावा मिलेगा। इस पहल से न केवल देश के युवाओं का विश्वास मजबूत होगा बल्कि भारत की वैश्विक रोजगार प्रतिस्पर्धात्मकता को भी सशक्त आधार मिलेगा।

## गुरुवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम स्थगित

### जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक भी स्थगित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रगति पर है। इस महत्वपूर्ण कार्य में प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यापक स्तर पर तैनाती व निरंतर व्यस्तता को ध्यान में रखते हुए गुरुवार 18 दिसंबर को प्रस्तावित जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम स्थगित किया गया है। साथ ही गुरुवार को प्रस्तावित जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक को भी स्थगित कर दी गई है ताकि निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य निरंतर जारी रह सके।

## गृह राज्यमंत्री बेढ़म ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को दिया करारा जवाब

### कांग्रेस ने अपनी बजट घोषणाओं में 40 परसेंट भी पूरी नहीं की, भजनलाल सरकार ने आत्मनिर्भर राजस्थान के लिए किए अनेकों कार्य

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झूठे तथ्यों के आधार पर राजस्थान की जनता को भ्रमित करने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा जूली अपने कार्यकाल को भूल गए जब वे अशोक गहलोत की सरकार में मंत्री थे और राजस्थान में जंगल राज स्थापित था और कानून व्यवस्था चौपट थी जनता त्राहिमाम कर रही थी। गृह राज्यमंत्री ने कहा है कि कांग्रेस अपनी बजट घोषणाओं को पूरा नहीं कर पाई। बजट घोषणाओं में 40 परसेंट भी पूरी नहीं की। लेकिन मीडिया में आकर ये जनता को भ्रमित करने का प्रयास करते हैं। इन्होंने कभी भी सदन में बहस नहीं की क्योंकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के किए गए विकास कार्यों से ये कुंठित हो रहे हैं और इनको राजस्थान का विकास पच नहीं रहा है। आए दिन इनके नेता और नेता प्रतिपक्ष प्रेस के सामने आकर झूठे तथ्य पेश करने लग जाते हैं। इनके पास पांच साल बनाम दो साल का कोई जबाव नहीं है। गृह राज्यमंत्री ने कहा है कि मुख्यमंत्री ने बिजली के उत्पादन में वृद्धि की है। राइजिंग राजस्थान करके देश-विदेश के उद्यमियों को बुलाकर के रोजगार स्थापित करने की बात की है। 8 लाख करोड़ के एमओयू धरातल पर आ गए हैं। कांग्रेस सरकार में तो गैंगवार होती थी, भ्रष्टाचार चरम पर था लूट-नकबजनी की घटनाएं बढ़ रही थी और कांग्रेस उस समय कार्यवाही करने से भी बचती थी। इन्होंने प्रदेश को बीमारू प्रदेश बनाने का काम किया। गृह राज्यमंत्री ने कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान को विकास के पथ पर लाए हैं और तीव्र गति से विकास हो इसके लिए योजनाओं को धरातल पर लाने का काम किया है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की संकल्पना के साथ सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के विजन के अनुसार विकसित राजस्थान बनाने के सपने को पूरा करने जा रहे हैं। गृह राज्यमंत्री ने कहा है कि कांग्रेस तो किसानों का खून चूसने में लगे थे। हमारी सरकार ने तो एक तरफ जहां गेहूं पर 150 रूपए बोनस देने का काम किया दूसरी तरफ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में मिलने वाले 6 हजार रूपए को बढ़ाकर के मुख्यमंत्री ने 9 हजार तक कर दिया है। हमने वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाकर के बुढ़ापे की लाठी बनकर उनका सहयोग करने का काम किया है और इस राजस्थान को अपराध मुक्त करने लोगों को प्रचुर मात्रा में पानी मिले इसकी व्यवस्था की है उद्योग स्थापित हों इसकी भी व्यवस्था की है। राजस्थान आत्मनिर्भर बने बिजली उत्पादन में प्रथम श्रेणी में आए इसके लिए मुख्यमंत्री जी कार्य कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष झूठे तथ्यों पर बयानबाजी करके राजस्थान की जनता को भ्रमित करना बंद करें।

# भाजपा कार्यालय की तरफ बढ़ रहे गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली को पुलिस ने लिया हिरासत में







## नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस का प्रदेश भर में जोरदार प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नेशनल हेराल्ड मामले में कोर्ट की ओर से कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ मुकदमा नहीं बनने की बात कहने के बाद कांग्रेस पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेताओं में जोरदार खुशी का माहौल छाया हुआ है कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि जानबूझकर राजनीतिक व्यवस्था के चलते इस मामले में सोनिया गांधी और अन्य कांग्रेस जनों को फसाया गया अब कोर्ट की ओर से इस मामले में जो निर्णय सामने आया है उससे साफ जाहिर हो गया है कि इस मामले में सोनिया गांधी राहुल गांधी और अन्य नेताओं को षड्यंत्र रच कर शारीरिक और मानसिक रूप से कई घंटे तक पूछताछ के नाम पर परेशान किया गया इसी बात को लेकर कांग्रेस की ओर से बुधवार को राजस्थान में भी प्रदेश भर में जिला स्तर पर जोरदार प्रदर्शन किया गया राजधानी जयपुर में भी राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली की अगवाई में सैकड़ो कांग्रेस सड़क पर उतर गए और उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए संवैधानिक संस्थाओं और जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया हालांकि डोटासरा और टीकाराम जूली के नेतृत्व में आगे बढ़ रहे कांग्रेस जनों को पुलिस ने शहीद स्मारक पर रोकने का प्रयास किया गया इस बीच पुलिस और कांग्रेस जनों के बीच धक्का मुक्की भी हुई पुलिस ने डोटासरा और टीकाराम जूली को हिरासत में भी लिया जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात ही प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की ओर से पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों पार्टी के विधायकों पार्टी के विधानसभा प्रत्याशियों पार्टी के सांसदों पार्टी के पूर्व सांसदों और पार्टी के लोकसभा प्रत्याशियों को निर्देशित कर दिया गया था कि वह अपने-अपने क्षेत्र में केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करें इसी क्रम में जयपुर में भी कांग्रेस की ओर से विशाल प्रदर्शन किया गया जिसमें कांग्रेस पार्टी के संगठन से जुड़े नेता और कांग्रेस पार्टी के विधायक भी शामिल हुए बुधवार की सुबह प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एकत्रित हो गए थे रफीक खान अमीन कागजी पुष्पेंद्र भारद्वाज प्रताप सिंह खाचरियावास और कई नेता प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पहुंचे इसके बाद गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली के नेतृत्व में कांग्रेस नारेबाजी करते हुए बड़ी संख्या में स्टेशन रोड होते हुए प्रदेश भाजपा कार्यालय की तरफ बढ़ने लगे रास्ते में शहीद स्मारक पर पुलिस ने कांग्रेसी दलों के इस जुलूस को रोकने के लिए पहले से ही बैरिकेट्स लगाकर पुख्ता इंतजाम किए हुएथे प्रदर्शनकारी कांग्रेसी दलों में जोरदार उत्साह था क्योंकि कोर्ट ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए मना कर दिया था इसलिए शहीद स्मारक पर पुलिस और कांग्रेस जनों के बीच काफी देर तक बहस होती रही दखमुखी होती रही कांग्रेस पुलिस और कांग्रेस जनों के बीच काफी देर तक बहस होती रही हल्की धक्का मुखी हुई कांग्रेस विधायक मनीष यादव और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास भी बैरिकेट्स पर चढ़ गए लेकिन पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए कांग्रेस जनों को सहित स्मारक से आगे नहीं बढ़ने दिया और डोटासरा जूली सहित कई कांग्रेस पार्टी के नेताओं को हिरासत मेंलिया जानकारी के अनुसार इसी तरह का प्रदर्शन अजमेर कोटा जोधपुर भीलवाड़ा डूंगरपुर बांसवाड़ा राजसमंद प्रतापगढ़ भरतपुर अलवर करौली कोटपूतली बहरोड पाली सवाई माधोपुर टोंक कोटा झालावाड़ बूंदी जैसलमेर बाड़मेर श्रीगंगानगर हनुमानगढ़ चित्तौड़गढ़ ब्यावर सभी जिलों में कांग्रेस जनों ने बुधवार को प्रदर्शन किया कई जगहों पर कांग्रेस जनों ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया

### बनी पार्क थाने में लाया गया कांग्रेस पार्टी के हिरासत में लिए गए सभी नेताओं को

: जयपुर पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय की ओर बढ़ रहे कांग्रेस पार्टी के नेताओं को शहीद स्मारक पर रोक लिया यहां पर कांग्रेस जनों की ओर से जोर जबरदस्ती करने पर पुलिस ने गोविंद सिंह डोटासरा टीकाराम जूली धर्मेंद्र राठौर अमीन कागजी प्रताप सिंह खाचरियावास और कई अन्य नेताओं को हिरासत में लिया गया और फिर इन सभी कांग्रेस पार्टी के नेताओं को बनी पार्क पुलिस स्टेशन में लाया गया

## विधानसभा की सदाचार कमेटी ने कमीशन खोरी के आरोप में तीन विधायकों को नोटिस भेजा, 19 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा की सदाचार कमेटी की ओर से कमीशन खोरी के आरोप में कांग्रेस कमीशन खोरी के आरोप में तीन विधायकों को नोटिस भेजा है यह नोटिस विधायकों के व्हाट्सएप नंबर घर ऑफिस के पत्ते और सरकारी निवास पर भी नोटिस भेज रहे हैं तीनों विधायकों को 19 दिसंबर को सदाचार कमेटी ने पूछताछ के लिए बुलाया है । सदाचार कमेटी के अध्यक्ष विधायक कैलाश वर्मा ने कहा है कि इस पूरे मामले में पारदर्शक ढंग से जांच की जाएगी मामला गंभीर है हर तथ्य और हर विषय की गंभीरता से जानकारी करने के बाद रिपोर्ट तैयार करके विधानसभा अध्यक्ष को भेजी जाएगी उल्लेखनीय है कि एक दैनिक अखबार के स्टिंग ऑपरेशन में कांग्रेस विधायक अनीता जाटव बयाना की निर्दलीय विधायक रितु और नागौर के खींवसर के भाजपा विधायक रेवंत राम के विधायक निधि कोष में कमीशन लेने संबंधी एलिगेशन संबंधी मामले को उजागर किया था इस तरह की वीडियो सोशल मीडिया पर जोरो से वायरल भी हुआ था सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने और अखबार में प्रकाशित खबर को लेकर राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने इस पूरे मामले को काफी गंभीर माना था इसलिए एक तरफ जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस पूरे मामले के उच्च स्तरीय जांच करवाने के निर्देश जारी किए हैं तो दूसरी तरफ राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देना नानी ने भी यह मामला विधानसभा की सदाचार कमेटी को जांच के लिए भेजा था इसके अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी अपने विधायकों को इस मामले में नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया है ।

## जब से केंद्र में मोदी सरकार बनी है तब से ही संवैधानिक संस्थाओं का किया जा रहा दुरुपयोगः गोविंद सिंह डोटासरा

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा ने मंगलवार को कोर्ट की ओर से नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा नहीं बनने के निर्णय पर केंद्र की मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला बुधवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित किए गए प्रदर्शन में जयपुर में आयोजित सभा में उन्होंने कहा कि जब से केन्द्र में मोदी सरकार बनी है संवैधानिक संस्थाओं को दुरूपयोग विपक्ष के नेताओं की आवाज दबाने के लिये किया जा रहा है जो कि लोकतांत्रिक मूल्यों के विरूद्ध है। मोदी सरकार के ईशारे पर भाजपा नेता सुब्रह्मणयम स्वामी की तथ्यहीन शिकायत पर ईडी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सोनिया गॉधी एवं राहुल गॉधी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये उन्हें पूछताछ के नाम पर लम्बे समय तक बेवजह परेशान किया और इस प्रकरण को लेकर झूठे तथ्यों के आधार पर भाजपा नेताओं ने कांग्रेस व कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर झूठे आरोप लगाकर अपनी राजनीति की। डोटासरा ने बताया कि नेशनल हैराल्ड प्रकरण में न्यायालय द्वारा ईडी द्वारा प्रस्तुत आरोप पत्र पर प्रसंज्ञान लेना भी उचित नहीं समझा जो दर्शाता है कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने मात्र राजनीतिक विद्वेष के आधार पर संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग किया है। वर्ष 1937 में पं. जवाहरलाल नेहरू ने आजादी की लड़ाई में देश की आवाज ब्रिटिश हुकुमत के विरूद्ध उठाने हेतु नेशनल हैराल्ड समाचार पत्र प्रारम्भ किया था। इस हेतु एसोसिएट जरनल लिमिटेड एजेएल कम्पनी की स्थापना 1937-38 में की गई थी इस कम्पनी से किसी भी व्यक्ति को कोई लाभ अथवा किसी प्रकार का लाभांश प्राप्त नहीं हो सकता था। यह कम्पनी केवल जन सरोकार के लिये चलती थी। कालान्तर में जब इस कम्पनी के पास अपने कर्मचारियों को तनख्वाह देने उनके रिटार्यमेंट की राशि देने के लिये संसाधन नहीं रहे तो कांग्रेस पार्टी ने ऐतिहासिक अखबार का प्रकाशन जारी रहे इस हेतु 90 करोड़ की राशि उधार दी थी। कम्पनी जब उधार दी गई राशि चुका नहीं सकी तो नोट फॉर प्रोफिट कम्पनी यंग इण्डियन लिमिटेड का गठन हुआ और ऋण की राशि एजेएल के बही खातों से समाप्त करने हेतु इस राशि के शेयर यंग इण्डियन लिमिटेड के नाम आवंटित हुये किन्तु यंग इण्डियन लिमिटेड से अथवा एजेएल से किसी प्रकार का कोई लाभ अन्य कोई राशि किसी भी व्यक्ति को प्राप्त नहीं हो सकती थी ना ही एजेएल की कोई सम्पत्ति हस्तान्तरित की जा सकती थी। वास्तविकता में एजेएल के पास केवल लखनऊ में एक सम्पत्ति थी इसके अतिरिक्त केवल किरायेशुदा सम्पत्तियों का उपयोग एजेएल द्वारा किया जा रहा था।

## मुंह की खाने के बाद भाजपा सरकार ने पुलिस को बनाया ढाल, ये डर अच्छा है - टीकाराम जूली

### प्रतिपक्ष नेता ने कहा कि जब-जब तानाशाह डरता है, पुलिस को आगे करता है भाजपा ने प्रदेश कार्यालय को पुलिस छावनी में तब्दील किया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्षटीकाराम जूली ने बुधवार को भाजपा सरकार की तानाशाही कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड केस में अपनी फजीहत कराने के बाद भाजपा सरकार विपक्ष के संघर्ष से इस कदर डरी हुई है कि उसने पूरी पुलिस फोर्स को कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने में झोंक दिया है।जूली ने कहा लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन विपक्ष का संवैधानिक अधिकार है। लेकिन भाजपा सरकार ने डर के मारे भाजपा मुख्यालय और राजधानी की सड़कों को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया है। जिन पुलिसकर्मियों को प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था को सुधारने में होना चाहिए था वे आज कांग्रेस को रोकने में व्यस्त थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा भाजपा सरकार का यह डर अच्छा है। इतिहास गवाह है जब-जब तानाशाह डरता है पुलिस को आगे करता है। नेता प्रतिपक्ष ने कड़े लहजे में कहा भाजपा हमें चाहे कितनी बार हिरासत में ले हम राहुल गांधी के सिपाही हैं और हमारा एक ही मंत्र है–डरो मत। पुलिस का पहरा और हिरासत का डर उन्हें दिखाएं जो डरना जानते हैं हम सत्य के मार्ग पर चलने वाले सत्याग्रही हैं। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए जूली ने कहा कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं और ईडी का खुला दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को राजनीतिक प्रतिशोध के चलते घंटों पूछताछ कर प्रताड़ित किया गया। जबकि वास्तविकता यह है कि माननीय न्यायालय ने भी इन मामलों में ईडी की चार्जशीट पर प्रसंज्ञान लेना उचित नहीं समझा। यह साबित करता है कि यह विपक्षी नेताओं को बदनाम करने की एक गहरी राजनीतिक साजिश है। जूली ने कहा कि आज भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा जनता के सामने पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। सत्ता के अहंकार में चूर सरकार एजेंसियों को हथियार बनाकर लोकतंत्र की हत्या कर रही है। राजस्थान की जनता देख रही है कि कैसे पुलिस के दम पर विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है लेकिन कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता जनता के हक और सच की लड़ाई मजबूती से लड़ता रहेगा।

## डॉ. सतीश पूनियां ने विधायक शत्रुघ्न गौतम के पिताजी के निधन पर मालपुरा पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** करौली के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया की माताजी के निधन पर सपोटरा के डिकोली कलां पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित की भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम के पिताजी नंदकिशोर शर्मा के निधन पर मालपुरा में उनके निवास पर पहुंचकर स्वर्गीय नंदकिशोर शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शत्रुघ्न गौतम सहित परिवारजनों को ढांढस बंधाया। इसके बाद करौली से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया की माताजी के निधन के उपरांत सपोटरा के डिकोली कलां में उनके निवास पर पहुंचकर स्वर्गीय माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिजनों को सम्बल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# इथेनॉल फैक्ट्री विवादः आंदोलनकारी किसान और पुलिस प्रशासन में समझौता

### पुलिस और प्रशासन की ओर से दर्ज मुकदमे वापस लेने और फैक्ट्री की एन. ओ. सी. रद्द करने के लिए सरकार को लिखा जाएगापत्र, किसानों ने भी 20 दिन का प्रशासन को दिया अल्टीमेटम

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी में राठी खेड़ा में एथेनॉल फैक्ट्री को लेकर आंदोलनकारी किसान और पुलिस तथा प्रशासन के बीच आपस में शांतिपूर्वक समझौता होने की बात सामने आई है पुलिस और प्रशासन ने आंदोलनकारी किसानों को कहा है की फैक्ट्री की एनओसी रद्द करने और दर्द मुकदमे वापस लेने के लिए प्रशासन और पुलिस की ओर से सरकार को पत्र लिखा जाएगा आंदोलनकारी किसानों ने भी कहा है कि 20 दिन तक हम अपना शांतिपूर्वक आंदोलन करेंगे और सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी तो फिर संगरिया में एक और बड़ी महापंचायत का आयोजन होगा जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी जानकारी के अनुसार एथेनॉल फैक्ट्री को बंद करने की मांग को लेकर बुधवार को हनुमानगढ़ की धान मंडी में किसानों की एक बड़ी महापंचायत का आयोजन हुआ इस महापंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत और कई अन्य बड़े किसान नेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई महापंचायत में बड़ी संख्या में किसान आए थे महापंचायत में कांग्रेस पार्टी के भी कई बड़े नेता और विधायक मौजूद रहे पुलिस और प्रशासन की ओर से आंदोलनकारी किसानों से बातचीत करने के लिए निमंत्रण दिया गया जिसके बाद आंदोलनकारी किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से बातचीत के लिए गया बातचीत में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बीजू जाट जोसेफ संभागीय आयुक्त हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर हनुमानगढ़ के जिला पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस और प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे तो दूसरी तरफ किसान महापंचायत संघर्ष समिति से जुड़े किसान नेता बैठक में शामिल हुए एक तरफ आंदोलनकारी किसान नेताओं की पुलिस और प्रशासन से शांतिपूर्वक बात चल रही थी तो दूसरी तरफ धान मंडी में आयोजित महापंचायत में प्रदेश के कोने-कोने से और देश के कई हिस्सों से आए किसान नेता उपस्थित किसानों को संबोधित कर रहे थे हालांकि किसान महापंचायत की तैयारी को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने पहले ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए थे और अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया था लेकिन पुलिस और प्रशासन इस पूरे मामले को बुधवार को शांतिपूर्वक तरीके से सुलझाने के मूड में दिखे इसलिए उन्होंने आंदोलनकारी किसान नेताओं को बातचीत के लिए बुलाया किसान नेता भी इस पूरे मामले को शांतिपूर्वक तरीके से ही सुलझाना चाहते हैं इसलिए पुलिस प्रशासन और आंदोलनकारी किसानों नेताओं के बीच बहुत अच्छे माहौल में बातचीत हुई बातचीत के दौरान किसान नेता पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के व्यवहार से प्रभावित हुए और जब पुलिस और प्रशासन ने उन्हें यह कहा कि दर्ज मुकदमे वापस लेने और फैक्ट्री एनओसी को रद्द करने के लिए लिखा जाएगा इसके बाद बैठक में मौजूद आंदोलनकारी किसान नेता प्रशासन के आश्वासन से संतुष्ट हुए लेकिन किसानों ने साफ कहा है कि 20 दिन के अंदर उनकी मांग पर कार्रवाई नहीं हुई तो फिर उनकी ओर से एक और बड़ी महापंचायत का आयोजन किया जाएगा जिसमें आगे की रणनीति तैयार की जाएगी


## कहानी

### भोलाराम का जीव

धर्मराज लाखों वर्षों से असंख्य आदमियों को कर्म और सिफ़ारिश के आधार पर स्वर्ग या नर्क में निवास-स्थान 'अलॉट' करते आ रहे थे। पर ऐसा कभी नहीं हुआ था। सामने बैठे चित्रगुप्त बार-बार चश्मा पोंछ, बार-बार थूक से पन्ने पलट, रजिस्टर पर रजिस्टर देख रहे थे। ग़लती पकड़ में ही नहीं आ रही थी। आख़िर उन्होंने खीझ कर रजिस्टर इतने ज़ोर से बंद किया कि मक्खी चपेट में आ गई। उसे निकालते हुए वे बोले, महाराज, रिकार्ड सब ठीक है। भोलाराम के जीव ने पाँच दिन पहले देह त्यागी और यमदूत के साथ इस लोक के लिए रवाना भी हुआ, पर यहाँ अभी तक नहीं पहुँचा। धर्मराज ने पूछा, और वह दूत कहाँ है? महाराज, वह भी लापता है। इसी समय द्वार खुले और एक यमदूत बदहवास वहाँ आया। उसका मौलिक कुरूप चेहरा परिश्रम, परेशानी और भय के कारण और भी विकृत हो गया था। उसे देखते ही चित्रगुप्त चिल्ला उठे, अरे, तू कहाँ रहा इतने दिन? भोलाराम का जीव कहाँ है? यमदूत हाथ जोड़ कर बोला, दयानिधान, मैं कैसे बतलाऊँ कि क्या हो गया। आज तक मैंने धोखा नहीं खाया था, पर भोलाराम का जीव मुझे चकमा दे गया। पाँच दिन पहले जब जीव ने भोलाराम का देह त्यागा, तब मैंने उसे पकड़ा और इस लोक की यात्रा आरंभ की। नगर के बाहर ज्यों ही मैं उसे लेकर एक तीव्र वायु-तरंग पर सवार हुआ त्यों ही वह मेरी चंगुल से छूट कर न जाने कहाँ ग़ायब हो गया। इन पाँच दिनों में मैंने सारा ब्रह्माण्ड छान डाला, पर उसका कहीं पता नहीं चला। ' धर्मराज क्रोध से बोला, मूर्ख! जीवों को लाते-लाते बूढ़ा हो गया फिर भी एक मामूली बूढ़े आदमी के जीव ने तुझे चकमा दे दिया। ' दूत ने सिर झुका कर कहा, महाराज, मेरी सावधानी में बिलकुल कसर नहीं थी। मेरे इन अभ्यस्त हाथों से अच्छे-अच्छे वकील भी नहीं छूट सके। पर इस बार तो कोई इंद्रजाल ही हो गया। ' चित्रगुप्त ने कहा, महाराज, आजकल पृथ्वी पर इस प्रकार का व्यापार बहुत चला है। लोग दोस्तों को कुछ चीज़ भेजते हैं और उसे रास्ते में ही रेलवे वाले उड़ा लेते हैं। होजरी के पार्सलों के मोज़े रेलवे अफ़सर पहनते हैं। मालगाड़ी के डब्बे के डब्बे रास्ते में कट जाते हैं। एक बात और हो रही है। राजनैतिक दलों के नेता विरोधी नेता को उड़ाकर बंद कर देते हैं। कहीं भोलाराम के जीव को भी तो किसी विरोधी ने मरने के बाद ख़राबी करने के लिए तो नहीं उड़ा दिया? धर्मराज ने व्यंग्य से चित्रगुप्त की ओर देखते हुए कहा, तुम्हारी भी रिटायर होने की उम्र आ गई। भला भोलाराम जैसे नगण्य, दीन आदमी से किसी को क्या लेना-देना? इसी समय कहीं से घूमते-घामते नारद मुनि यहाँ आ गए। धर्मराज को गुमसुम बैठे देख बोले, क्यों धर्मराज, कैसे चिंतित बैठे हैं? क्या नर्क में निवास-स्थान की समस्या अभी हल नहीं हुई? धर्मराज ने कहा, वह समस्या तो कब की हल हो गई, मुनिवर! नर्क में पिछले सालों में बड़े गुणी कारीगर आ गए हैं। कई इमारतों के ठेकेदार हैं जिन्होंने पूरे पैसे लेकर रद्दी इमारतें बनाईं। बड़े बड़े इंजीनियर भी आ गए हैं जिन्होंने ठेकेदारों से मिलकर पंचवर्षीय योजनाओं का पैसा खाया। ओवरसीयर हैं, जिन्होंने उन मज़दूरों की हाज़िरी भर कर पैसा हड़पा जो कभी काम पर गए ही नहीं। इन्होंने बहुत जल्दी नर्क में कई इमारतें तान दी हैं। वह समस्या तो हल हो गई, पर एक बड़ी विकट उलझन आ गई है। भोलाराम नाम के एक आदमी की पाँच दिन पहले मृत्यु हुई। उसके जीव को यह दूत यहाँ ला रहा था, कि जीव इसे रास्ते में चकमा देकर भाग गया। इस ने सारा ब्रह्माण्ड छान डाला, पर वह कहीं नहीं मिला। अगर ऐसा होने लगा, तो पाप पुण्य का भेद ही मिट जाएगा। ' नारद ने पूछा, उस पर इनकमटैक्स तो बक़ाया नहीं था? हो सकता है, उन लोगों ने रोक लिया हो। ' चित्रगुप्त ने कहा, इनकम होती तो टैक्स होता... भुखमरा था। ' नारद बोले, मामला बड़ा दिलचस्प है। अच्छा मुझे उसका नाम पता तो बताओ। मैं पृथ्वी पर जाता हूँ। ' चित्रगुप्त ने रजिस्टर देख कर बताया, भोलाराम नाम था उसका। जबलपुर शहर में धमापुर मुहल्ले में नाले के किनारे एक डेढ़ कमरे टूटे-फूटे मकान में वह परिवार समेत रहता था। उसकी एक स्त्री थी, दो लड़के और एक लड़की। उम्र लगभग साठ साल। सरकारी नौकर था। पाँच साल पहले रिटायर हो गया था। मकान का किराया उसने एक साल से नहीं दिया, इस लिए मकान मालिक उसे निकालना चाहता था।

# इतिहासबोध की दिशा में सार्थक पहल

*हाल की गाजा शांति योजना के कुछ हद तक सफल होने के साथ यह उम्मीद बढ़ी है कि आइमेक आखिरकार लागू किया जा सकता है। एक उदार अरब देश के रूप में जार्डन ने 1994 में ही इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य कर लिया था। यरूशलम में विवादित अल-अक्सा मस्जिद के संरक्षक के रूप में जार्डन प्रांतीय शांति बहाल करने और आइमेक को शुरू करने में मुख्य भूमिका अदा कर सकता है। वर्ष 2018 में मोदी और जार्डन के किंग अब्दुल्लाह ने दिल्ली में 1,500 इस्लामी विद्वानों, शिक्षाविदों और मौलवियों को संबोधित किया था और उदार इस्लाम को आगे लाकर अतिवाद और आतंकवाद को खारिज करने की आवश्यकता पर जोर दिया था। इस धुरी पर भारत-जार्डन और करीब आएंगे, क्योंकि जार्डन पाकिस्तान से उत्पन्न हो रहे कट्टरपंथी जिहाद के खतरे से चिंतित है। ओमान के साथ भारत की पुरानी सामरिक साझेदारी रही है जो खाड़ी क्षेत्र में सबसे पहले सिरे चढ़ी थी। भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौते से द्विपक्षीय कारोबार को नई ऊर्जा मिलेगी। वर्ष*




एनसीईआरटी द्वारा कक्षा सात की सामाजिक अध्ययन की नई पुस्तक 'एक्सप्लोरिंग सोसाइटीजः इंडिया एंड बियांड-पार्ट 2' में किया गया संशोधन केवल पाठ्यक्रम परिवर्तन नहीं है। यह उस वैचारिक जड़ता को तोड़ने की कोशिश है, जिसने दशकों तक भारतीय इतिहास को आधा-अधूरा, चयनात्मक और भ्रमित रूप में विद्यार्थियों के सामने रखा। यह पहल इतिहासबोध की पुनर्स्थापना की दिशा में एक साहसिक और आवश्यक कदम है। स्वतंत्रता के बाद भारतीय इतिहास-लेखन पर एक खास वैचारिक प्रभुत्व हावी रहा। इसके अंतर्गत मध्यकालीन भारत के आक्रमणों को या तो संक्षेप में प्रस्तुत किया गया या उन्हें केवल साम्राज्य-विस्तार और आर्थिक लूट के सीमित दायरे में देखा गया। मंदिर-विध्वंस, धार्मिक उत्पीड़न, गैर-मुसलमानों के व्यापक नरसंहार, दास-व्यापार और ज्ञान-केंद्रों के सुनियोजित विनाश जैसे तथ्य या तो दबा दिए गए या 'सुल्तानों-राजाओं के युद्ध' बताकर खारिज कर दिए गए। इससे भी आगे बढ़कर इन आक्रमणों के पीछे सक्रिय उस वैचारिक मानसिकता पर लगभग मौन साध लिया गया, जो 'कुफ्र-काफिर' की अवधारणा में विश्वास करती है। नतीजा यह हुआ कि इतिहास का एक निर्णायक और पीड़ादायक पक्ष पीढ़ियों तक छात्रों की समझ से बाहर ही रहा।

एनसीईआरटी की नई पुस्तक इतिहास को किसी वैचारिक सुविधा के अनुसार नहीं, बल्कि प्रमाणिक स्रोतों और ठोस ऐतिहासिक संदर्भों के आधार पर प्रस्तुत करती है। सच को सच कहना सांप्रदायिकता नहीं, बल्कि बौद्धिक ईमानदारी का परिचायक है। इस पुस्तक की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह है कि यह भारतीय इतिहास को दिल्ली और उत्तर भारत-केंद्रित दृष्टिकोण की सीमाओं से मुक्त करती है। इसमें काकतीय, चालुक्य, पल्लव, होयसल, पूर्वी गंग, ब्रह्मपाल जैसे वंशों के साथ-साथ भंजा, गुहिल, कलचुरी, मैत्रक, मौखरी, शिलाहार, सोमवंशी, तोमर और चैहमान (चौहान) जैसे अनेक राजवंशों के योगदान को भी समुचित स्थान दिया गया है। इस पुस्तक में मंदिर स्थापत्य को केवल पूजा-स्थल या धार्मिक प्रतीक भर मानकर नहीं देखा गया है, बल्कि उसे मध्यकालीन भारतीय समाज की शिक्षा, कला, विज्ञान और सामुदायिक जीवन के जीवंत केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

बेलूर-हलेबिडु के होयसल मंदिरों की अद्वितीय सूक्ष्म नक्काशी हो या फिर एलोरा का कैलाशनाथ मंदिर, ये सभी उस तकनीकी दक्षता, स्थापत्य-ज्ञान और सौंदर्य-बोध के ठोस प्रमाण हैं, जिस पर भारत की सभ्यता सदियों तक खड़ी रही। यह प्रस्तुति उस लंबे समय से प्रचारित मिथक को स्वतः ध्वस्त करती है कि मध्यकालीन भारत बौद्धिक, वैज्ञानिक या रचनात्मक रूप से किसी प्रकार पिछड़ा हुआ था। पुस्तक में सम्मिलित 'वसुधैव कुटुंबकम्' और 'इंडिया, ए होम टू मेनी' जैसे अध्याय भारत के उस सभ्यतागत आत्मा को सामने लाते हैं, जिसकी जड़ें सहिष्णुता, सह-अस्तित्व और सम्मान में रची-बसी हैं। यहूदी और पारसी समुदायों को न केवल शरण देना, बल्कि उन्हें सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक स्वीकार्यता प्रदान करना भारतीय समाज की ऐतिहासिक परंपरा रही है।

नई पुस्तक में जोड़ा गया 'इंडिया एंड हर नेबर्स' अध्याय में पाकिस्तान के संदर्भ में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उसका निर्माण धार्मिक आधार पर हुआ और विभाजन ने चुनौतियां कम नहीं कीं, अपितु भारतीय मानस को गहरे घाव दिए। यह प्रस्तुति उस वैचारिक भ्रम को तोड़ती है, जिसके अनुसार भारत-पाक विभाजन एक राजनीतिक दुर्घटना मात्र थी। पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों को साझा सभ्यतागत विरासत के संदर्भ में समझाने का प्रयास छात्रों को व्यापक दृष्टि प्रदान करता है।

खेमा सर्वाधिक असहज उन अध्यायों को लेकर है, जिनमें महमूद गजनवी, मोहम्मद गोरी और बख्तियार खिलजी के आक्रमणों का विस्तृत वर्णन किया गया है।

कारण स्पष्ट है, क्योंकि पहली बार विद्यालयी पाठ्यक्रम में इन आक्रमणों को उनकी वास्तविक वैचारिक पृष्ठभूमि के साथ प्रस्तुत किया गया है। गजनवी के 17 आक्रमण-सोमनाथ मंदिर का विध्वंस, मथुरा और कन्नौज के देवालयों का नाश, बड़े पैमाने पर नरसंहार और स्त्री-बच्चों को दास बनाकर गजनी ले जाना, ये सब अब 'कथा' नहीं, बल्कि ऐतिहासिक तथ्य के रूप में सामने हैं। अल-उत्बी, अल-बिरूनी, फिरदौसी जैसे समकालीन फारसी स्रोत स्वयं स्वीकार करते हैं कि गजनवी अपने अभियानों को 'काफिरों के विरुद्ध जिहाद' मानता था। इसी क्रम में मुहम्मद बिन कासिम द्वारा सिंध पर किया गया आक्रमण हो, बख्तियार खिलजी द्वारा नालंदा और विक्रमशिला का विध्वंस हो या तैमूर द्वारा 1398 में दिल्ली में किया गया भीषण नरसंहार, इन सभी घटनाओं के पीछे केवल राजनीतिक कारण नहीं थे।

## सम्पादकीय

### हाईवे पर हो रही मौतों के लिए क्या सिर्फ ड्राइवर जिम्मेदार?



छले कुछ समय से राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस-वे पर जिस तरह के हादसे हुए, उसमें वाहन चालकों की लापरवाही या चूक को जिम्मेदार बताया जा सकता है। मगर सड़क किनारे बने ढाबे या होटल भी इसका बड़ा कारण बन रहे हैं, क्योंकि अक्सर इनके सामने ट्रक या अन्य वाहन खड़े कर दिए जाते हैं और वहां से गुजरने वाली कोई अन्य गाड़ी उनसे टकरा जाती है। ऐसे अनेक मामले सामने आए, जिसमें पिछले महीने की शुरुआत में राजस्थान के फलोदी में एक टेम्पो ट्रेवलर के सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकराने की घटना ने सबका ध्यान खींचा था। उसमें दस महिलाओं और चार बच्चों सहित पंद्रह लोगों की जान चली गई थी। इस घटना का सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया और ऐसे हादसों को लेकर चिंता जताई थी। उसी मामले की सुनवाई के दौरान सोमवार को शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानी एनएचएआइ और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सख्त नाराजगी जताई। अदालत ने यह भी कहा कि एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे बने अवैध ढाबे तथा होटल सड़क हादसों की बड़ी वजह बन रहे हैं और इसे रोकने के लिए पूरे देश में लागू होने वाले दिशा-निर्देशों पर विचार किया जाएगा। यह कोई छिपी बात नहीं है कि लंबी दूरी की निर्बाध सड़कों के किनारे कई जगहों पर ढाबे या होटल तो बना दिए जाते हैं, लेकिन वहां सड़क से अलग हट कर वाहन लगाने के लिए जगह नहीं होती। नतीजतन, वहां खाने-पीने आदि के लिए रुकने वाले लोग अपनी गाड़ी सड़क किनारे ही खड़ी कर देते हैं। जबकि ऐसी सड़कों पर आमतौर पर वाहनों की रफ्तार काफी तेज होती है और पीछे से आने वाली गाड़ियों के टकराने की आशंका हमेशा बनी रहती है। इसके बावजूद बड़े पैमाने पर सड़क किनारे बिना रोकटोक के ऐसे ढाबे और होटल चलने की जिम्मेदारी किसकी है? एक ही प्रकृति के लगातार हादसों और ज्यादातर घटनाओं में कारण स्पष्ट होने के बावजूद सरकार की ओर से अब तक इस दिशा में कोई पहल क्यों नहीं की गई? इसी को रेखांकित करते हुए अदालत ने सवाल उठाया है कि इस तरह के ढाबों पर कार्रवाई के लिए कौन-से नियम हैं और अब तक इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं। हैरानी की बात है कि लगातार सड़क हादसों के कारणों की पहचान करके उसे दूर करने के लिए सरकार और संबंधित महकमों को खुद अपनी ओर से जो पहल करनी चाहिए थी, उसके बारे में सुप्रीम कोर्ट को ध्यान दिलाना पड़ता है। देश भर में अच्छी सड़कों का जाल तो बिछाया जा रहा है, लेकिन उन पर सफर भी उतनी ही सुरक्षित हो, यह सुनिश्चित करने का सवाल एक तरह से हाशिये पर छोड़ दिया गया है। एक्सप्रेस-वे या राष्ट्रीय उच्च मार्गों पर निर्बाध सफर की सुविधा तो है, लेकिन अगर कहीं ढाबा या होटल बना दिया गया है, तो अव्वल तो उनकी वैधता की पड़ताल की जरूरत नहीं समझी जाती

# राष्ट्रीय सुरक्षा को चाहिए नई दृष्टि

भारतीय उपमहाद्वीप के मानचित्र को नए सिरे से बदलने वाली 16 दिसंबर की तिथि को भारत में विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। पाकिस्तान के विभाजन और बांग्लादेश के सृजन के रूप में भारतीय सैन्य बलों की यह एक अद्वितीय विजय थी। महज एक पखवाड़े के भीतर भारतीय सेना ने पाकिस्तान को पूरी तरह पस्त कर दिया और उसके 93,000 सैनिकों ने शर्मनाक आत्मसमर्पण किया। हमारे सशस्त्र बलों की पेशेवर कार्यशैली, देशभक्ति, समर्पण, दृढ़ता, संकल्प और साहस ने इस विजय को विशेष बनाया। इस विजय में और भी कई निर्णायक पहलू थे।

जैसे सभी स्तरों पर नेतृत्व, राजनीतिक-सैन्य समन्वय, कूटनीति, खुफिया जानकारी, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, विशेष रूप से सीमा सुरक्षा बल, रेलवे और मुक्ति वाहिनी की भूमिका भी उतनी ही अहम रही। पूर्व सेनाप्रमुख जनरल वीएन शर्मा के अनुसार 1971 की विजय का सबसे बड़ा मर्म यही रहा कि युद्ध लड़ना केवल एक सैन्य मोर्चा नहीं, बल्कि समग्रता का संघर्ष है, जिसमें राजनीति और कूटनीति भी शामिल होती है। उनकी दृष्टि में युद्ध मात्र एक सैन्य कार्रवाई न होकर विभिन्न सरकारी एजेंसियों और विभागों का समन्वित प्रयास होता है।

राष्ट्रीय सुरक्षा एक व्यापक विषय है। परिभाषा की बात की जाए तो कोई भी खतरा जो परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से संप्रभुता और अखंडता को चुनौती देता है, उसे राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता के रूप में देखा जाता है। हालांकि अब इसे केवल पारंपरिक सैन्य युद्ध के संदर्भ में ही सीमित नहीं किया जा सकता। वर्तमान परिदृश्य आर्थिक सुरक्षा,



सामाजिक-राजनीतिक सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, मानव विकास सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा के साथ कुछ और पहलुओं को जोड़ता है।

वर्तमान में पारंपरिक क्षेत्रीय खतरों और हार्ड पावर के साथ ही साफ्ट पावर, जलवायु परिवर्तन, रैनसमवेयर, महत्वपूर्ण खनिजों से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट मीडिया तक सब कुछ राष्ट्रीय सुरक्षा के रूप में वर्गीकृत किए जा सकते हैं। ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, परमाणु प्रसार, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद, साइबर हमले, विदेश में नागरिकों की सुरक्षा और बाजारों की सुरक्षा जैसे कई अन्य मुद्दे भी इस मोर्चे पर उभरे हैं। कोविड जैसी महामारी को भी सुरक्षा के साथ जोड़कर देखा जा सकता है। इस सच्चाई को अनदेखा नहीं किया जा सकता कि आर्थिक वैश्वीकरण और तेजी से आकार ले रहे तकनीकी परिवर्तन ने असामान्य खतरों की संख्या बढ़ा दी है। इसके बावजूद, पारंपरिक खतरों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। समय के साथ भौगोलिक परिदृश्य भी तेजी से बदल रहा है। इसमें अंतरराष्ट्रीय प्रणाली को प्रतिस्पर्धी शक्ति केंद्रों, तकनीकी व्यवधानों और बदल रहे गठबंधनों द्वारा नए सिरे से निर्धारित किया जा रहा है। साइबर, अंतरिक्ष और सूचना युद्ध के रूप में प्रतिस्पर्धा शांति और संघर्ष की रेखाओं को धुंधला कर रही है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा का मूल्यांकन केवल राजनीतिक और सैन्य ढांचों से नहीं किया जा सकता। इसके मूल्यांकन में समग्र राष्ट्रीय दृष्टिकोण बहुत उपयोगी होगा। यह संकल्पना यही मांग करती है कि सैन्य और नागरिक सरकारी विभागों के बीच आदर्श समन्वय एवं सहयोग सुनिश्चित हो, ताकि एकीकृत प्रक्रिया के माध्यम से साझा सामरिक लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। यदि भारत को आज की चुनौतियों का समग्र रूप से सामना करना है तो ऐसा समग्र दृष्टिकोण आवश्यक है। एक विशाल लोकतंत्र और तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के रूप में भारत राष्ट्रीय सुरक्षा के नए तानेबाने की तलाश के लिहाज से एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। इस बीच क्षेत्रीय गतिशीलता, आर्थिक चुनौतियां, तकनीकी प्रगति और नए आकार ले रहे खतरों की जटिलताएं सुरक्षित और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण को विकसित करने की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। इसलिए समग्र राष्ट्रीय दृष्टिकोण और भी आवश्यक है। इस कड़ी में अत्याधुनिक हथियारों से सुसज्जित सशक्त सेना का होना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि यह संकल्प अधिक महत्वपूर्ण है कि समय आने पर उनका तत्परता से उपयोग कैसे किया जाए। यह बिंदु भी राष्ट्रीय सुरक्षा के नए ढांचे को परिभाषित करेगा। समन्वय और सहयोग को प्रोत्साहन देने का सबसे प्रभावी तरीका यही है कि सैन्य और नागरिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों के बीच समय के साथ सुसंगति बनाई जाए। ऐसा न हो कि उन्हें संघर्ष के समय ही एक साथ काम करने के लिए साथ आना पड़े। याद रहे कि भारत को सुरक्षित बनाना एक बहुआयामी प्रयास है।

# मोदी सरकार देश की संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है: जातव

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर की ओर से न्यायालय की ओर से सोनिया गांधी और राहुल गाँधी के प्रवर्तन निदेशालय की चार्ज शीट पर झूठे मुकदमे ख़ारिज किए जाने व प्रवर्तन निदेशालय आदि संस्थानों के दुरुपयोग को लेकर स्थानीय गांधी पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष विरोध, धरना प्रदर्शन व मोदी सरकार का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विधायक संजय कुमार जाटव ने की आयोजित विशाल विरोध, धरना, प्रदर्शन में पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा, पूर्व प्रधान बसेड़ी लाखन सिंह खिडोरा धर्मेन्द्र शर्मा, पूर्व प्रधान मोनू जादौन सहित प्रदेश पदाधिकारी, जिला कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष विभाग अग्रिम संगठन, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, विधायक संजय कुमार जाटव ने कहा कि मोदी सरकार की बदनियती और गैर कानूनी तरीके से की गई कार्रवाई पूरी तरह से बेनकाब हो गई है। अदालत ने यंग इंडियन मामले में कांग्रेस नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को अवैध और दुर्भावना से ग्रसित पाया है। उन्होंने आगे कहा कि अदालत ने फैसला दिया है कि प्रवर्तन निदेशालय का मामला क्षेत्राधिकार से बाहर है, उसके पास कोई एफआईआर नहीं है जिसके बिना कोई मामला ही नहीं बनता। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है, आगे कहा कि न्यायालय का फैसला सत्ता पर सत्य की विजय का प्रमाण है, न्यायालय ने हमारे नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की शिकायत को खारिज कर स्पष्ट कर दिया है कि इसमें मनी लॉड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता। विधायक ने कहा कि मोदी सरकार की ओर से पिछले एक दशक से मुख्य विपक्षी दल के खिलाफ राजनैतिक प्रतिशोध और बदले की भावना से की जा रही कार्रवाई आज पूरे देश के सामने बेनकाब हो गई है। विशाल धरना प्रदर्शन को संबोधित करने वालों में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार महंगाई और बेरोजगारी से ध्यान भटकाना चाहती है मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियां जनता के सामने आ रही हैं वह पूंजी पत्तियों की सरकार है प्रदेश सचिव धर्मेन्द्र शर्मा, पूर्व प्रधान लाखन सिंह खिडोरा, मूला सिंह तोमर, प्रधान प्रतिनिधि नागेश कुशवाहा, राजकुमार तोमर पूर्व प्रधान मोनू जादौन, प्रभारी सुलेमान फारुकी ने कहा कि मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर राजनेतिक प्रतिशोध की भावना से कम कर रही है हम सबको न्यायालय पर पूर्ण भरोसा है। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी , प्रदेश उपाध्यक्ष लीना शर्मा, शबनम खान, शालिनी शर्मा, वैजन्ती देवी, रोशनी शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, वीरेंद्र जादोन,ओमवास शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उमर फारूक, शिबू लोधा, राजेंद्र पोसवाल,राजवीर मीना, बोबी जगरिया प्रदेश प्रभारी, पुष्पेंद्र कुशवाहा, सरपंच राजेश सिकरवार ने अपने संबोधन कहा कि मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल है। यंग सेवा दल अध्यक्ष सोनू यादव, अभिषेक सक्सेना, अभिषेक यादव, माहिर हसन, शहजाद जलमानी, राजेश प्रजापति, फरहत खान, उस्मानी अजमेरी, गुड्डु कुरेशी पूर्व पार्षद, पार्षद धर्मा, पूर्व पार्षद हरविलास रजक, जगदीश प्रसाद इंडिया, आर्यन शर्मा, रोहित शर्मा, रवि, प्रताप सिंह कुशवाहा, ब्रजराज सिंह पार्षद चंदन सिंह, संजय अग्रवाल सर मथुरा, प्रवेश खान पठान, अशफाक उस्मानी, मुन्ना खान अब्बासी, शैजी जाफरी, संजय बघेल, लोकेंद्र सिंह ,मुरारी लाल, शाहरुख खान ,भगवान सिंह जाटव, सुरेंद्र सिंह जाटव, राजेश कुशवाहा, बनवारी लाल जाटव, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे संचालन संगठन महासचिव धनेश जैन ने किया समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ

# शहरी समस्या समाधान के तहत वार्डवार कैम्प से आमजन को मिल रही राहत

## आदर्श नगर जोन में आयोजित "शहरी समस्या समाधान शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कांस)।** नगर निगम जयपुर की ओर से राज्य सरकार के निर्देशानुसार 16 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक 'शहरी समस्या समाधान 2025' शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को आदर्श नगर जोन के फोलोअप शिविर सम्पूर्ण आदर्श नगर जोन क्षेत्र वार्ड संख्या 116 से 132 जोन कार्यालय सेक्टर-4 जवाहर नगर में आयोजित किया गया। वार्डवार शिविर में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। गुरूवार को जगतपुरा जोन के फोलोअप शिविर सम्पूर्ण जगतपुरा जोन क्षेत्र वार्ड संख्या 59 से 63 व 68 कार्यालय जगतपुरा जोन नन्दपुरी अण्डरपास व झालाना जोन के फोलोअप शिविर सम्पूर्ण झालाना जोन क्षेत्र वार्ड संख्या 64 से 67 एवं 69 से 72 कार्यालय जगतपुरा जोन नन्दपुरी अण्डरपास में आयोजित किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त डॉ? गौरव सैनी ने बुधवार को आदर्श नगर जोन के जोन कार्यालय, सेक्टर-4 जवाहर नगर में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया आमजन से फीडबैक लिया तथा अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के तत्काल निस्तारण के भी निर्देश दिए। आयुक्त ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत् 15 हजार रूपये का चैक लाभार्थियों को 15 हजार एवं 25 हजार रूपये के चैक प्रदान किए। इस अवसर पर आदर्श नगर जोन उपायुक्त तथा सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे। "शहरी समस्या समाधान शिविर-2025" के तहत आमजन से प्राप्त विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान किया जाएगा। समस्याओं को चिह्नित करने व प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करने के लिए वार्डवार प्रातः 10.00 बजे से 05:00 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### शिविरों में मिल रही आमजन को तत्काल राहतः

आदर्श नगर जोन के वार्ड नं. 92 में गुरूरामदास मार्ग, आचार्य कृपलानी मार्ग, फ्रन्टीयर कॉलोनी बर्फखाना रोड़ तनेजा ब्लॉक एवं बाल भवन के पास, साकेत कॉलोनी, अशोक चौक में वर्षा के कारण बड़े-बड़े गड्ढे होने से आमजन व जनप्रतिनिधियों की ओर से लगातार जोन कार्यालय में सड़क मरम्मत के लिए शिकायत प्राप्त होने से आदर्श नगर जोन अधिशाषी अभियन्ता की ओर से गुरूरामदास मार्ग, आचार्य कृपलानी मार्ग, फ्रन्टीयर कॉलोनी बर्फखाना रोड़ तनेजा ब्लॉक एवं बाल भवन के पास एवं अन्य स्थानों पर डामर सड़क मरम्मत का कार्य के तहत कार्यादेश राशि रूपये 55.32 लाख से वर्षा के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य करवाया गया जिससे आ रही समस्याओं का समाधान किया गया। आदर्श नगर जोन के वार्ड नं. 90 में वायरलेस क्वार्टर, श्मशान चौराहा, गोखले पार्क, एस.जे. स्कूल के चारो तरफ वर्षा के कारण बड़े-बड़े गड्ढे होने से आमजन व जनप्रतिनिधियों की ओर से लगातार जोन कार्यालय में सड़क मरम्मत के लिए शिकायत प्राप्त होने से आदर्श नगर जोन अधिशाषी अभियन्ता के द्वारा अंकुर सिनेमा से खड्डा बस्ती चौराहें तक, गोखले पार्क के आसपास एवं जनता कॉलोनी में डामर सड़क मरम्मत कार्य के तहत कार्यादेश राशि रूपये 73.50 लाख की ओर से वार्ड नं. 90 में वर्षा के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य करवाया गया जिससे आ रही समस्याओं का समाधान किया गया। आदर्श नगर जोन के शिविर में जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन के 27 आवेदनों के प्रमाण पत्र तत्काल जारी किए गए। घर-घर कचरा संग्रहण के 329 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। नाला-नाली मरम्मत के 1 प्रकरण का निस्तारण किया गया।

### गुरूवार को यहाँ आयोजित होगा शिविर :

गुरूवार को जगतपुरा जोन के फोलोअप शिविर सम्पूर्ण जगतपुरा जोन क्षेत्र वार्ड संख्या 59 से 63 एवं 68 कार्यालय जगतपुरा जोन नन्दपुरी अण्डरपास व झालाना जोन के फोलोअप शिविर सम्पूर्ण झालाना जोन क्षेत्र वार्ड संख्या 64 से 67 व 69 से 72 कार्यालय जगतपुरा जोन नन्दपुरी अण्डरपास में आयोजित किया जाएगा।

## स्कूली विद्यार्थियों ने किया जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना केंद्र में 2 साल नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान थीम पर आयोजित जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का स्कूली छात्र-छात्राओं ने अवलोकन किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने जिले में किये गये नवाचारों एवं विभिन्न विभागों द्वारा विगत दो वर्ष में हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निरामय राजस्थान अभियान, पीएम सूर्यघर योजना, युवाओं को नियुक्तियां, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान, यूनिटी मार्च, पालनहार योजना, नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा, नए चिकित्सा संस्थान, नवाचार, वन विभाग, हरियालो राजस्थान, बीएससी नर्सिंग कॉलेज, उज्ज्वला योजना, मनरेगा सहित जन सुनवाई एवं रात्रि चौपाल विभिन्न विभागों की उपलब्धियों से संबंधित प्रदर्शनी को देखा। विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों में प्रदर्शनी को लेकर खासा उत्साह देखा गया। यह प्रदर्शनी गुरूवार तक आमजन के अवलाकनार्थ खुली हुई है।

## आरएसी जवानों ने यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** युवाओं में लापरवाही, नशे की प्रवृत्ति तथा यातायात नियमों की अनदेखी के कारण सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे असमय मौतें हो रही हैं। इसी गंभीर समस्या को लेकर आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से धौलपुर में आरएसी के जवानों की ओर से एक प्रभावशाली नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया गया। इस नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से वाहन चलाते समय नशा नहीं करने, हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा यातायात नियमों की पालना का सशक्त संदेश दिया गया। नाटक में नियमों की अनदेखी से होने वाली दुर्घटनाओं और उनके दुष्परिणामों को यथार्थ रूप में दर्शाया गया। नाट्य रूपांतरण में आरएसी जवान विजय सिंह कसाना ने यमराज, रविन्द्र रावत ने चित्रगुप्त, एडीशनल एसपी सुरेश सांखला व उनके पुत्र, बाल कलाकार और रविन्द्र ने विभिन्न भूमिकाएँ निभाईं। एडीशनल एसपी सुरेश सांखला और आरएसी के जवान विजय सिंह गुर्जर सहित उनके साथी सिपाहियों ने भी प्रस्तुति में सक्रिय भूमिका निभाते हुए आमजन को सरल व रोचक ढंग से यातायात नियमों के महत्व से अवगत कराया। इस जागरूकता कार्यक्रम को उपस्थित लोगों ने सराहा और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया। जनहित में यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने की दिशा में यह पहल एक सराहनीय प्रयास रही।

## घायल व्यक्ति को ब्लड देकर दिया मानवता का परिचय

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** नवीन नागरिक सुरक्षा टीम धौलपुर के सदस्य सचिन कुमार बैंसला ने एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति को ब्लड देकर दिया मानवता का परिचय। जानकारी के अनुसार धौलपुर मनियां के बगचोली में हुए एक्सीडेंट में नवीन नागरिक सुरक्षा में चयनित भुवनेश्वर गोस्वामी के पिताजी के पैर से अत्यधिक ब्लड बहने पर डॉक्टर मनोज त्यागी पर भर्ती घायल को ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर नागरिक सुरक्षा मे प्रशिक्षण दे रहे सीरियल नंबर 307 सचिन कुमार बैंसला सन ऑफ रामबरन सिंह गांव मोहरी मतसूरा बाड़ी ने एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति को ब्लड देकर दिया मानवता का परिचय जिसमें उनके साथ नवीन नागरिक सुरक्षा टीम सिविल डिफेंस के अन्य सदस्य रविन्द्र सिंह, सोमेश्वर घुरैया, अखय सिंह, सत्यभान सिंह, सचिन कंसाना आदि मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जिला कारागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं और आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने बंदियों से संवाद किया और जेल में भोजन,स्वच्छता, चिकित्सा व्यवस्था, लाइब्रेरी, मुलाकात व्यवस्था, परिवादों में पैरवी, विधिक सहायता आदि के संबंध में फीडबैक लिया। बंदियों ने सभी व्यवस्थाओं के बारे में सकारात्मक फीडबैक दिया। उन्होंने कहा कि जेल व्यवस्थाओं के समुचित संचालन करें तथा सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए। जिला कलक्टर ने जेल में संचालित पुस्तकालय का अवलोकन किया तथा बंदियों से संवाद करते हुए उन्हें पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बेहतर पुस्तकों का अध्ययन बंदियों के जीवन की दिशा बदल सकता है। इस दौरान जिला कलक्टर ने मुलाकात कक्ष, कार्यालय, महिला व पुरुष बैरक, बंदियों के लिए बन रहे भोजन व रसोईघर आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से उनके प्रकरणों में नियुक्त अधिवक्तागण एवं प्रकरणों में हो रही पैरवी के संबंध में भी चर्चा की। जेल अधीक्षक राजेश योगी ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान जेलर दिलीप कुमार, मुख्य प्रहरी महेंद्र सिंह, मोहर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## स्वस्थ जीवन शैली उद्बोधन कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डाबला बुजुर्ग के कौशल्या दास की बावड़ी में स्वस्थ जीवन शैली उद्बोधन कार्यक्रम व योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के प्रभारी डा0 लक्ष्मीकान्त शर्मा ने विद्यार्थियो व छात्राओं को स्वास्थ के प्रति जागरुकता बढाना, मौसमी बीमारियो से बचाव संतुलित आहार-विहार, स्वच्छता तथा नियमित योग के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। तनाव प्रबन्धन, एकाग्रता बढ़ाने एवं शारीरिक व मानसिक विकास मे योग की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। योग सत्र में सुमन पारीक नर्स ग्रेड सेकंड योग प्रशिक्षक महिला सरस्वती शर्मा, रामपाल चौधरी ने विद्यार्थियो की योग प्राणायाम करवाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रधानाध्यापिका रुक्मिणी मीणा के नेतृत्व में किया गया।

## बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने किया उप कारागृह का संयुक्त निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा( निस)।** 'मॉडल जेल मैन्युअल 2016' के तहत गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स की ओर से उप कारागृह सांभर लेक (फुलेरा) का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की अध्यक्षता अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति, सांभर लेक (लिंक अधिकारी) डॉ. ऋचा कौशिक ने की। निरीक्षण के दौरान जेल में निरुद्ध बंदियों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। बंदियों ने बताया कि जेल में किसी भी प्रकार का जाति आधारित भेदभाव नहीं किया जाता तथा सभी को समान रूप से सुविधाएं एवं कार्य दायित्व प्रदान किए जाते हैं। बोर्ड सदस्यों ने उप कारागृह के लंगरखाना (रसोई) का भी निरीक्षण किया। वहां कार्यरत बंदियों से बातचीत में यह स्पष्ट हुआ कि भोजन निर्माण एवं कार्य व्यवस्था में भी किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है और सभी बंदी आपसी सहयोग से कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर उप खंड अधिकारी ऋषि राज कपिल, राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय सांभर लेक के प्रधानाचार्य टीकमचंद मालाकार, कृषि विभाग से कैलाश चौधरी, गोल्डन ड्रीम सोसायटी की अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता सपना सबनानी, ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राज चौधरी, सार्वजनिक निर्माण विभाग से संजय कुमार वर्मा, समाज कल्याण विभाग से डॉ. शंकर लाल, तालुका विधिक सेवा समिति सांभर लेक से चान्दमल सांभरिया, भागचंद कुमावत, उप कारापाल भरत लाल मीणा, उप प्रहरी पूरण सिंह, प्रहरी गिरदावर, हिमांशु सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान पेंशनर दिवस पर सम्मान व स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स



**नावा सिटी(निस)।** उपखंड मुख्यालय नावा में पेंशनर समाज उप शाखा नावा सिटी की ओर से 17 दिसंबर को राजस्थान पेंशनर दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप कोषाधिकारी पूरणमल कलावत व विशिष्ट अतिथि सहायक लेखा अधिकारी मुकेश कुमार ट्रेलर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात पेंशनर समाज के जनक डी. एस. नकारा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। मंच पर उप कोषाधिकारी पूरणमल कलावत, पेंशनर समाज अध्यक्ष सुरेश कुमार गौड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मालचंद भार्गव, सचिव मदनलाल पिपलोदा, सहायक सचिव बजरंग लाल चेजारा व कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी उपस्थित रहे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मालचंद भार्गव ने डी. एस. नकारा की जीवनी व पेंशनर समाज के लिए उनकी ओर से किए गए ऐतिहासिक कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नावा के सहयोग से कंपाउंडर राजेश कुमार शर्मा की ओर से उपस्थित पेंशनरों की बीपी व शुगर जांच की गई। इस सेवा के लिए शर्मा का माल्यार्पण, मोमेंटो वंके शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इसके अलावा 7 दिसंबर को नेपाल सरकार की ओर से 25 देशों के ध्वजों के नीचे पेंशनर समाज अध्यक्ष सुरेश कुमार गौड़ को अटल सार्क गौरव अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर कार्यक्रम में उन्हें साफा, माला व मोमेंटो भेंट कर बधाई दी गई। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## द्विदिवसीय श्री अग्रभागवत कथा (पंचामृत), भव्य कलश शोभायात्रा निकाली

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** बाडी जिला अग्रवाल महिला संगठन के तत्वावधान में श्री अग्रवाल महिला मंडल बाड़ी इकाई की ओर से द्विदिवसीय श्री अग्रभागवत कथा पंचामृत का 2 दिन का आयोजन किया जा रहा है। श्री अग्रभागवत कथा जिला अग्रवाल महिला संगठन की जिलाध्यक्ष सरोज मंगल, महामंत्री नीतू सिंघल, बाड़ी इकाई अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष ऊषा मित्तल, महामंत्री सुमन मंगल के नेतृत्व में आयोजित की गई है। कथा के अवसर पर 17 को दिव्य भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा किला गेट दाऊजी के मंदिर से प्रारम्भ होकर लुहार बाजार होते हुए श्री सत्यनारायण धर्मशाला में पहुंची। इस कलश शोभायात्रा में 251 कलश माता-बहनें की ओर से निकाले गए। शोभायात्रा का मुख्य बाजार में व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित मंगल, महामंत्री राजेंद्र गर्ग (पप्पू) एवं समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत किया गया। शोभायात्रा धर्मशाला पहुंचने पर भगवान श्री अग्रसेन महाराज व लक्ष्मी जी की पूजा की गई। कलश वाली बहनों को भोजन प्रसादी व बिस्कुट वितरित किए गए। भागवत कथा का आयोजन एक बजे से किया गया। यह अग्रभागवत कथा राष्ट्रीय कथा वाचिका कमलेश गर्ग (आर्य) के मुखारविंद से कथा का वाचन किया गया। भागवत कथा में भगवान श्री अग्रसेन महाराज जी के जन्म का वर्णन किया गया और सभी बहिनों की ओर से बधाईयां बांटी गई। प्रोग्राम में प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नालाल मंगल, अग्रवाल समाज जिलाध्यक्ष ऋषि मित्तल, बाड़ी अग्रवाल सभा अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, महामंत्री हरिशंकर मंगल विष्णु मासलपुरिया सुनील गर्ग अग्रवाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष सचिन बंसल महामंत्री मंथन मित्तल डॉ निरमा सिंघल प्रिंसी गर्ग सुनीता मित्तल विद्या देवी जिंदल पूरी महिला मंडल में टीम उपस्थित रही। इस कलश शोभायात्रा के दौरान बाड़ी ट्रैफिक पुलिस की शानदार व्यवस्था रही।

## एकल नृत्य प्रतियोगिता में छात्रा श्रद्धा सोनी ने बाजी मारी

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय, हेतमसर में महिला प्रकोष्ठ की ओर से गत 15 से 17 दिसम्बर तक तीन दिवसीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी वन्दना कुमारी ने बताया कि मेहन्दी प्रतियोगिता में बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रूकसार बनों, एकल गायन प्रतियोगिता में बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा जासमीन, आशु भाषण प्रतियोगिता में बीए पंचम की छात्रा पूजा तंवर, केश सज्जा प्रतियोगिता में बीए तृतीय की छात्रा साक्षी, एकल नृत्य में बीए की छात्रा श्रद्धा सोनी और सामूहिक नृत्य में बीए तृतीय की छात्राएं आयुषी कुमावत व दिव्या सोनी प्रथम स्थान पर रही। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 सुनिता बेनीवाल एवं समस्त स्टाफ सदस्य और भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

## न्यायिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से जिला कारागृह धौलपुर का औचक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर की ओर से जारी दिशा निर्देशों के अनुपालना में बुधवार को अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर संजीव मागो, सचिव रेखा यादव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ज्योति सिंह मीणा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारियों की ओर से संयुक्त रूप से जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने माननीय नालसा की ओर से जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित किए जाने और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण दौरान सभी न्यायिक अधिकारियों ने सर्वप्रथम जेल में स्थित बैरकों में जाकर सभी बंदियों अण्डरट्राइल व कन्विट बंदियों से अलग-अलग बातचीत की तथा बंदियों से उनके केस के प्रकरण जमानत आगामी पेशी तारीख इत्यादि की सभी न्यायिक अधिकारीगणों ने जानकारी ली व बंदियों से जातिगत भेदभाव के बारे में पूछा गया तो सभी बंदियों ने जातिगत भेदभाव होना नहीं बताया। साथ ही जिला न्यायाधीश ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली एवं समय पर दवाइयां उपलब्ध होने की भी जानकारी प्राप्त की। जेल में स्थित बंदियों ने जमानत के बारे में जानकारी दी कुछ नए आए बंदियों ने फॉमेट न मिलने की जानकारी दी तो न्यायाधीश की ओर से जेल अधीक्षक व एलएडीसीज अधिवक्ताओ को निर्देशित किया कि सभी नए आए बंदियों को शीघ्र ही फार्मेट उपलब्ध करावाएं व एक बंदी ने घरवालों से बातचीत नहीं होने की जानकारी दी तो जिला न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि उसके घरवालों से बातचीत करवाएं व एक बंदी ने आधार कार्ड न बनने की जानकारी दी और एक बंदी ने भरण-पोषण के संबंध में जानकारी दी तो जिला न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि सभी बंदियों की समस्याओं का जल्द से समाधान करें। इस मौके पर जेल अधीक्षक ने बताया कि जेल में प्रतिदिन बंदियों को लिए पांच मिनट बातचीत करने के लिए मिलती हैं। बंदियों से बातचीत करने के बाद जिला न्यायाधीश संजीव मागो ने बंदियों को समझाया कि जो गलतियां वर्तमान में हो चुकी है। जेल से बाहर जाने के बाद कभी भी गलतियों की पुनरावृत्ति न करके अपने उज्ज्वल भविष्य को बनाएं उसके बाद जेल में स्थित रसोईघर का भी जिला न्यायाधीश एवं सभी न्यायाधीशों ने निरीक्षण किया एवं आज के भोजन की भी जानकारी ली तो शाम के भोजन में बंदियों के लिए मोंट की दाल, आलू की सब्जी बन रहीं थी निरीक्षण दौरान सभी न्यायाधीशों ने सब्जियों की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया उसके बाद रसोईघर में रोटी बनाने वाली मशीनों का भी बारिकी से निरीक्षण किया व रोटी बनने की प्रक्रिया को भी जांचा एवं बंदियों की लिए नहाने एवं कपड़े धोने के लिए उपलब्ध पानी एवं बंदियों के लिए उपलब्ध लेट्रिनो का निरीक्षण किया निरीक्षण व सर्दी से बचाव के लिए बंदियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध करावाने के भी जेल अधीक्षक को निर्देश दिए। इस मौके पर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संजीव मागो, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) रेखा यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति सिंह मीणा, प्रशिक्षु न्यायिक मजिस्ट्रेट अंकित, विक्रम, रेखा पूनम, प्राधिकरण के स्टेनो राहुल डण्डौतिया, चीफ एलएडीसी अमित कमठान डिप्टी चीफ एलएडीसी पप्पू सिंह गुर्जर, असिस्टेंट एलएडीसी दीपक सिकरवार, मीता अग्रवाल, आराधना शर्मा, जेल अधीक्षक सुमन मीणा, इत्यादि सहित कारागृह का स्टॉफ व बंदीजन मौजूद रहे।

## हुनर मंद खेल रुचि मे कार्तिक शर्मा संघर्ष से शिखर तक

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कार्तिक शर्मा का जन्म एक साधारण मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। बचपन से ही उनमें खेलों के प्रति विशेष रुचि थी, लेकिन क्रिकेट उनके लिए केवल



एक खेल नहीं बल्कि जुनून था। छोटी उम्र में जब बच्चे खिलौनों से खेलते थे, तब कार्तिक गली-मोहल्लों में बल्ला और गेंद लेकर अभ्यास में जुटे रहते थे। उनके पिता मनोज शर्मा और परिवार और चाचा महेश शर्मा ने शुरू से ही उनके सपनों को समझा और सीमित संसाधनों के बावजूद उनका भरपूर साथ दिया। कार्तिक का शुरुआती सफर आसान नहीं था। सुबह-सुबह फिटनेस ट्रेनिंग स्कूल के बाद घंटों नेट प्रैक्टिस और फिर देर रात तक मैचों के वीडियो देखकर अपनी गलतियों को सुधारना यही उनकी दिनचर्या बन गई। एक बार असफलता भी मिलीं, चयन से बाहर होना पड़ा, चोटों से जूझना पड़ा, लेकिन कार्तिक ने कभी हार नहीं मानी। उनके पिता मनोज शर्मा का मानना था कि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। धीरे-धीरे कार्तिक ने अपनी अलग पहचान बनानी शुरू की घरेलू क्रिकेट में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। उनकी बल्लेबाज़ी में संयम और आक्रामकता का संतुलन था वहीं मैदान पर उनकी फुर्ती और खेल को पढ़ने की क्षमता उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। वे दबाव में भी शांत रहते थे, जो एक बड़े खिलाड़ी की पहचान मानी जाती है। उनके करियर का सबसे यादगार पल तब आया जब आईपीएल नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स जैसी प्रतिष्ठित टीम ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा। यह क्षण केवल कार्तिक के लिए ही नहीं, बल्कि उनके पूरे परिवार रिश्तेदार और राजस्थान के उन सभी लोगों के लिए गर्व का विषय है जिन्होंने उनके संघर्ष को करीब से देखा है। यह सफलता वर्षों की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है। चेन्नई सुपर किंग्स के साथ जुड़ना कार्तिक के लिए एक नई जिम्मेदारी भी लेकर आया। अनुभवी खिलाड़ियों और महान नेतृत्व के बीच रहकर उन्होंने न केवल अपने खेल को निखारा, बल्कि टीम भावना, विनम्रता और निरंतर सीखने का महत्व भी समझा। वे मानते हैं कि सफलता मिलने के बाद ज़मीन से जुड़े रहना सबसे ज़रूरी होता है। कार्तिक शर्मा युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा हैं।

## अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

**खैरथल-तिजारा।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वर्तमान सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने इस अवसर पर चल रहे 15 दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला के सफल और प्रभावशाली आयोजन सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किये। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिले में 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त रक्तदान शिविरों तथा आरोग्य कैम्पों का आयोजन भी किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों से इन गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए सभी तैयारियां पुख्ता करने के लिए कहा। मिशन लाइफ के तहत सिंगल यूज़ प्लास्टिक, ई-वेस्ट प्रबंधन एवं सॉलिड वेस्ट प्रबंधन पर समस्त जिलों में पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रमों की श्रंखला में विभिन्न दिवसों पर महिला सम्मेलन, किसान सम्मेलन, प्रभात फेरी, रन फोर विकसित राजस्थान, युवा- रोजगार दिवस, पर्यावरण संरक्षण अभियान, पर्यटन कॉन्क्लेव, सुशासन दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जिले के पंच गौरव के प्रचार-प्रसार हेतु जारी बजट के अनुरूप सभी संबंधित विभागों को प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वीकृत बजट का उपयोग निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार पारदर्शी ढंग से किया जाए, ताकि जिले की विशिष्ट पहचान, सांस्कृतिक विरासत एवं स्थानीय उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रचार गतिविधियों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के साथ-साथ पोस्टर, बैनर, होर्डिंग, जनजागरूकता कार्यक्रम एवं अन्य सृजनात्मक माध्यमों का समन्वित उपयोग किया जाए। साथ ही सभी गतिविधियाँ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण हों और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए सभी घोषणाओं को समय बद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए।



## एक्ट्रेस निवेथा पेथुराज ने सगाई बाद तोड़ी शादी? तस्वीरें डिलीट, मंगेतर को भी किया अनफॉलो!

साउथ फिल्मों की एक्ट्रेस निवेथा पेथुराज को लेकर एक खबर आई है, जो चौंकाने वाली है। कहा जा रहा है कि एक्ट्रेस ने सगाई के तीन महीने बाद ही रिश्ता खत्म कर दिया है। उन्होंने अपनी सगाई और शादी तोड़ दी है। निवेथा पेथुराज करीब दो साल से फिल्मी पर्दे से दूर थीं, और नवंबर में ही उन्होंने सोशल मीडिया पर वापसी करते हुए सगाई का ऐलान किया था। आखिर ऐसा क्या हुआ है जो निवेथा पेथुराज की सगाई और शादी टूटने की खबरें आने लगी हैं?

दरअसल, निवेथा पेथुराज ने अपनी सगाई की तस्वीरें हटा दी हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी एक भी तस्वीर नहीं है। द हंस इंडिया के मुताबिक, यह भी कहा जा रहा है कि निवेथा और उनके मंगेतर रजित ने एक-दूसरे को अनफॉलो भी कर दिया है। तस्वीरें भी डिलीट कर दी हैं। हालांकि, अभी यह क्लियर नहीं है कि वाकई दोनों ने तस्वीरें डिलीट की हैं या फिर कोई टेक्निकल ग्लिच है।

### पलाश और स्मृति मंधाना की टूटी सगाई से हो रही तुलना?

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि निवेथा के फैंस अब उनकी टूटी सगाई की खबरों की क्रिकेटर स्मृति मंधाना और पलाश मुच्छल की टूटी सगाई और शादी से तुलना कर रहे हैं। स्मृति और पलाश ने भी अपनी सगाई की तस्वीरें डिलीट कर दी थीं और बाद में कन्फर्म किया था कि उनकी शादी टूट गई है। हालांकि, निवेथा ने अभी तक इस मामले पर पूरी तरह चुप्पी साध रखी है और कोई बयान नहीं दिया है। इस बीच, फैंस सोच रहे हैं कि क्या वह जल्द ही फिल्मों में वापसी करेंगी या निजी कारणों से फिर से ब्रेक लेंगी। फिलहाल तो निवेथा के जवाब का इंतजार है।

### निवेथा पेथुराज का करियर

निवेथा पेथुराज के करियर की बात करें, तो उन्होंने साल 2016 में तमिल एक्टर वीआर दिनेश स्टारर ओरु नाल कूथु से अपने करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने तेलुगू सिनेमा में एंट्री की और जयम रवि से लेकर विजय सेतुपति और प्रभु देवा तक के साथ काम किया।



## धुरंधर और किस किसको प्यार करूं 2 में काम करने पर बोलीं आयशा खान

आयशा खान एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में लगातार अपनी जगह बना रही हैं। 2025 उनके लिए काफी अच्छा रहा है। आयशा सबसे पहले बिग बॉस 17 में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर सुर्खियों में आई थीं। तब से उन्होंने टेलीविजन, रीजनल सिनेमा, रियलिटी शो और म्यूजिक वीडियो में अपने काम का दायरा बढ़ाया है। धुरंधर और किस किसको प्यार करूं 2 में अपनी हालिया अपीयरेंस के साथ, उन्होंने मेनस्ट्रीम हिंदी सिनेमा में कदम रखा है।

### धुरंधर और किस किसको प्यार करूं 2 में नजर आई आयशा


बालवीर रिटर्न्स, तेलुगु फिल्म प्रोजेक्ट्स और टीवी शो दिल को रफू कर ले में अपनी अदाकारी के लिए तारीफ बटोर चुकीं आयशा ने हाल ही में धुरंधर में एक स्पेशल डांस परफॉर्मेंस से सबका ध्यान खींचा है। गाने में आयशा की स्क्रीन प्रेजेंस की भी तारीफ हो रही है। किस किसको प्यार करूं 2 की कास्ट में भी वह शामिल हैं। इसमें उन्होंने कपिल शर्मा के साथ स्क्रीन शेयर की है।

### चीजें धीरे-धीरे पूरी हो रही हैं

टीवी से लेकर फिल्मों तक के सफर के बारे में बात करते हुए आयशा कहती हैं पिछले कुछ हफ्ते मेरे लिए बहुत खास रहे हैं। धुरंधर और किस किसको प्यार करू 2 का हिस्सा बनकर ऐसा लग रहा है जैसे मैंने जिस चीज के लिए मेहनत की थी, वह धीरे-धीरे पूरी हो रही है। इसने इस बात को पक्का कर दिया है कि मुझे सेट पर रहना और अपना काम करना पसंद है।

### आयशा ने की आदित्य धर की तारीफ

वह आगे कहती हैं, आदित्य सर के साथ काम करना सीखने का बहुत अच्छा अनुभव था। उनका तरीका मुझे ज्यादा जागरूक और प्रेरित करने वाला लगा। विजय गांगुली सर (मशहूर कोरियोग्राफर) ने मेरे सफर को आरामदायक बनाया और हर कदम पर मुझे गाइड किया। मैं उन सभी की शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया।



## पहली बार रिश्ते पर खुलकर बोले वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया

अभिनेत्री तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया पिछले काफी समय से एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर साथ बिताए पलों की झलक और तारा के फैशन इवेंट्स में वीर की मौजूदगी ने पहले ही कयासों को हवा दे दी थी, लेकिन दिवाली पर दोनों के फोटोशूट ने काफी हद तक रिश्ते पर मुहर लगा दी। अब तारा और वीर ने पहली बार किसी इंटरव्यू में खुलकर एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप पर खुलकर बात की है।

दोनों ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उनका रिश्ता पहले दिन से ही ईमानदारी से शुरू हुआ है। वीर के मुताबिक, पहली ही डेट से दोनों ने अपने जज्बातों को छुपाने की कोशिश नहीं की और जहां भी रहे, जैसे थे वैसे ही रहे।

पहली डेट का जिक्र करते हुए वीर ने एक बेहद खास पल साझा किया। उन्होंने बताया कि वो शाम उनके लिए यादगार बन गई जब उन्होंने पियानो बजाया और तारा ने गाना गाया। साथ बिताया गया वह समय उनके लिए रिश्ते की पहली मजबूत नींव साबित हुआ। वहीं तारा का मानना है कि किसी एक पल ने नहीं, बल्कि वक्त के साथ एक-दूसरे का साथ निभाने ने उनके रिश्ते को खास बनाया। उनके शब्दों में, मुश्किल और अच्छे दोनों दौर में साथ खड़े रहना ही उनके कनेक्शन की असली पहचान है।

### दोनों का वर्कफंट

काम की बात करें तो वीर इस साल की शुरुआत में फिल्म स्काईफोर्स में नजर आए थे। वहीं तारा पिछले काफी समय से पर्दे से दूर हैं। उनकी आखिरी फिल्म साल 2023 में आई अपूर्वा थी, जो कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी।



## आदित्य धर बेहद टैलेंटेड, काबिल और दिल के सच्चे नेक इंसान हैं

**फिल्म 'धुरंधर' की एक्ट्रेस सारा अर्जुन ने अपनी फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर के लिए सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ ही सारा ने आदित्य को असली धुरंधर बताया है।**

सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर आदित्य के साथ अपनी एक फोटो शेयर की और लिखा कि आदित्य ने उनकी पहली बड़ी हिंदी फिल्म में उनका पूरा साथ दिया और उन्हें सबसे अनमोल तोहफा दिया। सारा ने उन्हें सोने जैसा दिल और भरोसा करने का हिम्मती इंसान बताया और कहा कि वे सचमुच धुरंधर हैं। उन्होंने लिखा कि आदित्य बेहद टैलेंटेड हैं, लेकिन घमंड बिल्कुल नहीं करते और बहुत काबिल हैं और दिल के सच्चे और नेक इंसान हैं। सारा ने बताया कि आदित्य ने सेट पर इतना प्यारा और सुरक्षित माहौल बनाया कि वे बेझिझक बड़े-बड़े सपने देख सकीं। उन्होंने कभी आवाज नहीं चढ़ाई, हमेशा शांत रहकर सबको जोड़े रखा। सारा ने लिखा, आप तूफान से पहले की खामोशी नहीं, आप वो खामोशी हैं जिसने तूफान पैदा किया।

### खुद को लकी मानती हैं सारा

सारा ने यह भी बताया कि आदित्य ने उन्हें कभी छोटा महसूस नहीं होने दिया। हमेशा ऐसा लगा जैसे वे पूरी तरह सक्षम हैं। उन्होंने सारा को अपनी महत्वाकांक्षाओं को बड़ा करने और अपनी अंतरात्मा पर भरोसा करने की हिम्मत दी। सारा ने लिखा कि वे खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हैं कि उन्हें इतने अच्छे इंसान का साथ और मार्गदर्शन मिला। यह पहली फिल्म उनके लिए सिर्फ यादगार नहीं, बल्कि जिंदगी बदल देने वाला अनुभव बन गई।

### आदित्य धर का जवाब



सारा की पोस्ट पर आदित्य धर ने जवाब देते हुए लिखा, वाह सारा, तुम्हारा यह मैसेज पढ़कर मैं बहुत इमोशनल हो गया। मुझ पर आंख बंद करके भरोसा करने और धुरंधर को अपना सबकुछ देने के लिए शुक्रिया। पार्ट-2 में दुनिया तुम्हारी असली प्रतिभा देखेगी, इसका बेसब्री से इंतजार है। तुममें इस इंडस्ट्री की सबसे बेहतरीन एक्ट्रेस में से एक बनने की पूरी काबिलियत है।

## किस किसको प्यार करूं 2 से पारुल गुलाटी का बॉलीवुड डेब्यू

**कॉमेडी किंग कपिल शर्मा की फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म में कपिल के साथ आयशा खान, पारुल गुलाटी, त्रिधा चौधरी, हीरा वरीना और मनजोत सिंह भी हैं। फिल्म रिलीज होने पर पारुल गुलाटी ने अपनी खुशी जाहिर की।**



अभिनेत्री का कहना है कि यह फिल्म उनके लिए खास है। उनकी पहली फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपने 15 साल के लंबे सफर की कहानी सुनाई। पारुल ने बताया कि उनकी मां हमेशा हौसला देती थी और कहती थीं कि तेरी किस्मत का कोई नहीं छीन सकता। अगर ऊपर वाले की मेहर होगी, तो तुझे वो भी मिल जाएगा, जो तेरी नहीं है। पारुल ने अपने सफर को याद करते हुए कहा, मैंने अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन से की थी। उसके बाद वेब सीरीज की, पंजाबी फिल्में भी की, लेकिन वो भी ज्यादा नहीं चली। फिर मैंने जाकर बिजनेस शुरू किया। कई बार लगा शायद एक्टिंग मेरे लिए नहीं है, लेकिन इस बीच मुझे कभी एक्टिंग छोड़ने का ख्याल नहीं आया, क्योंकि एक्टिंग मेरे लिए एक शादी की तरह है और बिजनेस मेरा बच्चा है। अभिनेत्री ने बताया कि जब-जब उन्हें रिजेक्शन मिलते थे, तो उनके मन में सवाल उठता था कि कहीं मेरे में तो कमी नहीं है। लेकिन, मां समझाती थीं, निशु, तुम्हारे लिए इससे बेहतर कुछ लिखा है।



## ...तो मैं आज इस मुकाम पर नहीं पहुंच पाती

**प्रियंका चोपड़ा ने अपने करियर के शुरुआत वाला दौर याद किया। प्रियंका अब कपिल शर्मा शो में नजर आनेवाली हैं। उन्होंने हाल ही में एक समिट में अपी कहानी सुनाते हुए कहा- लोगों को लगा कि मेरा समय खराब चल रहा है। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं था कि मुझे अवसर दिए गए बल्कि अवसर मुझसे छीन लिए गए। इसलिए मुझे अपना रास्ता बदलना पड़ा। एक साल ऐसा भी था जब मेरी छह फिल्में लगातार फ्लॉप हो गईं।**

### प्रियंका चोपड़ा बैक टू बैक फ्लॉप

प्रियंका चोपड़ा ने साउथ और बॉलीवुड फिल्मों से अपनी शुरुआत की लेकिन आज वो हॉलीवुड की दुनिया में बड़ा नाम हैं। प्रियंका चोपड़ा जल्द ही कपिल शर्मा के शो पर नजर आनेवाली हैं। इस शो पर वो एसएस राजामौली की फिल्म वाराणसी का प्रमोशन करेंगी, जिसके लिए वो मुंबई लौटी हैं। इस बीच हाल ही में उन्होंने अबू धाबी में आयोजित ब्रिज समिट में भाग लिया, जहां उन्होंने बताया कि अपने करियर के शुरुआती दौर में लगातार फ्लॉप फिल्में देने के बाद कैसे उनसे मौके छीन लिए गए।

### जब मेरी लगातार छह फिल्में फ्लॉप हो गईं

प्रियंका ने कहा कि जब उन्होंने 25 साल पहले फिल्मों में काम करना शुरू किया था, तब उनको गाइड करने वाला कोई नहीं था। उन्होंने कहा, जब मैंने मुंबई में कदम रखा तो मेरी राह आसान नहीं थी। मुझे यहां टिके रहने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी, लेकिन मेरा स्वभाव ऐसा है कि मैं जो भी काम अपने हाथों में लेती हूं, उसमें अपना 100 प्रतिशत देती हूं, वरना मैं उसे कभी पूरा नहीं कर पाऊंगी। एक समय ऐसा भी आया, जब मेरी लगातार छह फिल्में फ्लॉप हो गई और मुझे एहसास हुआ कि मुझे कुछ अलग करना होगा।

### लोगों को लगा कि मेरा समय खराब चल रहा है

प्रियंका ने कहा, इसके बाद मुझे फिल्म फैशन में काम करने का ऑफर मिला, जिसमें दो लीड हीरोइनें थीं। लोगों को लगा कि मेरा समय खराब चल रहा है, तभी मैं एक वुमन बेस्ड फिल्म कर रही हूं, लेकिन बाकी सब इतिहास बन गया क्योंकि मैंने उसमें अपना बेस्ट दिया। इसी तरह, जब मैंने हॉलीवुड के बारे में सोचा तो मैंने अपना बेस्ट दिया। 'मिस वर्ल्ड' रह चुकीं प्रियंका ने कहा कि ऐसा नहीं है कि अवसर खुद-बखुद चलकर उनके दरवाजे पर आए, बल्कि कई मौकों पर अच्छे अवसर उनसे छीन लिए गए। प्रियंका ने कहा, मुझे खुद के लिए मौके बनाने पड़े। मुझे लीक से हटकर फिल्में और रोल हासिल करने के लिए लगातार स्ट्रगल करना पड़ा। फिल्म इंडस्ट्री में शायद हर महिला की यही कहानी है। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं था कि मुझे अवसर दिए गए बल्कि अवसर मुझसे छीन लिए गए। इसलिए मुझे अपना रास्ता बदलना पड़ा। एक वक्त ऐसा भी था जब मेरी छह फिल्में लगातार फ्लॉप हो गईं। तब ऐसा लग रहा था जैसे- हे भगवान, हमें प्रियंका को फिल्म में नहीं लेना चाहिए क्योंकि फिल्म अच्छा परफॉर्म नहीं करेगी। इसलिए, खोने के डर से, मुझे अपने कम्फर्टवाले काम को छोड़कर कुछ नया करने की कोशिश करनी पड़ी। मुझे अवसर खुद बनाने पड़े। मेरे ये बदलाव कभी मेरी पसंद से नहीं थे बल्कि ये अस्तित्व के लिए बहुत जरूरी थे।

प्रियंका कहती हैं, मैंने करियर के लिए बहुत त्याग किया, परिवार के साथ समय बिताने और त्योहार मनाने का मौका गंवाया। लेकिन हर चीज का एक समय होता है। उस समय मुझे काम पर ध्यान देने और त्याग करने की जरूरत थी। अगर मैंने ऐसा नहीं किया होता तो मैं आज इस मुकाम पर नहीं पहुंच पाती, जहां मैं फिल्में ठुकराने का फैसला ले सकती हूं। मैं इसका श्रेय शुरुआती दौर में की गई कड़ी मेहनत और त्याग को देती हूं।

### बॉर्न हंग्री जैसी और खूबसूरत कहानियों पर काम करना चाहती हैं

प्रियंका ने आगे कहा कि वे ऐसे प्रोजेक्ट्स में काम करना चाहती हैं जिनके किरदार या फिल्म संस्कृति से जुड़े हों और लोगों को उनसे प्रेरणा मिले। अपनी खुद की फिल्म प्रोडक्शन कंपनी पर्पल पेबल पिक्चर्स पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि वे बॉर्न हंग्री जैसी और खूबसूरत कहानियों पर काम करना चाहती हैं। एक्ट्रेस निर्देशक बैरी एवरिच के साथ मिलकर और प्रोजेक्ट्स भी करना चाहती हैं। वे उनके काम करने के तरीके से बहुत प्रभावित हैं। बता दें कि बॉर्न हंग्री डॉक्यूमेंट्री एक्ट्रेस के पर्पल पेबल पिक्चर्स के बैनर तले बनी है। डॉक्यूमेंट्री बीते साल 2024 में रिलीज हुई थी और डॉक्यूमेंट्री को ग्लोबल लेवल पर अच्छा रिस्पांस मिला था।

# अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ का संघर्ष चेतना महाधिवेशन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की ओर से संघर्ष चेतना अधिवेशन का आयोजन प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा की अध्यक्षता में 88 संगठनों के 1500 से ज्यादा कर्मचारी प्रतिनिधियों व सैकड़ो संविदा कार्मिकों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। अधिवेशन में महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अगुवाई में धौलपुर जिले के विभिन्न संगठनो के दो दर्जन पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा ने सरकार के 2 साल के शासनकाल में कर्मचारी मांगों की लगातार अनदेखी व संवादीहीनता के विरोध में महासंघ की ओर से 19 जनवरी को राजधानी जयपुर में एक लाख कर्मचारियों की विशाल चेतावनी महारैली आयोजित करने की घोषणा की। अधिवेशन को 41 जिलों के जिला अध्यक्ष व जिला संयोजकों के साथ ही महासंघ के घटक संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश महामंत्रियों ने संबोधित करते हुए पूरी ताकत से महासंघ के आंदोलन के आगामी चरणों को सफल करने व 19 जनवरी 2026 की रैली में प्रत्येक जिले से हजारों कर्मचारियों के साथ भाग लेने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिया गया। इस दौरान महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेज सिंह राठौड़, महामंत्री महावीर सिहाग, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, राजस्थान पंचायती राज व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान, पूर्व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा शंभू सिंह मेड़तिया, प्रांतीय संयोजक जवरीलाल प्रजापत सहित विभिन्न संगठनों के प्रांतीय नेताओं महासंघ कर्मचारियों की 11 सूत्री मांगपत्र जिसमें स्थायी व स्पष्ट स्थानांतरण नीति बनाने, लंबे समय से कोर्ट में अटकी पदोन्नतियों की व्यवस्थित व त्वरित सुनवाई करवाकर पदोन्नति करवाने,बीअधीनस्थ सेवाओं के कर्मचारियों का कैडर पुनर्गठन कर संविदा कार्मिकों के नियमितीकरण करवाने व ओपीएस से छेड़छाड़ बंद करवाने सहित ब्लॉक स्तर पर महासंघ को मजबूत करने तथा सभी जिलों में प्रत्येक घटक संगठन की सहभागिता सुनिश्चित कराने सहित कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी कर संवाद हीनता कर रही है जिससे प्रदेश के कर्मचारियों में लगातार आक्रोश पनप रहा है। इस दौरान धौलपुर जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने प्रत्येक कर्मचारी को पदोन्नति के पाँच अवसर देते हुए 7,14,21,28 व 32 वर्षीय सेवा पर पदोन्नति पद का वेतन देने, तृतीय श्रेणी शिक्षकों से भेदभाव समाप्त कर आठ साल से बंद तबादले शुरू करने व शिक्षकों की बकाया डीपीसी शुरू करने तथा प्रत्येक विभाग में स्पष्ट व पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने जैसी मांगे प्रभावी ढंग से उठाई। अधिवेशन में धौलपुर जिले से राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर, जिलामंत्री चंद्र शेखर शर्मा, कृषि पर्यवेक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कौशलेंद्र वशिष्ठ,प्रदीप शर्मा नीरज कुमार ,कृष्णकांत शर्मा, रघुनाथ प्रसाद, ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष श्रीभान सिंह गुर्जर, सुशील चौधरी,आशीष कुमार, आयुर्वेद नर्सेज एसोसिएशन से श्रीराम गोस्वामी,वन अधीनस्थ कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राधाकृष्ण शर्मा नर्सेज एसोसिएशन के विकास त्यागी के साथ दो दर्जन के करीब विभिन्न संगठनों के शीर्ष पदाधिकारियों ने धौलपुर से सहभागिता निभाई।



## महासंघ ने ये सात मांगों के संकल्प किए पारित:

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा ने 11 सूत्री मांग पत्र में से सात मांगो को पूर्ण करवाने के लिए 07 संकल्प पारित कर, आर पार के संघर्ष का निर्णय किया गया और घोषणा की गई कि इन संकल्पों के पूर्ण होने तक हम निरन्तर संघर्ष करेंगे। पदोन्नति विसंगति दूर करवाकर 7,14, 21 24,28 एवं 32 वर्षीय सेवा पर पदोन्नति पद का वेतनमान, सभी संवर्गों की वेतन विसंगति दूर करना, पुरानी पेंशन योजना की सुरक्षा सुनिश्चित करना, संविदा कार्मिकों का नियमितीकरण करवाना, सभी विभागों में पारदर्शी स्थानांतरण नीति जारी करवाना, विभिन्न विभागों निगम और बोर्ड बोर्ड को समाप्त कर किया जा रहे निजीकरण को बंद करवाना, कर्मचारियों के मान सम्मान एवं स्वाभिमान की सुरक्षा सुनिश्चित करना आदि मांगे शामिल हैं।

## बिलानाम भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग, आंदोलन की चेतावनी



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** आंटी (नीमडीगांव) के आदिवासी भील समाज के ग्रामीणों ने बिजौलियां उपखण्ड अधिकारी व थानाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर राणाजी का गुढ़ा पटवार हल्का के ग्राम आंटी (नीमडीगांव) में स्थित बिलानाम आराजी संख्या 495 रकबा 5.6170 हैक्टेयर व आराजी संख्या 496 रकबा 9.6153 हैक्टेयर भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटवाए जाने की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया कि गोपाल बंजारा, ऊँकार बंजारा, भंवर बंजारा, सदा बंजारा, भैरू बंजारा, महेश बंजारा, अनिल बंजारा व शंकर बंजारा निवासी चम्पापुर समेत 30-40 व्यक्ति बिलानाम भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। वर्तमान में जेसीबी व ट्रैक्टरों की सहायता से पत्थर की चारदीवारी की जा रही हैं। नीमड़ीगांव के ग्रामवासियों की ओर से अवैध कब्जे का विरोध करने पर उक्त व्यक्तियों पर गाली-गलौच व मारपीट करने व मौके पर हथियार व बन्दूक लेकर घूमने का आरोप भी लगाया। प्रशासन की ओर से अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही नहीं करने की स्थिति में नीमड़ी गांव के ग्रामीणों की ओर से आन्दोलन व भूख हड़ताल की चेतावनी भी दी गई।

## सलावटिया में ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर आयोजित




जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** सलावटिया में ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर-2025 का आयोजन उपखंड अधिकारी अजित सिंह राठौड़ के निर्देशन में किया गया।शिविर के दौरान ग्राम चांदजी की खेड़ी की खातेदारी भूमि विभाजन से संबंधित प्रकरण में गुलाब पुत्र डालू रेगर, भंवर लाल पुत्र डालू रेगर शिविर प्रभारी को पेश किए गए प्रार्थना-पत्र पर उपखंड अधिकारी के निर्देशानुसार तहसीलदार की ओर से दोनों पक्षकारों की सहमति से मौके पर ही अभिलेखों का परीक्षण किया गया एवं विधिसम्मत आदेश पारित करते हुए प्रकरण का तत्काल निस्तारण किया गया।वहीं जयललिता पत्नी रामस्वरूप बैरागी निवासी चांदजी की खेड़ी को पुश्तैनी मकान का पट्टा वितरित किया। बंटवारा 2,राजस्व अभिलेख शुद्धि 7, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के 6 प्रकरणों का निस्तारण और 364 मिनी किट व 5 पोषण किट वितरित किए।

## खिडौरा के लाल ने किया कमाल

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले के बसेड़ी के गांव खिडौरा के निवासी अजीत सिंह पुत्र लज्जाराम सिंह ने अपनी मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अजीत सिंह का चयन 5 वीं बटालियन में हुआ है। अजीत ने केवल चयन ही नहीं पाया, बल्कि पूरे राजस्थान में 5 वीं बटालियन में 9वीं रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। गांव में खुशी का माहौल है और बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

## आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के टर्म ऑफ रेफरेंस पर पुनर्विचार की मांग, ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान पेंशनर समाज की जिला शाखा धौलपुर ने आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के टर्म ऑफ रेफरेंस (टीओआर) को लेकर गहरी नाराजगी जताई है। जिसको लेकर पेंशनर्स समाज में धौलपुर जिला कलेक्टर पर प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस संबंध में संगठन की ओर से जिला कलेक्टर के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को ज्ञापन भेजकर पुनर्विचार की मांग की गई है। जिलाध्यक्ष विशम्बर दयाल शर्मा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) की ओर से 3 नवंबर 2025 को जारी अधिसूचना में 1 जनवरी 2026 से पहले सेवानिवृत्त पेंशनभोगियों के पेंशन पुनरीक्षण को आठवें वेतन आयोग की परिधि से बाहर रखा गया है, जो कि पेंशनर्स के साथ अन्यायपूर्ण है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अब तक सभी केन्द्रीय वेतन आयोगों ने सेवारत कर्मचारियों के साथ-साथ मौजूदा पेंशनभोगियों की पेंशन में भी संशोधन की सिफारिशें की हैं। पेंशन को उच्चतम न्यायालय की ओर से 'रुका हुआ वेतन' माना गया है, ऐसे में पेंशन पुनरीक्षण को 'अनफंडेड कॉस्ट' बताना तर्कसंगत नहीं है। राजस्थान पेंशनर समाज ने मांग की है कि 1 जनवरी 2026 से पूर्व के पेंशनभोगियों की पेंशन का भी पुनरीक्षण किया जाए। 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पर क्रमशः 5', 10' और 15' अतिरिक्त पेंशन दी जाए। संगठन का कहना है कि देश जब विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तब इसमें योगदान देने वाले बुजुर्ग पेंशनभोगियों को उनके हक से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। पेंशन सामाजिक न्याय का विषय है और इसे नजरअंदाज करना लाखों पेंशनभोगी परिवारों के साथ अन्याय है। अंत में राजस्थान पेंशनर समाज ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संदर्भ शर्तों में संशोधन कर मौजूदा पेंशनभोगियों को भी पूर्व वेतन आयोगों की भांति लाभ प्रदान किया जाए, ताकि उनके साथ न्याय सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे।

## नन्हीं बालिका शिशु को मिला नया घर

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजकीय शिशु गृह विशेषज्ञ ग्रहण एजेन्सी में प्रवेशित बालिका को नई जिदंगी तब मिली जब उसे आप ग्राही माता-पिता की ओर से ग्रहण के लिए फोस्टर केयर में लिया गया। अधीक्षक मुरारी लाल मीना ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति नवजात बालिका को छोड़ गया था, जिसे केन्द्रीय मंत्रालय ग्रहण संसाधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार केयरिंग्स पोर्टल पर दर्ज किया गया। बालिका को विहित प्रक्रिया के अनुसार सीडब्ल्यूसी की ओर से दंपति ग्रहण के लिए विधिक मुक्त किया गया। वही केयरिंग्स पॉर्टल पर आवेदन करने वाले दंपति को इस बालिका का ऑनलाइन रेफरल प्राप्त होने पर इसे रिजर्व किया गया। तदउपरान्त दंपति की ओर से शिशु गृह धौलपुर में आकर विजिट की गई तब दंपति का ग्रहण समिति की ओर से बैठक उपरांत बालिका को दंपति को ग्रहण में लिए जाने की अभिशंषा की। जिस पर अधीक्षक की ओर से बालक को दंपति को दो माह के प्री एडॉप्शन फोस्टर केयर में दे दिया गया। वही माता-पिता की ओर से अधीक्षक की ओर से जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से दंपति को ग्रहण के लिए आवेदन जिला मजिस्ट्रेट को पेश किया, जिनकी ओर से डिग्री जारी होने पर बालिका के माता-पिता की पूर्ण रूप से जैविक बालक की तरह बालिका बन जाएगी। दंपति एक सुशिक्षित एवं अच्छे पद पर कार्यरत है। इस बालिका की तरह अन्य बच्चे भी कारा की ओर से निर्धारित प्रक्रिया के तहत दंपति ग्रहण में जाकर नई जिदंगी प्राप्त करते है। इस अवसर पर प्रिसींपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड, नीतू, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, मधु शर्मा, सहायक निदेशक, बाल अधिकारिता विभाग, देवेन्द्र सिंह जांगल, अधीक्षक मुरारी लाल मीना, कनिष्ठ सहायक संजय सिंह, मेनेजर निमिका बाई मीना, दत्तकग्राही माता-पिता सहित शिशु गृह का अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

## धौलपुर के पूर्व सैनिकों ने मनाया 1971 का भारत-पाक युद्ध विजय दिवस

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** 1971 में भारत की पाक पर जीत का उत्सव मनाया गया। सबसे पहले पूर्व सैनिकों की ओर से पुरानी सब्जी मंडी स्थित शहीद स्मारक पर ध्वजारोहण कर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात मोटरसाइकिल रैली निकाली गई और सैनिक विश्राम गृह में भारत माता और सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। धौलपुर अध्यक्ष रमेश सिंह परमार ने 3 दिसंबर 1971 से 16 दिसंबर 1971 तक के 13 दिन के भारत-पाक युद्ध को किस वजह से और किस परिस्थिति में लड़ा गया और कैसे पाकिस्तान के जनरल नियाजी सहित 93 हजार सैनिकों को भारत के लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत अरोड़ा के सामने घुटने टेकने पड़े।उसके बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर राजीव सरीन जिन्होंने यह युद्ध खुद लड़ा, भारतीय सेवा किन-किन मोर्चों पर कहां-कहां कैसे लड़ी उसको सिलसिले बार बताया। उससे पहले धौलपुर के 1971 के युद्ध वीरों ने लड़ाई में अपने अपने योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम की शोभा रहे विख्यात कवि राजवीर सिंह क्रांति ने अपनी कविता, बोल मेरी झेलम बोल, ने सबको मंत्र मुक्त कर दिया। दूसरे सुविख्यात कवि सुरेंद्र शर्मा जी की कविता, एक बार घर चले आना ने सबकी आंखों में आंसू ला दिए। कार्यक्रम में वीरांगनाओं और 1971 के युद्ध वीरों को उपहार और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में कार्यरत बनवारी सिंह परमार ने फौज के कमांडर और घर के मालिक का उदाहरण देकर बताया कि घर के मालिक को मालिक नहीं माली बनकर रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में बाड़ी शाखा अध्यक्ष कैप्टन बनवारी सिंह ने सबका आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया। उसके बाद परिषद ने सबको भोजन खिलाकर विदा किया गया। कार्यक्रम में कैप्टन अशोक परमार, कैप्टन शिवराम सिंह, संरक्षक सज्जन शर्मा, सूबेदार कैलाश शर्मा, सूबेदार यशपाल सिकरवार, सूबेदार जगदीश जगरिया, कालीचरण बघेल जी, सूबेदार मुकेश शर्मा जी, सूबेदार रामरतन सिकरवार,प्रभारी राहुल सेन, गोविंद शर्मा, सूबेदार सुरेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, ऋषिकेश त्यागी, सूबेदार हरवीर सिंह, राम खिलाड़ी, सूबेदार केदार बघेल, निरंजन सिंह , अमर सिंह सहित भारी संख्या में पूर्व सैनिक और 1971 के युद्ध वीर शामिल रहे।

### बीडीओ की शानदार पहल बनी मिसाल

## प्लास्टिक लाओ शक्कर ले जाओ अभियान बना वरदान

जयपुर टाइम्स




**कोटडी(निस)।** पंचायत समिति कोटडी की बड़लियास ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्राम पंचायत आमां, सुठेपा, गेंदलिया व बडलियास के लाभार्थियों के लिए ग्रामीण समस्या समाधान शिविर की शुरुआत की गई। इस मौके पर ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया गया। साथ ही शिविर प्रभारी विकास अधिकारी रामबिलास मीणा की ओर से काफी समय से पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत में चलाए जा रहे नवाचार प्लास्टिक लाओ शक्कर ले जाओ अभियान स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक वरदान साबित हो रहा है। ग्रामीण बढ़ चढ़कर इसमें जागरूकता दिखा रहे हैं ऐसा ही मामला बलियास ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में देखने को मिला। मौके पर ही भामाशाहों की ओर से 175 किलो शक्कर की घोषणा की जिसमें प्रकाश चंद्र रैगर व गोपाल कृष्ण पोखरना 51 किलो शक्कर दान दी और महाराजा दिलीप सिंह ने 25 किलो शक्कर दी जिस पर शिविर प्रभारी रामविलास मीणा ने मौके पर ही 11 किलो शक्कर व 5 किलो गुड का वितरण किया गया। जिसमें 07 महिलाओं द्वारा प्लास्टिक निःशुल्क देने की घोषणा की जो कि अपने आप में एक नवाचार साबित हो रही है। ग्रामीण समस्या समाधान शिविर में 21 बालिकाओं को पेन पेंसिल व पुस्तिका का वितरण किया गया जिन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया साथ ही विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया और ब्लॉक कोटडी को प्लास्टिक से मुक्ति की शपथ ली और साथ में ही 26 जनवरी 2026 तक प्लास्टिक मुक्त करने के लिए सकारात्मक कदम उठाने का निर्णय लिया। सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियों को गिनाया गया जिस पर ग्रामीणों व लाभार्थियों ने सरकार का धन्यवाद जताया और खुशी की लहर आई। मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत करीब 100 फॉर्म भरवाए गए और सरकार की इंश्योरेंस योजना के फॉर्म भी भरवाए गए।

## धौलपुर को मिला स्वाद का नया ठिकाना

### सैंपऊ रोड पर सिंघारा रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** खानपान प्रेमियों के लिए एक नई और खास सौगात सामने आई है। सैंपऊ रोड पर आधुनिक सुविधाओं और बेहतरीन स्वाद के साथ 'सिंघारा रेस्टोरेंट' का भव्य शुभारंभ किया गया। शुभारंभ से पूर्व विधिवत पूजा-पाठ का आयोजन हुआ, जिसके बाद धौलपुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व समाजसेवी एडवोकेट प्रशांत हुंडावाल (प्रिंस) ने फीता काटकर रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया। साथ में सिंघारा रेस्टोरेंट के ऑनर रंजीत सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर एडवोकेट प्रशांत हुंडावाल ने कहा कि सैंपऊ रोड पर इस रेस्टोरेंट के खुलने से आसपास के क्षेत्र के लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा। अब स्थानीय नागरिकों को बेहतर क्वालिटी का रेस्टोरेंट पास में ही उपलब्ध होगा, जिससे समय और दूरी दोनों की बचत होगी। उन्होंने सिंघारा रेस्टोरेंट के संचालकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। शुभारंभ समारोह में मौजूद अतिथियों और स्थानीय लोगों ने रेस्टोरेंट की आकर्षक साज-सज्जा, साफ-सुथरे वातावरण और स्वादिष्ट व्यंजनों की जमकर सराहना की। लोगों का कहना है कि यह रेस्टोरेंट परिवार और मित्रों के साथ समय बिताने के लिए एक बेहतरीन स्थान साबित होगा। सिंघारा रेस्टोरेंट के शुभारंभ से क्षेत्र में खानपान के विकल्प और भी समृद्ध होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस मौके पर रंजीत सिंह, देवेंद्र सिंह, मनिंदर पाल सिंह, छीत्तर सिंह, जोगेंद्र सिंह, हरजीत सिंह, किरणप्रीत सिंह सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे।

## मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का अभूतपूर्व अभिनंदन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** शहर में आगमन पर राज्यसभा सभा सांसद अशोक सिंह, राष्ट्रीय महासचिव मोहन प्रकाश का धौलपुर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव मोहन प्रकाश एक दिवसीय दौरे पर धौलपुर पहुंचे। धौलपुर सर्किट हाउस में कांग्रेस जनों पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री के नेतृत्व में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव राष्ट्रीय महासचिव मोहन प्रकाश व राज्यसभा सांसद अशोक सिंह का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश कांग्रेस अरुण यादव ने कहा कि राहुल गांधी जननायक है और दलित, शोषित वंचितों की बुलंद आवाज हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल है आमजन महंगाई , बेरोजगारी से परेशान हैं। राज्यसभा सांसद अशोक सिंह कहा कि हम सबको मिलकर पार्टी की विचारधारा और रीति नीति को आम जन तक पहुंचना है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव प्रवक्ता मोहन प्रकाश ने कहा कि मोदी सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर उनको खोखला कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज एफआईआर को न्यायालय ने खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू आजादी के नायक थे उन्होंने आनंद भवन स्वराज भवन को देश को दान कर दिया और भी आजादी की लड़ाई के दौरान 11 साल तक जेल में रहे गांधी परिवार का आजादी में योगदान किसी से छिपा नहीं है इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री, पंडित साकेत बिहारी शर्मा, पूर्व प्रधान लखन सिंह, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के सचिव धर्मेंद्र शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष लीना शर्मा,, रोशनी शिवहरे, शबनम खान, समृद्धि दीक्षित ,शालिनी शर्मा अविनाश शास्त्री, श्यामू पंडित पार्षद सद्दाम , ओमवास शर्मा,सुल्तान सिंह सुलेमान फारुकी,मुन्ना अब्बासी, पूर्व पार्षद गुड्डू कुरैशी , प्रदेश सचिव आर्यन शर्मा युवा कांग्रेस अध्यक्ष तरुण शर्मा, सुरेंद्र दरियापुर, कुमार सेन रोहित शर्मा, संचालन कांग्रेस संगठन महासचिव धनेश जैन ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
18 दिसम्बर, 2025

# 19वें आईपीएल में खेलेंगे शाह सतनाम जी क्रिकेट एकेडमी व शाह सतनाम जी बॉयज़ कॉलेज के छात्र ऑलराउंडर कनिष्क चौहान

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू में चयन, विराट कोहली के साथ दिखाएंगे दमखम

जयपुर टाइम्स




**तारानगर(निस)।** शाह सतनाम जी क्रिकेट एकेडमी, सरसा के उभरते हुए प्रतिभाशाली युवा ऑलराउंडर कनिष्क चौहान का आईपीएल 2026 में आरसीबी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) की टीम में चौके-छक्के लगाते हुए नजर आएंगे। आईपीएल ऑक्शन में इस होनहार खिलाड़ी को आरसीबी ने बेस प्राइज 30 लाख रुपए में टीम में लिया है। युवा खिलाड़ी की इस बड़ी शानदार उपलब्धि को लेकर शाह सतनाम जी शिक्षण संस्थानों के प्रशासक चरणजीत सिंह, स्पोर्ट्स एचओडी डॉ. नवजीत सिंह भुल्लर, शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दिलावर सिंह, स्कूल के प्रिंसिपल आरके धवन इन्सां, शाह सतनाम जी क्रिकेट एकेडमी, सरसा टीम के कोच जसकरण सिंह सिद्धू, हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के हैड अनिरुद्ध चौधरी और सरसा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉ. वेद बैनीवाल ने बधाई दी। बता दें कि कनिष्क चौहान दुबई में खेले जा रहे अंडर-19 एशिया कप में भारतीय टीम में खेल रहे है, पिछले दिनों पाकिस्तान के खिलाफ लीग मैच में बल्ले से 46 रन और गेंदबाजी में 3 विकेट झटककर प्लेयर ऑफ द् मैच रहे थे। कनिष्क ने बातचीत के दौरान बताया कि वह ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर जाने से पूर्व डेरा सच्चा सौदा के पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां से मिला और उनसे क्रिकेट संबंधी टिप्स प्राप्त किए थे, जिससे उसके खेल में निखार आया है। जिस मुकाम पर आज मैं पहुंचा हूं उसमें शाह सतनाम जी क्रिकेट एकेडमी, सरसा और पूज्य गुरु जी का अहृम योगदान है। शाह सतनाम जी क्रिकेट एकेडमी, सरसा टीम के कोच जसकरण सिंह सिद्धू ने बताया कि अबूधाबी (यूएई) में आईपीएल 2026 के लिए मिनी ऑक्शन हुई है, जिसमें 1390 खिलाड़ियों (नेशनल और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी) ने रजिस्ट्रेशन कराया था और 359 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया था। शॉर्टलिस्ट किए गए कुल 359 खिलाड़ियों में से 247 भारतीय खिलाड़ी और 112 विदेशी खिलाड़ी थे। इनमें से युवा ऑलराउंडर कनिष्क चौहान को आरसीबी ने 30 लाख रुपए के बेस प्राइज पर अपने पाले में लिया है। ज्ञातव्य है कि कनिष्क मौजूदा समय में शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज, सरसा में बीए द्वितीय वर्ष का छात्र है और वह पिछले 10 वर्षों से शाह सतनाम जी क्रिकेट एकेडमी, सरसा में खेल रहा हैं। युवा ऑलराउंडर कनिष्क चौहान पिछले काफी समय से भारत की अंडर-19 टीम में खेल रहे है। बता दें कि वह पिछले दिनों इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में भारत की अंडर-19 टीम की ओर से खेले जिसमें अंडर-19 यूथ वनडे श्रृंखला खेली गई जिसमें भारत ने इंग्लैंड को 3-2 से वनडे श्रृंखला में पराजित किया। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया में खेली गई वनडे श्रृंखला भारत ने 3-0 से अपने नाम की। दोनों श्रृंखलाओं में कनिष्क ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। इसके बाद आईडीएफसी फर्स्ट बैंक अंडर-19 त्रिकोणीय सीरीज में चुने गए, उसमें भी भारत ने विजयी परचम लहराया था।

## सर्दी के मौसम में छाया कोहरा, वाहनों ने जलाई दिन में लाइट



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** तहसील में शहर व ग्रामीण अंचल में इस सर्दी की सीजन में बुधवार को घना कोहरा छाया। घने कोहरे के चलते 50 मीटर से आगे दिखाई नहीं दे रहा कोहरे के कारण सुबह के समय वाहन चालकों को भी सावधानी बरतनी पड़ी। वाहन चालकों को दिन में ही लाइट जलानी पड़ी वी वसाधन सड़कों पर धीरे धीरे रेंगते हुए दिखाई दिए। लमोर गांव के महेंद्र कालीरावना, बेरासर के विनोद पुनिया धोलिया के हवासिंह फगेड़िया ने बताया कि रबी की फसलों के लिए ओस की बूंदे संजीवनी का काम करेंगी। कोहरे से फसलों पर ओस और नमी बनी, जिससे गेहूं, सरसों सहित अन्य रबी फसलों के पौधों, पत्तियों और फूलों में नई चमक देखने को मिलेगी। क्षेत्र के धोलिया ददरेवा बैरासर लंबोर सहित आस-पास के गांवों में घने कोहरे का असर सुबह करीब 9 बजे तक बना रहा।

## शहरी सेवा शिविर का तहसीलदार ने किया औचक निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** वर्तमान सरकार के 02 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित शहरी समस्या शिविर 2025 के अंतर्गत 16 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक शिविर में तहसीलदार हरदिप सिंह ने औचक निरीक्षण किया। तहसीलदार हरदिप ने आज सभी शिविर में लगे सभीकर्मियों के काम की बरीक से निरिक्षण किया। सभी से शिविर में आने वाले लाभार्थियों की सूची जांच की। आज पालिका परिसर में ही पालिका क्षेत्र के वार्ड नं. 6 से 10 के लिए पालिका के कुन्दन देथा अधिशाषी अधिकारी के निर्देशन में शहरी समस्या शिविर 2025 कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में वार्ड 6 से 10 के वासियों की समस्याओं का हल किया गया। कृषि भूमि का 1, 69-क का 01 आवेदन, जन्म के 5, मृत्यु प्रमाण पत्र के 3, प्रधानमंत्री आवास योजना के 02 आवेदनो का निस्तारण, पेंशन योजना के 3, जन आधार 15 आवेदन, आधार सीडिंग के 10 आवेदन, स्ट्रीट लाईट 15 साफ-सफाई के 2 आवेदनो का निस्तारण किया गया तथा पी.एम. स्वनिधि के 02, आवेदनों का निस्तारण किया गया। इस दौरान पालिका के फायरमैन हुकुम सिंह, फायरमैन अर्जुन सिंह एसबीएम के दिलीप सोलंकी एमआइएस इंजिनियर, चन्दन सिंह बारी, पायल नाई, महेन्द्र कुमार भार्गव, प्रेमरतन, लोकेश शर्मा, निर्मल, जसवन्त कुमार , राजकुमार, मनोज कुमार, महिपाल सहित पालिकाकर्मी उपस्थित रहे।

## लायन्स क्लब ने 30 बच्चों को स्वेटर वितरित किए



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के लायन्स क्लब सरदारशहर डायमंड की ओर से संत रविदास सरस्वती संस्कार केन्द्र नई कॉलोनी सेवा बस्ती में 30 छात्र, छात्राओं को गर्म स्वेटर, जूते, जुराब वितरित किए गए। क्लब मीडिया प्रभारी अंजना भोजक ने बताया कि जीतमल मराठा के आर्थिक सौजन्य से स्कूल में 30 बच्चों को स्वेटर, जूते, जुराब वितरित कर सहयोग किया। इस अवसर पर लायन अनिल गोयल, घनश्याम बोचीवाल, मुबारक तुगलक, राजकुमार कंदोई, मुकेश बोचीवाल, गोपीचंद सोनी आदि उपस्थित रहे। संस्था प्रभारी राकेश कुमार ने क्लब का इस नेक कार्य के लिए आभार प्रकट किया।

## दो वार्डों के लिए शहरी समस्या समाधान शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहरी समस्या समाधान शिविर 2025 के अन्तर्गत बुधवार को नगरपरिषद हॉल में वार्ड नं. 8 से 14 तक का शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 5 पट्टा पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। यू.डी. टैक्स के आवेदन 4, घर-घर कचरा संग्रहण शिकायत 10, जीवीपी. 02, नाली मरम्मत 2, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 22, जनआधार संशोधन व अद्यतन 20 के प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारित किया गया। शिविर में पार्षद रिछपाल बिजारणियां, गणेश मंडावरिया, ईदरीश गौरी, पुरूषोतम शर्मा, मनोज पारीक, दीनदयाल पारीक, पंकज घासोलिया, पार्षद प्रतिनिधि पन्नालाल सोनी, हरिओम खोड ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, सहायक अभियंता सुश्री चारवी, प्राधानाचार्य पप्पुराम मीणा व नगर परिषद के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।




## अभिनेश महर्षि के जन्मदिवस पर कंबल व स्वेटर वितरण

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील के विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में पूर्व विधायक व विप्र फाउंडेशन की प्रज्ञा परिषद के राष्ट्रीय सदस्य अभिनेश महर्षि के जन्मदिवस के पावन अवसर पर सेवा, संवेदना और मानवता से ओत-प्रोत प्रेरक आयोजन किया गया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए आयोजित इस सेवा अभियान के तहत जरूरतमंदों को कंबल व स्वेटर वितरित किए गए। जिससे उन्हें सर्दी से राहत मिलेगी। कार्यक्रम मगंलवार को शाम को कानी देवी सेवा संस्था बीकानेर रोड कल्याणपुरा फांटा के पास आयोजित किया गया। ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता के लिए किया गया यह आयोजन समाज के प्रति जिम्मेदारी, सहयोग और मानवीय मूल्यों का सशक्त संदेश देता नजर आया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के सामाजिक सरोकारों, जनसेवा के प्रति उनके निरंतर समर्पण और जनकल्याणकारी सोच की सराहना की। सभी ने उनके दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय सहभागिता निभाई। जिससे कार्यक्रम और अधिक गरिमामय बन सका। विप्र फाउंडेशन की ओर से किए गए इस पुनीत कार्य की उपस्थित जनों ने प्रशंसा करते हुए इसे समाज में सेवा, सहयोग एवं संवेदना की भावना को सुदृढ़ करने वाला प्रेरणादायी कदम बताया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित ने विप्र फाउंडेशन की निरंतर सेवा गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा अभियानों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर डेयरी चेयरमैन लालचंद मूंड, विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्रा, प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा, श्यामलाल जोशी, महेन्द्र देरासरी, वैद्य महेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित, मांगीलाल सेवदा, सुरेन्द्र दाधीच, पं कैलाश चौमाल, राजेन्द्र तिवाड़ी साहवा, मदनलाल बबेरवाल, विद्याधर नाथोलिया, नरेन्द्र शर्मा, विकास पारीक, मंजू दाधीच, अंजना भोजक, कांता व्यास, मोहनलाल धेतरवाल, कर्मवीर सिंह, कमलकांत शर्मा, राधेश्याम, भरत गौड़, ओमप्रकाश सुथार, ओमसिंह, गिरधर भाटी, मांगीलाल, सुखराम, भगवाना राम, लालचंद, मुखराम मूंड, उम्मेद सिंह, जुगराज, बलदेव, प्रेमदान चारण व महेन्द्र सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।

## योग, खेल और अनुभव आधारित गतिविधियों पर शारीरिक साक्षरता प्रशिक्षण का समापन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में शारीरिक शिक्षकों के लिए चल रहे तीन दिवसीय शारीरिक साक्षरता प्रशिक्षण का समापन बुधवार को हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य ओमप्रकाश प्रजापत ने कहा कि शारीरिक साक्षरता बच्चों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। ये प्रशिक्षण जीवन कौशल, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली का प्रभावी माध्यम है। कार्यानुभव प्रभागाध्यक्ष उमा सारस्वत ने कहा कि यह प्रशिक्षण पूर्ण रूप से व्यवहारिक और अनुभवात्मक रहा। बिना संसाधनों के पारंपरिक खेलों और गतिविधि आधारित विधियों के माध्यम से शिक्षकों को यह दिखाया गया कि सीमित साधनों में भी शारीरिक साक्षरता को प्रभावी रूप से विकसित किया जा सकता है। उप प्राचार्य नरेंद्र उपाध्याय ने कहा कि योग, खेल और गतिविधि आधारित शिक्षण को नियमित रूप से अपनाने से बच्चों में अनुशासन, सकारात्मक सोच और सामाजिक व्यवहार विकसित होता है। शारीरिक साक्षरता बच्चों को सक्रिय, स्वस्थ और संतुलित नागरिक बनने की दिशा तैयार करती है। प्रशिक्षण के मुख्य वक्ता एसआरजी प्राचार्य सुनील शर्मा ने कहा कि शारीरिक साक्षरता बच्चों को केवल खेलने की क्षमता ही नहीं, बल्कि निर्णय क्षमता, आत्म नियंत्रण और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की शक्ति प्रदान करती है। प्रशिक्षण में रोजाना प्रातः काल योग सत्र आयोजित किया गया। इसके साथ ही बिना संसाधनों के खेल, पारंपरिक खेलों का अभ्यास, समूह चर्चा, इंटरएक्टिव गतिविधियां और व्यवहारिक प्रयोग विधि के माध्यम से सत्रों का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का संचालन दशरथ कुमार नैन व आनंद कुमार पुनिया ने किया।

## पाटोदा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाटोदा में शीत ऋतु को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत लक्ष्मणगढ़ के एक गुप्त दानदाता के सहयोग से विद्यालय के 105 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और मुस्कान देखने को मिली।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बगड़िया स्कूल के सचिव पवन गोयनका रहे। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों के खेल विकास को ध्यान में रखते हुए खेल सामग्री के लिए 5100 रुपये की राशि भी भेंट की। स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक रामस्वरूप सैनी की प्रेरणा से किया गया। इस अवसर पर उपकोषाधिकारी सज्जन कुमार सैनी, निवर्तमान सरपंच महेंद्र सिंह ढाका, प्रधानाचार्य रमेश चंद्र वर्मा सहित विद्यालय स्टाफ व अनेक नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम में रामस्वरूप ढाका, लक्ष्मी कुमारी, बाबूलाल शर्मा, भगवती ढाका, चंदा जांगिड़, जगदीश प्रसाद ढाका, कैलाश चंद, राधेश्याम शर्मा, सरिता भास्कर, भगवती महर्षि, ज्योति बगड़िया, कानाराम, हरवीर सिंह डूडी, सुमन कुमारी, सुशीला, गोपाल सिंह कविया, रामस्वरूप पीटीआई, विजेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, राजेंद्र कुमार कुलहरी, नरेंद्र सिंह, अशोक सिंह बिदावत, गायत्री देवी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। विद्यालय प्रशासन ने दानदाता व अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## द यंग्स क्लब ने 4 स्कूलों के 156 विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाए स्वेटर



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की ओर से बुधवार को स्थानीय भंवरलाल काला बाल मंदिर में स्कूल आयोजित स्वेटर्स वितरण कार्यक्रम में 156 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर्स उपलब्ध करवाए गए। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि समाजसेवी मदनलाल काला की स्मृति में पुत्रों विनोद, प्रमोद व पौत्रों रजनीश, विनीत काला के सौजन्य से व क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोडिया की प्रेरणा से आयोजित हुए कार्यक्रम की सहायक अभियंता राजेंद्र प्रजापत ने की। मुख्य अतिथि विद्युत निगम के एक्स. ईएन. अनिल कुमार बरवड नें विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम के साथ शिक्षा प्राप्त कर लक्ष्य प्राप्ति का आह्वान किया। प्रधानाचार्य अनिल सैनिक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सहयोग के लिए यंग्स क्लब का आभार व्यक्त किया। आयोजन की पृष्ठभूमि की जानकारी देते हुए सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से भंवरलाल काला बाल मंदिर सहित स्थानीय राजकीय भराड़िया व ग्रामीण क्षेत्रों गुलेरिया व ढाणी झलाई तलाई के सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी लाभान्वित हुए। शर्मा ने समाजसेवा के क्षेत्र में क्लब की अन्य गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बतौर विशिष्ट अतिथि क्लब सचिव महावीर मिरनका, गोपाल चोटिया, निर्मल बोकड़िया, ललित सोनी, योगेंद्र भोजक उपस्थित रहे। संचालन वीणा भोजक ने किया। अतिथियों का माल्यार्पण से स्वागत मीनाक्षी सोनी, संपत बगड़ा, चंपा स्वामी, नारायण पारीक, कौशल्या पांडिया, विजय लक्ष्मी, सरिता कुमारी आदि ने किया।

## सरावगी भारतीय जनता पार्टी सीकर जिला के प्रवक्ता नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने मंगलवार को भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जयप्रकाश सरावगी को भाजपा सीकर जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी ।जयप्रकाश सरावगी की नियुक्ति पर लक्ष्मणगढ़ सहित सीकर जिले के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की।जयप्रकाश सरावगी वर्तमान में अग्रवाल संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले जयप्रकाश सरावगी भाजपा के पूर्व जिला मंत्री, लक्ष्मणगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष व मनोनीत पार्षद भी रहे चुके हैं। इस नियुक्ति पर लक्ष्मणगढ़ शहर मण्डल के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारी, पार्षद व पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं ने जयप्रकाश सरावगी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से उनके सफल, सशक्त, यशस्वी कार्यकाल व पार्टी को नई उर्जा व मजबूती मिले-ऐसी शुभेच्छाएं की।

# सरदारशहर में किसानों का उग्र प्रदर्शन, कृषि उपज मंडी का गेट बंदकर सड़क पर लगाया जाम

## तहसीलदार के साथ वार्ता में नहीं बनी सहमति

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर में बुधवार को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और सरदारशहर विकास मंच के कार्यकर्ताओं ने कृषि उपज मंडी के सामने किसानों की 16 सुत्रीय मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने मंडी का मुख्य गेट बंदकर सरदारशहर-बीकानेर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। इससे रेलवे फाटक से लेकर पांच भाई चौक तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जिससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सरदारशहर विकास मंच के अध्यक्ष राजेंद्र राजपुरोहित ने बताया कि राजफेड द्वारा मूंग व मूंगफली की तुलाई के लिए किसानों को मैसेज भेजे जा रहे हैं। हालांकि खरीद केंद्रों पर पहुंचने पर किसानों का माल घटिया गुणवत्ता का हवाला देकर रिजेक्ट कर दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरदारशहर और सावर खरीद केंद्रों पर प्रत्येक किसान से प्रति क्विंटल 500 रुपये की अवैध राशि वसूली जा रही ह। जिसके बाद ही तुलाई की जाती हैं। जिला अध्यक्ष मदन ढाका और संदीप चौधरी, राकेश चौधरी, सांवरमल जाखड़ ने खाद की किल्लत का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर यूरिया और डीएपी खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। घंटों लाइन में लगने के बाद भी किसानों को केवल दो से तीन कट्टे ही मिल पा रहे हैं। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के राकेश चौधरी और सांवरमल जाखड़ ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चार दिन पहले एसडीएम सहित अधिकारियों को वार्ता के लिए अल्टीमेटम दिया गया था। लेकिन कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। जिसके कारण किसानों को सड़क जाम करने पर मजबूर होना पड़ा। जाम की सूचना मिलने पर सरदारशहर पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों से समझाइश का प्रयास किया। हालांकि किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक एसडीएम या कोई अन्य जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आकर वार्ता नहीं करेगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान वाहनों को रीको इंडस्ट्रीस एरिया के अंदर से निकाला गया। जिससे लंबी कतारें कुछ कम हुईं। प्रदर्शन के दौरान किसान नेता रामेश्वर लाल पूनियां, धीरेंद्र सैनी, पप्पूसिंह राठौड़, कानाराम दयाराम, रामपाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## रतिनाथ महाराज की तृतीय पुण्यतिथि कल

जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** सिद्धपीठ सालासर धाम मे गौ भक्त, परमहंस पूज्य संत रतिनाथ महाराज की तृतीय पुण्यतिथि का आयोजन किया जाएगा। 19 दिसम्बर को मोहनदास महाराज की समाधि स्थल पर संत रतिनाथ महाराज की तृतीय पुण्यतिथि का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान रात्रि जागरण व प्रसाद का कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमे दिनेशगिरि महाराज, टांई के सोमनाथ महाराज, पालवास के चन्द्रमादास महाराज सहित अनेक संत व श्रद्धालु उपस्थित रहेगे। महाराज के सेवकों ने बताया कि बाबाजी का जीवन स्मरण



पाँच वर्ष की आयु में ग्रस्थ जीवन त्याग संन्यास धारण किया। बाल अवस्था से बाबाजी बालाजी महाराज के अनन्य भक्त थे गत बीस वर्षों से बाबाजी कहीं भी जागरण देते लेकिन रात्रि विश्राम बालाजी महाराज के धाम में आकर ही करते थे। मंदिर की मुख्य सभी जागरण जब भी होते बाबाजी अवश्य उस में उपस्थित होकर बालाजी महाराज के भक्ति प्रवाह भजनों से सराबोर होकर भजन कीर्तन करते थे। गो सेवा उनके जीवन का मुख्य उद्देश्य था, सम्पूर्ण जीवन गो सेवा को समर्पित हो कर गो माता के चरणों में और बालाजी महाराज की भक्ति में जीवन व्यतीत किया। सभी सनातन धर्म प्रेमियों को उनके सिखाए हुए मार्ग पर चलकर आदर्श मानकर गो सेवा करनी चाहिए।


## आरोग्य शिविर का लोगों ने उठाया लाभ




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान सरकार के 2 साल पूरे होने के उपलक्ष में चांद बास स्थित न्यामत अब्दुल करीम खिंची राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। भामाशाह अब्दुल करीम खिची ने बताया कि शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर की जांचे की गई और लोगों का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया। इसी प्रकार गर्भवती महिलाओं का चेकअप कर उन्हें उचित चिकित्सकीय राय दी गई। छोटे बच्चों को टीकाकरण किया गया और लोगों को निरोग रहने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

## नगरपालिका की दिख रही लापरवाही नवलगढ़ में वार्ड की सफाई को लेकर दिखी खानापूर्ति



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ में नगरपालिका की ओर से प्रतिदिन होने वाली सफाई में हों रही है चुक। वार्ड नं 38 में पिछले 20 दिनों से ज्यादा से सफाई कार्य नहीं हुआ। केवल मुख्य मार्ग पर खानापूर्ति होती है नज़र आती है। पिछले कुछ दिनों से बढ़ रही सर्दी के मौसम में वार्ड की हर गली में नाली में कचरा जमा पड़ा है वार्डवासी जब पार्षद को फ़ोन करतें हैं और शिकायत के लिए बोलते हैं। तो वो कहते है अभी बोलता हूं फ़ोन करता हूं ठेकेदार को। अब तक नहीं हुई सफाई। नाली में कचरा जमा होने के कारण नजदीकी बसें लोग बीमारी से पीड़ित हो सकतें हैं। क्या इसी प्रकार की व्यवस्था जारी रहेगी या इनमें सुधार का प्रयास करेगी नगरपालिका। फ़ोन करने के बाद ही वार्ड की सफाई करवाई जाती है। पार्षद चुनाव आने पर सभी ठेकेदार जमकर कार्य करते नज़र आते हैं फिर चुनाव खत्म कार्य खत्म। पूरे साल सिर्फ पार्षद के कहने पर ही सफाई होती है। नगरपालिका अधिषाशी अधिकारी से वार्ड वासियों ने अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को धरातल पर भी लाया जाएं। स्वच्छ भारत अभियान और वार्ड की सुचारू रूप से सफाई कराई जाएं।

## एकल नृत्य प्रतियोगिता में छात्रा श्रद्धा सोनी ने बाजी मारी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय हेतमसर में महिला प्रकोष्ठ की ओर से गत 15 से 17 दिसम्बर तक तीन दिवसीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी वन्दना कुमारी ने बताया कि मेहन्दी प्रतियोगिता में बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रूकसार बानों,



एकल गायन प्रतियोगिता में बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा जासमीन , आशु भाषण प्रतियोगिता में बीए पंचम की छात्रा पूजा तंवर, केश सज्जा प्रतियोगिता में बीए तृतीय की छात्रा साक्षी, एकल नृत्य में बीए की छात्रा श्रद्धा सोनी तथा सामूहिक नृत्य में बीए तृतीय की छात्राएं आयुषी कुमावत व दिव्या सोनी प्रथम स्थान पर रही। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ0 सुनिता बेनीवाल एवं समस्त स्टाफ सदस्य और भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

## महिला सफाईकर्मी के साथ गाली-गलोच का आरोप, किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पुलिया चौराहे के पास दैनिक सफाई का कार्य कर रही महिला सफाईकर्मी के साथ अभद्र व्यवहार करने और गालियां निकालने के आरोप लगे हैं। गुलाम नबी नामक व्यक्ति पर गाली गलोच करने के आरोप लगे। घटना के बाद सफाईकर्मियों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने कोतवाली पुलिस थाने पर पहुंचकर प्रदर्शन कर आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। इस दौरान नारेबाजी भी की गई। सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष नथमल चांगरा ने कहा कि घटना के बाद सफाईकर्मियों में काफी आक्रोश है, जल्द से जल्द प्रशासन को



कार्रवाई करनी चाहिए। इस दौरान अजय ढ़ेनवाल, गंगाधर लाखन, पार्षद तरूण सियोता, पार्षद रेंवतमल पंवार, राजेश सुंगत सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इसके बाद सभी लोग डीएसपी दरजाराम बोस के आवास पर पहुंचे, जहां डीएसपी ने समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इसके बाद सभी प्रदर्शनकारी नगरपरिषद कार्यालय पर पहुंचे और कार्यवाहक आयुक्त विक्रम जोरवाल को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाकर कार्यवाही की मांग की। दूसरी ओर इस मामले में सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि आरोपी गुलाम नबी को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सीआई बैगाराम ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच राजीनामा हो गया और पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस कार्यवाही नहीं चाहने के कारण मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।

## किसान उन्नत किस्म के बाजरें की बुवाई करें, जिससे उत्पादन में वृध्दि हो सकेः सहारण

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** कृषि उपज मण्डी में उपनिदेशक कृषि व पदेन परियोजना निदेशक कार्यालय स्थित आत्मा सभागार में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा व पोषण मिशन-पौष्टिक अनाज योजनान्तर्गत बुधवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि किसान



बाजरें की उन्नत किस्मों की बुवाई करें, जिससे अधिक उत्पादन हो सके और बाजरें की एमएसपी बढ़ाने पर चर्चा की गयी, इससे किसानों को बाजरे की फसल का उचित मूल्य मिल सके और बाजरा उत्पादन में वृद्धि हो सके। संयुक्त निदेशक कैलाश चन्द्र ने बताया कि बाजरें में बहुत सारे न्यूट्रेन्ट पाये जाते हैं, जो शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते है। अतः हमें बाजरा किसी न किसी रूप में खाना चाहिये। सहायक निदेशक कुलदीप शर्मा ने बताया कि मोटा अनाज बाजरे को श्रीअन्न नाम दिया गया। उन्होंने किसानों को बाजरें की फसल का क्षेत्रफल एवं उत्पादन बढ़ाने के बारे में जानकारी दी। डॉ. मुकेश शर्मा ने किसानों को बाजरें में लगने वाली व्याधि नियंत्रण के बारे में बताया। एसएमएस (एग्रोनोमी) केवीके सरदारशहर के हरीश कुमार ने बाजरे की उन्नत क्रियाओं के बारे में बताया। वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ. सूरजकरण चौधरी ने बाजरे की फसल में कीट नियंत्रण के बारे में किसानों को जानकारी दी। एआरओ पवन कुमार ने बाजरे में न्यूट्रेंट प्रबंधन की जानकारी दी। कार्यशाला में उद्यान विभाग उपनिदेशक डॉ. धर्मवीर, कृषि सहायक निदेशक संगीता मीणा, कृषि अधिकारी विजय पूरी, कृषि अधिकारी (प्रशिक्षण) डॉ. विपिन भादु, कृषि अधिकारी (फसल) पूनम सहित समस्त सहायक कृषि अधिकारी व कृषि पर्यवेक्षक और चूरू ब्लॉक के प्रगतिशील कृषक व कृषक सखी उपस्थित रहे।

## जेजूसर के अटल सेवा केन्द्र में 'विकास यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सुशासन पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के जेजूसर स्थित अटल सेवा केन्द्र में 'विकास यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक विक्रम सिंह जाखल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रदेश



सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, विगत दो वर्षों में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों तथा विकास यात्रा की उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का प्रत्येक निर्णय आमजन के जीवन को सरल, सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में समर्पित है। विधायक विक्रम जाखल ने विशेष रूप से जेजूसर ग्राम के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि विगत दो वर्षों में जेजूसर में कुल 1 करोड़ 24 लाख रुपये के विकास कार्य संपादित किए गए हैं। इन कार्यों में सड़क, पेयजल, विद्युत, शिक्षा, सार्वजनिक सुविधाओं व ग्रामीण आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। उन्होंने मंच से इन विकास कार्यों का विस्तृत हिसाब आमजन के समक्ष प्रस्तुत किया, जो भाजपा सरकार की पारदर्शी एवं जवाबदेह कार्यशैली का प्रतीक है। इसके साथ ही विधायक विक्रम सिंह जाखल ने आने वाले समय में जेजूसर व आसपास के क्षेत्र में प्रस्तावित विकास कार्यों की रूपरेखा भी रखी और विश्वास दिलाया कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए नई योजनाओं को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव और प्रत्येक परिवार तक विकास की रोशनी पहुंचाना उनका संकल्प है। कार्यक्रम के दौरान जनसंवाद के माध्यम से आमजन की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## पेंशनर समाज ने दिया प्रधानमंत्री और वित मंत्री के नाम ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजस्थान पेंशनर समाज की स्थानीय उप शाखा के अध्यक्ष रेखाराम मेहरड़ा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पेंशनर दिवस मनाया गया। डी एस नाकरा की फोटो पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सुरजाराम डाबरिया पेंशन के इतिहास पर विस्तार से बताते हुए डी





एस नकरा की ओर से उच्चतम न्यायालय में दायर पेंशन संबंधी जनहित पर पांच जजों की संविधान पीठ की ओर से पेंशनर्स के पक्ष में दिए गए निर्णय पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम को आदुराम सेनि तहसीलदार, राधेश्याम लाटा, नरेंद्रसिंह भाटी ने संबोधित किया। रामचंद्र जाट ने केंद्र सरकार की ओर से 8 वें वेतन आयोग में एक जनवरी 2026 से पूर्व के पेंशनर्स में भेदभाव करने के टर्म आफ रेफरेंस के विरोध में दिये जाने वाले ज्ञापन की जानकारी दी। इसके बाद पेंशनर्स की मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी ओम प्रकाश वर्मा को प्रधानमंत्री एवं वित्तमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान पेंशनर मन्नालाल, बजरंग लार्ल, सुखलाल, कुंदनमल, दीपाराम सांडेला, श्यामसुंदर माली, यादवेन्द्र त्रिवेदी, हड़मानाराम, श्यामसुंदर शर्मा, नंदकिशोर टेलर, रामचंद्र गुर्जर, हुकमीचंद भोजक, तिलोकराम दूधवाल, विनोद सोनी, चंद्रभान, हॉकमअली, विमल कुमार मिश्रा, नेमीचंद, हनुमाना राम गुर्जर, श्रवण स्वामी, सुल्तान खा, रामचंद्र, सुरेंद्र पांडे, हुसैन खान, गोपाल सिंह खीचड़, आयुब खान, रजाक खान, दीने खान आदि उपस्थित रहे।

## बैनाथा स्कूल के टेबल और बैंच को लेकर लोग जता रहे भ्रष्टाचार का अंदेशा

जयपुर टाइम्स

सुजानगढ़ (नि.सं.)। शहर के शोसल मीडिया पर इन दिनों बैनाथा स्कूल में हाल ही में विधायक कोटे से प्रदान किए गए बैंच और टेंबलें छाए हुए हैं। दरअसल सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल के कोटे से 9 लाख 99 हजार 460 रू. की लागत से 100 टेबल और बैंच बैनाथा के स्कूल में बनवाये गये थे। जिन पर कुल 200 विद्यार्थी बैठकर अध्ययन कर सकेंगे। जब यह फर्नीचर स्कूल में प्रदान किया गया, तो उस वक्त कार्य के नाम, लागत आदि से सम्बंधित पोस्टर लगाया गया, जो अब फेसबुक, एक्स पर वायरल है। दरअसल हाल ही में भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय विधायकों के रिश्वत कांड सामने आने के बाद इस फर्नीचर के पोस्टर को लेकर लोग तरह-तरह की शंकाएं जाहिर करते हुए भ्रष्टाचार का अंदेशा जता रहे हैं। शोसल मीडिया पर नजर डालें, तो पता चलता है कि एक टेबल और बैंच का खर्चा 9 हजार 994 रूपए का किया गया, उसको लेकर विवाद पैदा किया जा रहा है। यूजर्स का मानना है कि ऐसी टेबल और बैंच का खर्चा 4-5 हजार तक ही बैठता है, तो फिर प्रति जोड़े पर करीब 10 हजार क्यों खर्च किए गए। क्या ईमानदार बनने वाली कांग्रेस इस मामले की जांच की मांग करेगी या फिर सब कुछ चुपचाप चलता




रहेगा। दूसरी ओर इस मामले में जनहित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल ने कहा है कि विधायक और सरकार दोनों ईमानदार हैं, इसलिए मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाकर दूध का दूध और पानी का पानी करवाना चाहिए। अगर कार्यकारी एजेंसी ने रेट से ज्यादा बिल उठाया है, तो जनता के मेहनत की कमाई रिकवर की जानी चाहिए। फिलहाल सोशल मीडिया पर इन टेबल और बैंच को लेकर बार-बार भ्रष्टाचार की आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं।

## मण्डावा विधानसभा क्षेत्र में सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर पहुंचा विकास रथ

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** पिछले दो वर्षों में सुशासन, पारदर्शिता, जनकल्याण और समग्र विकास के नए मानक स्थापित करते हुए हमारी सरकार ने 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को साकार रूप देने के लिए अनेक ऐतिहासिक व दूरदृष्टिपूर्ण निर्णय लिए हैं। यह विचार मण्डावा विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक सुभाष पूनिया ने चुडैला पंचायत में जनता को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस दौरान पूर्व सांसद नरेन्द्र खिचड ने बताया कि सरकार की विकासकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए, उन्हें सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है आगामी वर्षों में भी सर्वांगीण विकास, जन-आकांक्षाओं की पूर्ति और समृद्ध व सशक्त राजस्थान के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता इसी दृढ़ता और



प्रतिबद्धता के साथ निरंतर आगे बढ़ती रहेगी। इस दौरान राजेन्द्र ठेकेदार, रथ प्रमुख देशराज, मुकेश दुत, पवन भालोठिया, दुर्गाराम तिलोटिया, हिमांशु जांगिड़, कमलेश आदि ग्रामीण मौजूद रहें। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर खुशी जाहिर करते हुए जनप्रतिनिधियों व सरकारी रथ का स्वागत किया।

## मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री 24 दिसंबर को मंडावा आएंगे

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व डिप्टी सीएम दिया कुमारी 24 दिसंबर को मंडावा आएंगे। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री दौरे को लेकर बुधवार को जिला कलेक्टर डॉक्टर अरुण गर्ग व पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय मंडावा आए। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यक्रम स्थल मंडावा गढ़ पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम के अलावा मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं से भी संवाद



करेंगे।अधिकारियों ने तेतरा गांव में बनने वाले हेलीपैड स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान ठाकुर अंगद देव सिंह, एसडीएम मुनेश कुमारी, संजय चोपदार, महिपाल सिंह तोलियासर, गिरवर सिंह चूड़ी सहित अन्य मौजूद रहे।

## जनसंपर्क रथ पहुंचा ग्राम बिरमी, पिलानी, टांई भीखनसर व महनसर

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक 2 वर्ष पूर्ण होने पर 15 दिवसीय सुशासन पखवाड़े के चौथे दिन बुधवार को ग्राम पंचायत भीखनसर मे जनसंपर्क विकास रथ पहुंचा। विकास रथ के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षनी कुल्हरी ने जनसंपर्क रथ के साथ उपस्थित रहकर राज्य सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों से अवगत कराया। पूर्व सांसद ने बताया कि यशस्वी मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार का संकल्प है कि अंतिम पंक्ति मे खडे व्यक्ति तक उपलब्धिया व जनकल्याणकारी योजनाओ



का लाभ पहुँचे और प्रदेश का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो प्रदेश मे विकास और सुशासन के नए नए आयाम स्थापित किए गए है। जिसकी महत्वपूर्ण जानकारी ग्रामीणों को साझा की गई। इस अवसर पर संकल्प लिया गया कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा मंडावा विधानसभा के लोगों को समयब्ध व प्रभावी रूप से पहुंच सके। भीखनसर में ग्रामीण महिलाओ ने जिला अध्यक्ष हर्षनी कुल्हरी को 51 किलो की माला पहनाकर व लड्डूओ से तोल कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़,जिला प्रमुख व जिला अध्यक्ष हर्षनी कुल्हरी, महावीर ढाका जिला महामंत्री, राहुल कुमासिया, जगमेंद्र धायल टांई ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन धौलपुरिया, बिसाऊ मंडल अध्यक्ष कमल धायल टांई, पूर्व सरपंच सुनीता धायल, मनपाल धायल, मोहनलाल धायल, शिवराम धायल, भादरमल धायल, इंद्राज धायल, गुलझारी धायल, रामचंद्र धायल, लिछमण नायक, झाबर मल मेघवाल , लक्ष्मण प्रजापत, महावीर प्रजापत, कन्हैलाल लाल, युवा नेता अमित रेवाड़, बजरंगलाल, रामेश्वर लाल , विद्याधर धायल, भंवरलाल गावड़ियां, तेजपाल खोथ, दूरजाराम, भंवर लाल राहड़, भंवर लाल धांगड़, बनवारी, बीरबल, जयसिंह जाखड़, मंगतूराम चाहर, गुलझारी लाल कप्तान, गुगन जाखड़, विकास धायल , रेखसिंह धायल, सुरेश हरिजन सुरेश नायक, जयसिंह जांगिड़, इंद्राज धायल , सुभाष रेवाड़, शिव कुमार धायल, रामलाल जांगिड़, विक्रम धायल, विजय धायल सहित ग्राम पंचायत भिखनसर के कई लोग मौजूद रहे। मंच का संचालन कपलेश शर्मा ने किया।

## श्रीराम कथा का आयोजन कल से



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** अवधेशानंदजी मिशन प्रभु प्रेमी संघ चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सालासर के अंजनी माता मंदिर के पास लक्ष्मणगढ़ बाईपास पर चमेली देवी अग्रवाल मांगलिक सभागार के पीछे 19 से 25 दिसम्बर तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा में जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज 151 रामचरितमानस पाठ के साथ कथा का वाचन करेंगे। बुधवार को कथा के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान संघ के महेन्द्र लाहौरिया बताया कि कथा में देश भर से महाराज के अनुयायी सालासर पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि प्रभु प्रेमी संघ के पदाधिकारी और समर्पित कार्यकर्ता जोर शोर से कथा की तैयारियों में लगे हैं। हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष सत्यप्रकाश पुजारी ने बताया कि कथा को देखते हुए सफाई, सुरक्षा, ट्रैफिक और पार्किंग की समुचित व्यवस्था के लिए प्रशासन की ओर से तैयारियां चल रही है। श्रीकिशन पुजारी ने बताया कि कथा में आने वाले सभी लोगों के लिए खाने की व्यवस्था संघ की ओर से रहेगी। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में सुशील बेरीवाला, विनोद भुटन, सोनीराम, नीरज, अरविन्द पुजारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को गर्म वस्त्र वितरित



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय मे बुधवार को श्री हनुमान सेवा समिति सालासर के सौजन्य से विद्यार्थियो को गर्म वस्त्र वितरण किए। प्रधानाचार्य सीताराम कुलदीप ने बताया कि संतोष पुजारी की पुण्यतिथि पर इनके पुत्र हिमांशु पुजारी ने विद्यालय के बच्चो को गर्म कोट व स्वेटर वितरण की। इस दौरान हनुमान सेवा समिति पूर्व अध्यक्ष यशोदानन्दन पुजारी, पूर्व उपाध्यक्ष मनोज पुजारी, हीरालाल पुजारी, पियूष पुजारी, आशीष पुजारी, बजंरग, ब्रदी सिंह, विजयपाल, सम्पत, विनोद स्वामी, मधुसूदन पांडे, पूनम, सुनिल, प्रियंका, कौशल्या, बिरबल सहित अनेक उपस्थित रहे।

## डाबला में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम डाबला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में छः न्याति ब्राह्मण महासभा जिला महिला इकाई की ओर से बुधवार को कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं को सर्दी को मध्य नजर रखते हुए स्वेटर वितरित किए गए। व्याख्याता सोमेश शर्मा ने बताया कि जगदीश शर्मा की प्रेरणा से छः न्याति ब्राह्मण महिला इकाई की जिलाध्यक्ष दीपिका शर्मा, संरक्षक आनंद बाला दुबे, उपाध्यक्ष ममता जोशी, कोषाध्यक्ष सरिता इंदौरिया, प्रीति दाधीच, मंगलदत प्रजापत के आतिथ्य में स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य हंसा शर्मा ने की। दीपिका शर्मा ने छः न्याति ब्राह्मण महासभा की ओर से किए जा रहे सेवा कार्य की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य शर्मा ने महासभा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दलीप मीणा, राजेंद्र शर्मा, सुरेश फगेड़िया, विनोद कुमार, सुमित्रा जांगिड़, शारदा गुर्जर, निर्मला प्रजापत, लाजवंती मुद्गल, संतोष रणवां, मंजू, परमेश्वर लाल ने आयोजकीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के प्रदेश उपाध्यक्ष भंवरलाल कस्वां ने किया।


### नाम परिवर्तन

मेरा नाम सरवन लाल है, लेकिन मेरी पुत्री मीनाक्षी चौधरी के आधार कार्ड में मेरा नाम श्रवण कुमार है। यह कि श्रवण कुमार और सरवन लाल एक ही है। भविष्य में मुझे सरवन लाल के नाम से ही जाना, पहचाना जावे। सरवन लाल पुत्र लिछमन राम, ग्राम मलसीसर, तहसील सुजानगढ़ (चूरू)

### नाम परिवर्तन

मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम RAM NIWAS, जन्म तिथि 12- 05-1987 अंकित है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम RAM NIWAS DHETARWAL , जन्मतिथि 20-05-1987 है, जो सही है। अब पासपोर्ट में मेरा नाम, जन्मतिथि सही करवाना चाहता हूं। राम निवास धेतरवाल पुत्र लिछमण राम, ग्राम मलसीसर, तहसील सुजानगढ़ (चूरू)

### कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :–न.प.सु/विकास शाखा/2025/9404 दिनांक :– 15.12.2025

**निविदा सूचना–2025**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यो के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 23.12.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 23.12.2025 को दोपहर 1:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक– **(DLB2526WSOB27333), (DLB2526WSOB27335), (DLB2526WSOB27336), (DLB2526WSOB27337)** कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ

राज.संवाद/सी/25/15996

### कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :–न.प.सु/विकास शाखा/2025/9280 दिनांक :– 11.12.2025

**:–ई–निविदा सूचना–2025–26:–**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यो के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा दिनांक 22.12.2025 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक **(DLB2526WSOB26910), (DLB2526WSOB26911), (DLB2526WSOB26913), (DLB2526WSOB26914)** है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ

राज.संवाद/सी/25/15979


राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ पर विशेष'

# डिजिटल गवर्नेंस से बदली तस्वीर, प्रदेश के राजस्व में वृद्धि

### पिछले साल की तुलना में 14 हजार 200 करोड़ रुपये अधिक राजस्व अर्जित

जयपुर टाइम्स

**चूरू/जयपुर** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया और गुड गवर्नेंस के संकल्प को साकार करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार ने राजस्व सुधार और वृद्धि के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। डिजिटलाइजेशन और तकनीक के प्रयोग से जीएसटी, स्टाम्प, पंजीकरण, आबकारी, खनन, ऊर्जा तथा परिवहन जैसे क्षेत्रों में पारदर्शिता आई है। सरकार के नियमों एवं आदेशों की पालना सुनिश्चित हुई है तथा फर्जी बिलिंग और अवैध खनन जैसी गतिविधियों पर रोक लगी है। इससे राजस्व संग्रह दक्षता बढ़ी है तथा प्रदेश की वित्तीय क्षमता में वृद्धि हुई है। राज्य सरकार की ओर से निरंतर प्रयास कर टैक्स और नॉन टैक्स श्रेणियों में संरचनात्मक सुधारों को अमल में लाया गया, डिजिटल मॉनिटरिंग सुनिश्चित की गई तथा डेटा के आधार पर कार्य योजनाएं बनाई गई। इसी का परिणाम है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य के कुल राजस्व में पिछले वर्ष की तुलना में 12.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

2 साल
नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान

### पिछले वर्ष की तुलना में मिला 14 हजार 200 करोड़ रुपये अधिक राजस्वः

राज्य सरकार ने टैक्स एवं नॉन-टैक्स दोनों श्रेणियों में व्यापक सुधार करते हुए डिजिटल निगरानी और डेटा एनालिटिक्स का प्रभावी उपयोग किया है। इसके साथ ही फर्जी बिलिंग, अवैध खनन तथा अन्य राजस्व लीकेज गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण स्थापित किया गया है। इन प्रयासों से राजस्थान के राजस्व संग्रह में निरंतर और मजबूत वृद्धि संभव हुई है। प्रदेश को पिछले वर्ष की तुलना में 14 हजार 200 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है।

### जीएसटी व वाणिज्यिक कर सुधार-डेटा ड्रिवन रिपोर्ट से रूकी कर चोरीः

विभाग की ओर से रेवेन्यू इंटेलीजेंस आधारित विश्लेषण को सुदृढ़ कर 45 से अधिक डेटा ड्रिवन रिपोर्ट्स तैयार की गई, जिनसे फर्जी बिलिंग की पहचान संभव हुई और इस पर प्रभावी रोक लगी। इसके अतिरिक्त ई-वे बिल मिलान, रिटर्न प्रोफाइलिंग तथा आधुनिक आईटी टूल्स के माध्यम से हाई रिस्क करदाताओं की निगरानी कर आवश्यक कार्रवाई की गई। आईटी आधारित निगरानी से संदिग्ध एवं फर्जी पंजीकरणों की पहचान कर उन्हें निरस्त करने की कार्रवाई भी की गई, जिससे कर प्रणाली अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनी है। राज्य सरकार की ओर से आईटीएमएस जैसे नवाचारों के माध्यम से व्यापारियों के लिए फाइलिंग प्रक्रिया को सरल और सहज बनाया गया है। इससे व्यापारियों की ओर से राजस्व नियमों की अनुपालना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### ई-लॉटरी से शराब की दुकानों का आवंटन-सप्लाई चेन की डिजिटल मॉनिटरिंगः

पिछले दो वर्षों में आबकारी विभाग की ओर से अवैध शराब निर्माण, परिवहन और बिक्री पर नियंत्रण के लिए इंटेलिजेंस आधारित सघन अभियान चलाए गए हैं। इन कार्रवाईयों के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध शराब की जब्ती और अवैध भट्टियां को नष्ट कर तस्कर गिरोहों पर कठोर कार्रवाई की गई, जिससे राजस्व लीकेज को प्रभावी रूप से रोका गया। राज्य सरकार की ओर से तकनीकी सुधारों को अपनाते हुए ई-एक्साइज प्रणाली, क्यूआर आधारित ट्रैकिंग, डिजिटल परमिट सिस्टम और एंड-टू-एंड सप्लाई चेन मॉनिटरिंग को लागू किया। विभाग की ओर से इन तकनीकी सुधारों से आबकारी व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी और अनुपालन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसके अलावा शराब दुकानों के आवंटन में मानवीय हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार की संभावनाओं को खत्म करते हुए ई-लॉटरी प्रणाली को अपनाया गया है। इससे लाइसेंसिंग प्रक्रिया अधिक निष्पक्ष और पारदर्शी बनी है।

### 20 हजार 599 करोड़ रुपये से अधिक राजस्व प्राप्तः

राज्य में स्टांप व पंजीकरण में डिजिटल सुधारों के प्रत्यक्ष सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। ई-पंजीयन, ई-ग्रास, राज स्टाम्प और 181 हेल्पडेस्क जैसी ऑनलाइन प्रणालियों के माध्यम से रजिस्ट्री प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और सरल बनाया गया है। इससे नागरिकों के समय और लागत दोनों की बचत हुई है। गत दो वर्षों में विभाग की ओर से 50 लाख से अधिक दस्तावेजों का पंजीकरण किया गया है, जिससे 20 हजार 599 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ।

### एमनेस्टी योजनाओं और रियायतों से उद्योगों और आमजन को मिली राहतः

राज्य सरकार की ओर से सड़क की चौड़ाई और वास्तविक निर्माण लागत के आधार पर डीएलसी दरों को न्यायसंगत बनाया गया है। इसके साथ ही परिवार में संपत्ति हस्तांतरण, महिलाओं के नाम संयुक्त रजिस्ट्री, छोटे फ्लैटों की खरीद, टीडीआर और डेब्ट असाइनमेंट पर स्टांप ड्यूटी में भी महत्वपूर्ण रियायतें प्रदान की गई हैं। इसके अलावा भूमि कर और स्टांप ड्यूटी से जुड़े पुराने विवादों के समाधान के लिए विभिन्न एमनेस्टी योजनाएं लागू की गई। जिससे उद्योगों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में 10 मिनी सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों को मॉडल ऑफिस के रूप में विकसित किया गया है। शेष 106 कार्यालयों को भी इसी श्रेणी में लाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस व भाजपा सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर कामधेनु गो चिकित्सालय में गौ सेवा कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स




**सीकर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जन्मदिवस एवं भारतीय जनता पार्टी सरकार के सफल 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल, सीकर द्वारा नानी चौराहा स्थित कामधेनु गो चिकित्सालय में गौ सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गौमाताओं की सेवा, उपचार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। मंडल अध्यक्ष श्री प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि आयोजन के दौरान गौमाताओं को गुड़ एवं चारा खिलाया गया तथा चिकित्सालय में आवश्यक दवाइयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। उन्होंने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा है और सामाजिक सरोकार के रूप में ऐसे कार्यक्रम जनभागीदारी को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम के दौरान मंडल महामंत्री श्री महावीर प्रसाद सेन ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर गो चिकित्सालय को आवश्यक दवाइयां भेंट कर सेवा का संदेश दिया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने गो चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और पशुओं के स्वास्थ्य व देखभाल के लिए नियमित सहयोग का संकल्प भी व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रस्तावित 'विकास रथ यात्रा' के स्वागत व आयोजन की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई।कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़ सहित नेमीचंद कुमावत, राजेश रोलन, प्रहलाद अग्रवाल, महेश खोखर, भंवरी खोखर, गोकुल प्रसाद माथुर, संदीप खीचड़, कपिल बियानी, रिदम अग्रवाल, सपना जैन, कुमकुम माथुर, मनोज माथुर, तेजपाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि आगे भी जनसेवा और सामाजिक कार्यों की श्रृंखला जारी रखी जाएगी।

## संत रतिनाथजी की पुण्यतिथि पर भंडारा आज

जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** संत रतिनाथजी महाराज की पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। 19 दिसंबर को शेखावाटी के प्रसिद्ध संत बऊ धाम के संत रहे श्री रतिनाथजी महाराज की पुण्यतिथि पर रात्रि को जागरण का आयोजन किया जायेगा और उसके बाद भंडारे का आयोजन होगा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे साथ ही अलग अलग जगहों से हजारों श्रद्धालु भी पहुंचेंगे।

## पांच घण्टे विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा स्थित 132 केवी जीएसएस झुंझुनूं लाइन के रखरखाव व मारम्मत कार्य के कारण गुरूवार को सुबह दस से अपरान्ह तीन बजे तक 132 केवी जीएसएस मण्डावा की विद्युत बंद रहेगी। इस कारण से नूआं, मुकुन्दगढ़, सदीनसर, मण्डावा, हेतमसर, पीएचईड़ी आदि जीएसएस की विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी। यह जानकारी मण्डावा स्थित विद्युत निगम के कनिष्ठ अभियन्ता अजय जांगिड़ने दी।

## श्रमदान के बाद दी यातायात नियमों की जानकारी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय जीएचएस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत स्वच्छता अभियान से की गई। जिसके तहत स्वयंसेवकों की ओर से संपूर्ण महाविद्यालय परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान परिसर में उगे खरपतवार हटाए गए, परिसर की साफ-सफाई की गई, दीवारों व छतों पर लगे जालों को हटाया गया और पौधों में पानी डालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके पश्चात सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम व द्वितीय इकाई अधिकारी हरिलाल जांगिड़, दिव्या जांगिड़, स्टाफ सदस्य अर्चना रांकावत, अनुप्रिया व पिंटू कुमारी सहित स्वयंसेवक सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व सड़क सुरक्षा जैसे सामाजिक सरोकारों के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

## प्रवीण ने पिर्यसन पीटीई परीक्षा पास की

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय लुहारागाड़ा स्थित सीताराम कॉलोनी में रहने वाले 19 वर्षीय प्रवीण प्रजापत ने पिर्यसन पीटीई एकेडमिक परीक्षा पास की है। उनका ऑवरऑल स्कोर 59 रहा। ये परीक्षा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अंग्रेजी भाषा दक्षता को परखने के लिए आयोजित की जाती है, जो विदेश में उच्च शिक्षा, वर्क वीजा और माइग्रेशन के लिए मान्य है। अशोक कुमार प्रजापत व प्रमीला प्रजापत के पुत्र प्रवीण ने हिंदी मीडियम में रहते हुए ये सफलता हासिल की है। प्रवीण की सफलता पर समाज के लोगों ने खुशी जताई, वहीं सफलता का श्रेय शिक्षक अंकित भारद्वाज को दिया।

## भामाशाह पाबुदान सिंह चौहान ने मुक्तिधाम में करवाए विकास कार्य

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** तहसील के गांव नोसरिया स्थित श्री शिव मुक्तिधाम मे



नवनिर्मित लकड़ी स्टोर, पीपल गट्टा व चुग्गा घर का बुधवार को लोकार्पण हुआ। गांव नोसरिया निवासी भामाशाह पाबुदान सिंह चौहान की ओर से सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए माताजी सज्जन कँवर व पिताजी स्व सोहन सिंह चौहान की स्मृति मे लगभग 2.50 लाख रूपये की लागत से मुक्तिधाम मे लकड़ी के रखरखाव के लिए लकड़ी स्टोर, मूक पक्षियों के लिए चुग्गा घर व पीपल गट्टे का निर्माण करवाया है। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासियो ने भामाशाह पाबुदान सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुक्तिधाम में आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाकर सुदृढ बनाने में भामाशाहों की ओर से किया गया योगदान प्रेरणादायी व अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर दुर्गाराम राजपुरोहित, कुंदनमल नाई, पूर्णसिंह राजपुरोहित, भीकमचंद राजपुरोहित, कुंभाराम राजपुरोहित, अर्जुन सिंह चौहान, सत्यनारायण सुथार, भैरूसिंह चौहान, कानसिंह चौहान, नारायण नाई, आसाराम नाई, सवाई सिंह सांखला, गोविन्द प्रसाद नाई, बनवारी लाल नाई सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सांवरमल सुशील देवी सुथार महाविद्यालय में नशा मुक्ति व भारतीय ज्ञान परंपरा पर कार्यशाला

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** कस्बे के सांवरमल सुशीला देवी सुथार महाविद्यालय में बुधवार को 'नई किरण' नशा मुक्ति केंद्र व भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में 'नशा युवा पीढ़ी पर खतरा' तथा 'भारतीय ज्ञान दर्शन व ज्योतिष शास्त्र' विषय पर कार्यशाला व व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी.पी. सिगड़ ने की। मुख्य वक्ता 'नया मोड़ बीदासर मंडल' स्वयंसेवी संस्था की प्रभारी गरिमा बोथरा रहीं। उन्होंने कहा कि नशा न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन को भी बर्बाद कर देता है। युवाओं को जागरूक रहकर नशे से दूर रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ. सिगड़ ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में नशे के साथ-साथ मोबाइल फोन भी युवाओं के लिए नशे का रूप ले चुका है, जिससे पढ़ाई व व्यक्तित्व विकास प्रभावित हो रहा है। भारतीय ज्ञान दर्शन व ज्योतिष शास्त्र विषय पर पवन जांगिड ने व्याख्यान देते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा की वैज्ञानिकता, जीवन उपयोगिता व सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. मंजू, ध्रुव, प्रिंसी जोशी, राहुल पिलानिया, रीतू कुंवर, मूलाराम मेघवाल सहित महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे। मंच संचालन पवन जांगिड ने किया। अंत में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत सखा-सखी समूह को किट वितरित की गई।

## सफल वार्ता के बाद सहकारी समिति उपकेंद्र में मूंगफली की तुलाई पुनः शुरू



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के श्रीडूंगरगढ़ रोड स्थित सहकारी समिति के उपकेंद्र में बुधवार को पांच दिनों के ठहराव के बाद मूंगफली की तुलाई फिर से शुरू हो गई। किसानों और तुलाई ठेकेदार के बीच हुए विवाद का समाधान सफल वार्ता के बाद किया गया। किसान मनफूल जाट और नरतप सिंह ने बताया कि पांच दिन पहले मूंगफली की तुलाई को लेकर ठेकेदार और किसानों के बीच विवाद हो गया था, जिसके चलते तुलाई कार्य पूरी तरह से ठप हो गया था। बुधवार को समिति प्रशासन की मौजूदगी में हुई बातचीत के बाद सहमति बनी और तुलाई दोबारा शुरू की गई। सहकारी समिति के मुख्य व्यवस्थापक रामसिंह ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी टोकनधारी किसानों की मूंगफली गुणवत्ता के अनुसार तौली जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि तुलाई के नाम पर यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से पैसे की मांग करता है तो किसान सीधे उन्हें सूचित करें, ताकि संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर मनसुख जाट, नरपत सिंह, रामकरण प्रजापत, भगवान सिंह, हरिराम सुथार, रामनिवास डूडी, सोहनलाल खेरिया, जादूराम सहारण, रतन सिंह सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

## बीदासर में वरिष्ठ पेंशनरों का सम्मान, भवन के लिए भूमि दान की घोषणा

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** कस्बे की शिवाजी स्कूल में राजस्थान पेंशनर समाज की ओर से पेंशनर दिवस मनाया गया। तहसील अध्यक्ष फूसराज गौड़ की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनरों का सम्मान किया गया। रामस्वरूप रक्षक की ओर से घासीराम पारीक, देवी दत्त पाण्डेय, अमीचंद सारण, चम्मपालाल वर्मा सहित अन्य पेंशनरों को सम्मानित किया गया। साथ ही इस माह जन्मदिवस मनाने वाले पेंशनर रामस्वरूप रक्षक व लक्ष्मीनारायण का मुंह मीठा कराकर बधाई दी गई।
वरिष्ठतम पेंशनर घासीराम पारिक ने ज्ञानवर्धक गीत प्रस्तुत किया। रामस्वरूप रक्षक ने योगाभ्यास कराते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। बैठक में पेंशनर समाज के लिए भवन निर्माण हेतु भूमि क्रय के लिए अंशदान एकत्र करने पर जोर दिया गया। इस संबंध में मंत्री रामनारायण पूनिया ने भी अपने विचार रखते हुए सभी पेंशनरों से गंभीरता से विचार करने का आह्वान किया। इससे प्रभावित होकर पेंशनर जगदीश प्रसाद सोनी (सेवानिवृत्त अध्यापक) के सुपुत्र रूपचंद सोनी ने दुंकर रोड पर पेंशनर समाज के भवन निर्माण हेतु लगभग एक हजार गज भूमि दान देने की घोषणा की। इस घोषणा से सभी पेंशनरों में खुशी की लहर दौड़ गई और उपस्थितजनों ने तालियों से स्वागत किया। बैठक में सांवरमल शर्मा, केवल राम प्रजापत, हुलासाराम बावरी, रवीन्द्र शर्मा, भीकमचंद लखारा, मालाराम गुर्जर, सीताराम नाई, पोकरमल दर्जी सहित अनेक पेंशनर उपस्थित रहे।